मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.0 | 13.4 |
| जमशेदपुर | 26.3 | 14.6 |
| डालटनगंज | 26.6 | 10.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *



पेज 15


www.lagatar.in | शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023 ● पौष कृष्णपक्ष 03 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 251 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND

जोहार

अबुआ आवास
किसान पाठशाला मुख्यमंत्री रोजगार सृजन
कृषि ऋण माफी बिरसा हरित ग्राम
सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि
ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण
सोना सोबरन धोती साड़ी
साइकिल वितरण
सरना आदिवासी धर्म कोड
100 यूनिट मुफ्त बिजली
बिरसा सिंचाई कूप
JSSC नियुक्तियां
JPSC नियुक्तियां
मुख्यमंत्री पशुधन
प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति
गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड
1932 खतियान
ओबीसी-27%, एसटी-28%, एससी-12% आरक्षण
मरङ गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति
हरा राशन कार्ड
आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार
फूलो झानो आशीर्वाद
अबुआ बीर अबुआ दिशोम
महिला सशक्तिकरण
CM उत्कृष्ट विद्यालय
निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण
सर्वजन पेंशन
मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी

## 4 वर्ष

## युवा झारखण्ड के बढ़ते कदम...

**कार्यक्रम**

दिनांक : 29 दिसंबर, 2023
समय : अपराह्न 1 बजे से
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

▼ ब्रीफ खबरें

## राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में सरकार के चार साल पूरे होने के अवसर में 29 दिसंबर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजित है. राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने कार्यक्रम स्थल पहुंच कर तमाम तैयारियों का जायजा लिया. इस दौरान लोग इस भव्य कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे, उन्हें कार्यक्रम देखने में कोई असुविधा ना हो, उसके लिए कार्यक्रम स्थल पर जगह-जगह कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट, के लिए अतरिक्त एलईडी की व्यवस्था रखनी होगी.

## सांप्रदायिक भाषण के खिलाफ प्राथमिकी हो

**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा ने राज्य प्रशासन को पत्र लिखकर हिंदू जागरण मंच द्वारा 25 दिसंबर को रांची में आयोजित कार्यक्रम में दिए गए सांप्रदायिक भाषण के विरुद्ध प्राथमिकी दजर्ज करने की मांग की है. गुरुवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि 25 दिसंबर को हिंदू जागरण मंच द्वारा रांची में 'तुलसी पूजन सह स्नेह मिलन समारोह' कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इसमें भाजपा विधायकों व वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में इस संगठन के सदस्य सुमन कुमार द्वारा सांप्रदायिक भाषण दिया गया है. भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है.

## प्रीति को ईडी ने भेजा समन, तीन को बुलावा

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रीति कुमार को समन जारी किया है. ईडी ने समन जारी करते हुए प्रीति कुमार को तीन जनवरी 2024 को पूछताछ के लिए ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है. बता दें कि बीते पांच दिसंबर को ईडी ने बर्लिन अस्पताल में सर्वे किया था. ईडी के अधिकारियों ने बर्लिन अस्पताल की जमीन की मापी भी की थी.

## रौनियार वैश्य प्रगतिशील मंच का वनभोज 31 को

**रांची।** रौनियार वैश्य प्रगतिशील मंच द्वारा 31 दिसंबर को जगन्नाथ मंदिर के समीप वनभोज का आयोजन किया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष गोरी शंकर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस वनभोज में बड़ी संख्या सदस्य उपस्थित होंगे, जो रौनिया समाज के कल्यानार्थ विषयों पर चिंतन मंथन और कार्यान्वयन की दिशा निर्धारित करेंगे. रौनियार वैश्य प्रगतिशील मंच के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि वनभोज की तैयारी शुरू कर दी गयी है. हर साल की तरह इस बार भी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी पदधारी लगे हुए हैं.

## सेंगेल अभियान का मशाल जुलूस आज

**रांची।** देश में सरना कोड लागू कराने की मांग को लेकर सेंगेल अभियान ने 30 दिसंबर को भारत बंद रेल- रोड चक्का जाम करने की घोषणा की है. इसे लेकर रांची के आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार शाम 3 बजे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा, ताकि भारत बंद को सफल बनाया जा सके.

# भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र

## पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा - सरकार काम में नहीं, कमाने में मस्त

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड बीजेपी ने गुरुवार को हेमंत सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 23 साल में 13 साल यानी 4764 दिनों तक बीजेपी ने शासन किया. वहीं 10 साल यानी 3625 दिनों तक यूपीए गठबंधन ने शासन किया. इसके बावजूद सीएम हेमंत सोरेन चार साल छोड़ कर बीजेपी पर ही ठीकरा फोड़ रहे हैं. आज पूरे देश में झारखंड के भ्रष्टाचार की ही चर्चा हो रही है. चार साल में हेमंत सरकार ने सिर्फ अवैध काम ही किया. बिना ऑक्शन के बालू, पत्थर कोयला का अवैध उठाव हुआ. ब्लॉक, अंचल और थाना में बिना पैसा के काम नहीं होता.

**भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है सरकार :** बाबूलाल ने कहा कि सीएम भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैं. ईडी ने सीएम को छह नोटिस भेजा, अगर गड़बड़ नहीं किए होते तो सीना तान कर चले जाते. सीएम खुद भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैं.

### खास बातें

- धनबाद में उद्यमियों को धमकाया जा रहा है
- हेमंत चार साल छोड़ बीजेपी पर ही ठीकरा फोड़ रहे हैं

राज्य में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है. धनबाद में छोटे-छोटे उद्यमियों को धमकाया जा रहा है. डर से पुलिस को भी मैसेज नहीं दिखा पा रहे हैं. उग्रवाद फिर से पनप रहा है. धर्मांतरण के मामले भी सामने आ रहे हैं. हेमंत सरकार की प्राथमिकता सिर्फ पैसा कमाना है.

**केंद्र के योगदान को गिनाया :** बाबूलाल ने केंद्र द्वारा दिए गए योगदान को भी गिनाया. बताया कि महिला बाल विकास के लिए 1200 करोड़, कृषि के लिए 350 करोड़, ग्रामीण विकास के लिए 3900 करोड़, मनरेगा में 2280 करोड़, पेयजल में 1000 करोड़ का केंद्र ने योगदान दिया है.




### केंद्र की उपेक्षा का आरोप गलत

बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा केंद्र की उपेक्षा करने का आरोप गलत है. उज्ज्वला योजना के तहत झारखंड के 35 लाख 27 हजार 135 लोग को लाभ हुआ. पीएम आवास ग्रामीण योजना के तहत 13 लाख 84 हजार लोगों को लाभ मिला. जबकि शहरी योजना के तहत दो लाख 34 हजार लोगों को लाभ हुआ. जनधन खाता के तहत एक करोड़ 63 लाख लोगों को लाभ मिला. गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत दो करोड़ 60 लाख लोगों को लाभ मिला. स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्र ने झारखंड को 1995 करोड़ से अधिक का योगदान दिया. झारखंड में वित्तीय कुप्रबंधन भी रहा. सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार अक्तूबर 2023 तक 37 फीसदी ही राशि खर्च की गई.

### हेमंत सरकार की गिनाई नाकामियां

- पांच लाख नौकरी देने में विफल रही हेमंत सरकार
- चार साल में एक ही जेपीएससी की परीक्षा हुई
- राज्य में 90 हजार शिक्षकों के पद रिक्त
- झारखंड में निबंधित बेरोजगार हैं 727300
- हेमंत सरकार की योजनाओं में चूल्हा खर्च का अता-पता नहीं
- महिला बैंक की स्थापना नहीं
- दुष्कर्म के 8000 मामले का निर्धारित समय पर पूरा नहीं
- कैबिनेट द्वारा मंजूरी के बाद भी पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन नहीं

# 10 जिलों में एसपी आवास, थाना, डीएसपी ऑफिस, टीओपी का होगा निर्माण

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के 10 जिले में एसपी आवास, डीएसपी ऑफिस, थाना, टीओपी समेत कई भवनों का निर्माण व मरम्मत कार्य होगा. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा झारखंड पुलिस को 22.50 करोड़ रुपया आवंटित किया गया है. यह निर्माण कार्य झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा कराया जाएगा.

### जानें किस जिले में कितनी लागत से होगा निर्माण कार्य

- डीएसपी क्वार्टर साहिबगंज : 1.05 करोड़
- जैप 9 में बाउंड्री का निर्माण : 1.17 करोड़
- जैप 9 में वॉच टावर का निर्माण : 1.03 करोड़.
- वाटर टैंक खूंटी पुलिस लाइन : 91.35 लाख
- रांची के नामकुम के लोवाडीह टीओपी का निर्माण : 78.12 लाख
- स्मार्ट ओपी कांके का नगड़ी में निर्माण : 89.26 लाख
- महिला बैरक का निर्माण पुलिस लाइन रांची : 75.96 लाख
- महिला बैरक का निर्माण पुलिस लाइन दुमका : 72.22 लाख.
- दुमका में एससी-एसटी थाना का निर्माण : 1.32 करोड़
- गुमला में डीएसपी ऑफिस निर्माण : 78.89 लाख
- गुमला में इंस्पेक्टर ऑफिस निर्माण : 68.21 लाख
- गुमला के बसिया में इंस्पेक्टर ऑफिस निर्माण : 72.64 लाख
- मुसाबनी में सीआईएटी स्कूल का मरम्मत : 85.10 लाख
- जामताड़ा पुलिस लाइन मैगजीन भवन का निर्माण : 79.16 लाख
- जामताड़ा के नाला में डीएसपी ऑफिस का निर्माण : 80.83 लाख
- लातेहार के बालूमाथ में डीएसपी ऑफिस का निर्माण : 86.32 लाख.
- लातेहार के बालूमाथ में डीएसपी आवास का निर्माण : 1.10 करोड़
- सिमडेगा में एसपी ऑफिस (गोपनीय) का निर्माण : 1.19 करोड़
- पलामू के विश्रामपुर में डीएसपी ऑफिस का निर्माण : 1.59 करोड़
- पलामू के नवाडीह कला में टीओपी का निर्माण : 1.46 करोड़
- पलामू के देवारी में टीओपी का निर्माण : 1.52 करोड़
- पलामू के पांकी द्वारिका में टीओपी का निर्माण : 1.45 करोड़

CLASSIFIED




### सुनील भास्कर बने हजारीबाग रेंज के डीआईजी

# झारखंड के 13 आईपीएस का तबादला दो अफसरों को मिला अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** सरकार ने 13 आईपीएस का तबादला किया है. वहीं दो आईपीएस को अतिरिक्त प्रभार मिला है. सीआईडी डीजी के पद पर पदस्थापित अनुराग गुप्ता को एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. वहीं सुनील भास्कर को हजारीबाग रेंज का डीआईजी बनाया गया है. इसकी अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की है.

### जानें कौन कहां गये

- सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता को एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.
- एडीजी आरके मल्लिक जैप एडीजी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे.
- एडीजी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित मुरारी लाल मीणा को एडीजी झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के पद पर पदस्थापित किया गया.
- एडीजी तदाशा मिश्रा को रेल एडीजी के पद परस्थापित किया गया.
- एडीजी सुमन गुप्ता को एडीजी आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित किया गया.
- प्रिया दुबे को गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा रांची के पद पर पदस्थापित किया गया.
- एडीजी रेल के पद पर पदस्थापित टी कांडासामी को विशेष सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन के पद पर पदस्थापित किया गया.
- अखिलेश कुमार झा को रांची जोनल आईजी के पद पर पदस्थापित किया गया.
- सुनील भास्कर को हजारीबाग रेंज के डीआईजी के पद पर प्रतिस्थापित किया गया.
- बोकारो डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल को जैप डीआईजी के पद पर पदस्थापित किया गया.
- पाकुड़ एसपी के पद पर पदस्थापित हरदीप पी जनार्दन को धनबाद एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया.
- प्रभात कुमार को पाकुड़ एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया.
- अरविंद कुमार सिंह को हजारीबाग एसपी के पद पर प्रतिस्थापित किया गया.
- कुमार गौरव को साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया.
- धनबाद एसएसपी के पद पर पदस्थापित संजीव कुमार को प्रशिक्षण पूरा करने की शर्त पर डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए डीआईजी दुमका के पद पर पदस्थापित किया.
- माइकल राज एस को बोकारो जोनल आईजी, ए विजय लक्ष्मी को आईजी ट्रेनिंग, नरेंद्र सिंह को रेल आईजी, शैलेंद्र कुमार सिन्हा को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग का निदेशक और सुदर्शन प्रसाद मंडल को आईजी सीआईडी बनाया गया है.

# रांची महानगर महिला कांग्रेस का मैत्री सम्मेलन 8 जनवरी को

**रांची।** रांची महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष नीतू देवी की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में बैठक हुई. मौके पर 8 जनवरी को होने वाली रांची लोकसभा महिला मैत्री सम्मेलन पुराना विधानसभा में होगी. इसकी तैयारी व बूथ स्तर तक संगठन निर्माण पर विशेष रूप से जोर दिया जा रहा है. मौके पर नीतू देवी ने कहा कि आगामी वर्ष चुनौती का वर्ष है. 2024 में ही लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव है, ऐसे में रांची महानगर महिलाओं को सांगठनिक स्तर से मजबूत होना होगा. प्रखंड कमेटी, वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी को बनाने की दिशा में सहयोग करना है, जिसमें प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा गुंजन सिंह शामिल होंगी. मौके पर मीनू सिंह, मेरी तिकी, मीना कुमारी मुंडा, खुशबू सिंह, हिना कुमारी मुंडा आदि शामिल थीं.



















# 10 आईपीएस को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति सुरेंद्र kg झा बने बोकारो रेंज के डीआईजी

संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार ने दस आईपीएस को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति दी है. एटीएस एसपी के पद पर पदस्थापित सुरेंद्र कुमार झा को बोकारो रेंज का डीआईजी बनाया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी कर दी है.


सुरेंद्र झा

### जानें कौन कहां गये

- सुरेंद्र कुमार झा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए बोकारो रेंज का डीआईजी बनाया गया है.
- शैलेंद्र कुमार वर्नवाल को डीआईजी के पद पर प्रोन्नति देते हुए (एसआईबी) स्पेशल ब्रांच रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है.
- वाई एस रमेश को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए होमगार्ड डीआईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है.
- कार्तिक एस को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए रेल डीआईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है.
- चौथे मनोज रतन को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए स्पेशल ब्रांच डीआईजी के पद पर पद स्थापित किया गया है.
- संध्या रानी मेहता को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए सीआईडी डीआईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है.
- धनंजय सिंह को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए डीआईजी जंगल वॉरफेयर स्कूल नेतरहाट के पद पर पदस्थापित किया गया.
- अश्वनी कुमार सिन्हा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए डीआईजी वायरलेस के पद पर पद स्थापित किया गया है.
- नौशाद आलम को डीआईजी के पद पर पदस्थापित करते हुए डीआईजी कार्मिक के पद पर पदस्थापित किया गया है.

### 2011 बैच के 7 आईपीएस का सेलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन दो को परफॉर्मा प्रमोशन

**रांची।** 2011 बैच के सात आईपीएस को सलेक्शन ग्रेड प्रमोशन और दो को परफॉर्मा प्रमोशन मिला है. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है.

- गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी की

सेलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन पाने वाले में चंदन कुमार झा, प्रियदर्शी आलोक, चंदन कुमार सिन्हा, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा, मणिलाल मंडल और अंबर लकड़ा शामिल हैं. वहीं परफॉर्मा प्रमोशन पाने वाली लिस्ट में शिवानी तिवारी और जया राय का नाम है. ये दोनों आईपीएस वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं.







# नए साल में आईएएस अफसरों की संख्या बढ़ेगी, प्रमोशन भी मिलेगा, कई बदलेंगे भी

## राज्य प्रशासनिक सेवा के 11 अफसरों को मिलेगी प्रोन्नति

प्रमुख संवाददाता। रांची

नए साल यानी 2024 में झारखंड कैडर के आइएएस अफसरों की संख्या 190 हो जाएगी. राज्य प्रशासनिक सेवा के 11 अफसरों को प्रोन्नति मिलेगी. वर्तमान में 179 आइएएस अफसर कार्यरत हैं. अफसरों की प्रोन्नति को लेकर बैठक भी हो चुकी है. जानकारी के अनुसार जनवरी के पहले सप्ताह में केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय इसका आदेश जारी कर सकता है. अफसरों की प्रोन्नति के लिए राज्य सरकार 33 अधिकारियों की सूची यूपीएससी को भेजी गई थी, जिसमें अंतिम रूप से चयन के लिए 11 नामों का प्रस्ताव रखा गया था. प्रोन्नति पाने वाले सभी अधिकारी बीपीएससी 38वीं बैच के अधिकारी हैं. प्रमोशन सूची में शामिल जिन नामों पर चर्चा हुई उसमें विजय गुप्ता, सुनील कुमार, विधानचंद्र चौधरी, रंजीत लाल सहित अन्य शामिल हैं.

### कई विभागों के सचिव सहित डीसी भी बदलेंगे

चुनाव आयोग के निर्देश के बाद सरकार कई विभागों के सचिव और जिलों के उपायुक्त को बदलने की तैयारी में जुट गई है. चुनाव आयोग ने तीन साल से अधिक समय से एक जगह पर पदस्थापित अफसरों को बदलने का निर्देश दिया है. जानकारी के अनुसार कृषि, पथ, ऊर्जा विभाग के सचिव बदले जा सकते हैं। वहीं कई जिलों के उपायुक्तों का भी तबादला किया जा सकता है.

**चार अफसरों को मिलेगी प्रोन्नति :** नए साल में चार नए अफसरों को प्रोन्नति भी मिलेगी. इसमें मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार और उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार को प्रधान सचिव रैंक में प्रोन्नति दी जाएगी. वहीं, प्रधान सचिव रैंक के अफसर राजीव अरुण एक्का को प्रमोशन देने के लिए सीएस रैंक में एक रिक्ति मांगी गई है. इस पर राज्य सरकार ने भी सहमति जता दी है. सभी अफसरों को प्रमोशन एक जनवरी 2024 की तिथि से मिलेगा.









हेमंत सरकार के 4 वर्ष

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023 ● पौष कृष्णपक्ष 03, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 251 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# प्यार से तो सिर भी काट कर डाल दूं : हेमंत

**अपनी सरकार के चार साल पूरे होने के एक दिन पहले सीएम हेमंत सोरेन मीडिया से रू-ब-रू हुए. सरकार, इंडिया गठबंधन, भाजपा, केंद्र सरकार, राम मंदिर, ईवीएम समेत तमाम मुद्दों पर उन्होंने बेबाकी से बात की.**

कौशल आनंद।रांची

हमें डरा-धमका कर कोई भी काम नहीं करा सकता है. अगर कोई प्यार से पेश आए तो अपना सिर भी काट कर दे दूं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह बात शुभम संदेश संवाददाता के उस सवाल के जवाब में कही, जिसमें उनसे पूछा गया था कि आप लगातार कह रहे हैं कि जब भी केंद्र से राज्य का हिस्सा मांगते हैं, तो हमारे पीछे ईडी और जांच एजेंसी लगा देती है. सरकार गठन के कुछ घंटे बाद से ही हमारी सरकार को गिराने का प्रयास शुरू हो गया. क्या इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने के बाद आपको डरा-धमका कर गठबंधन से दूर रहने का दबाव तो नहीं बनाया जा रहा है?

हेमंत सोरेन ने आगे कहा कि वह गुरुजी के पुत्र और झारखंड आंदोलन की उपज हैं. अगर कोई यह समझ रहा है कि डरा धमका कर कुछ करा लेगा तो वह मुगालते में जी रहा है. डरा-धमका के कोई भी हमसे कुछ नहीं करा सकता है. हां, अगर प्यार से कोई कहे तो अपना सिर भी काट कर रख दूं. सरकार के कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने के एक दिन पहले वह अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे.

**आंदोलनकारियों की समस्या :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड गठन के बाद ही आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान हो जाना चाहिए था. मगर नहीं हुआ. अगर हम झारखंड आंदोलन से जुड़े लोगों की भी समस्या सुलझा नहीं सकें तो बेकार है. मैं खुद मामले को देख रहा, जल्द ही आंदोलनकारियों से जुड़ी सभी समस्याओं का वे समाधान करेंगे. -शेष पेज 13 पर



### संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल

हाइकोर्ट द्वारा खनन लीज मामले में मिली राहत से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि भारत एक संघीय ढ़ांचे के तहत काम करता है. क्या आज संघीय ढांचा अपने सिस्टम से काम कर रहा है. आखिर क्यों संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठ रहा है. पूरा देश देख रहा है और समझ रहा है. कहां-क्या और कैसे हो रहा है. यह देश कानून और संविधान से चलता है. देश में कानून और संविधान है कि नहीं.

- **जीएसटी :** टैक्स में राज्य के हिस्से पर बात करते हुए सीएम ने कहा कि सभी जानते हैं कि देश में जीएसटी लागू है. इसके लागू होने के बाद राज्यों के पास आय के साधन सीमित हैं. केवल एक्साईज, बालू-गिट्टी सहित कुछ छोटे-छोटे चीज ही आय के साधन बच गए हैं. मगर इस पर भी विपक्ष की नजर है. रोड़े अटका रहा है. आखिकार राज्य को आय कैसे प्राप्त हो. विपक्ष के साथी झारखंड का हिस्सा मांगने में मदद नहीं करते हैं, केवल रोड़े अटकाने और विकास को बाधित करने का प्रयास करते रहते हैं.

- **राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा**
हम धर्म और जात की राजनीति नहीं करते हैं. हम विकास और सबका हित हो, उस सोच के तहत काम करते हैं. अभी तक राममंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण मुझे नहीं मिला है, अगर बुलावा आया तो जरूर जाएंगे. हम मंदिर भी जाते हैं, मस्जिद भी जाते हैं, गुरुद्वारा भी जाते हैं और चर्च भी जाते हैं. इसलिए राम मंदिर जाने में क्या दिक्कत होगी.

- **विपक्ष नहीं दिखेगा कहीं**
हम क्या काम किए और क्या कर रहे. इसका सर्टिफिकेट जनता देगी. अगर हम काम बताना शुरू करें तो विपक्ष उसमें समा जाएगा. राज्य बना तो सरप्लस बजट था. आज हम घाटे के बजट से विकास को गति दे रहे. जो काम आज हो रहे, क्या वो पहले नहीं हो जाने चाहिए थे. हम यह नहीं कहते कि सारी समस्या खत्म हो गयी. मगर इसे सुधारने का काम तो शुरू हो चुका है. विपक्ष ने राज्य बनने के बाद पेड़ ही काट डाला, हम उसे फिर से हरा करने में जुटे हैं.

### पीएम चेहरे की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन को पीएम चेहरे की जरूरत नहीं है. चेहरा तो एक कृत्रिम उपज है. असल में चेहरा तो जनता बनाती है. इसलिए इंडिया गठबंधन का पीएम के चेहरे को लेकर इस तरह का विवाद पैदा नहीं किया जाना चाहिए. यह देश के लिए कोई इश्यू नहीं है. देश के इश्यू क्या है, यह पूरा देश जानती है. हम इश्यू और मुद्दों पर अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं.

### ईवीएम पर भी बेबाक राय रखी

चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल हो या ना हो, इस सवाल पर सीएम श्री सोरेन ने कहा कि ईवीएम का इस्तेमाल कहां से शुरू हुआ. जहां से इस तकनीक का इस्तेमाल शुरू हुआ, वहां क्यों बंद हो गया. हर वो तकनीक जिससे लोकतांत्रकि देश में चुनाव की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा हो, उससे तौबा कर लेनी चाहिए. अगर हम इंडिया को बतौर विश्व गुरु प्रोजेक्ट कर रहें तो कम से कम इस आधार पर ही ईवीएम को समाप्त कर देना चाहिए और पुराने सिस्टम से चुनाव कराने चाहिए.

### धनबाद की समस्या

धनबाद में कानून-व्यवस्था की स्थिति के सवाल पर सीएम ने कहा कि बहुत बिजी शिड्यूल में चल रहे थे. कुछ दिन पहले ही वहां के हालात के बारे में मुझे पता चला. इसके बारे में केवल इतना ही कह सकते हैं कि धनबाद में उत्पन्न हुई समस्या के राजनीतिक कारण भी हैं. समस्या उत्पन्न भी किए गए हैं. जहां समस्या उत्पन्न हुए हैं, वहां के लोग आएं, वे ही इसका हल बताएं, उनके बताए रास्ते के जरिए ही इसका हल निकालेंगे. मुझे लगता है कि वहां कुछ प्रशासनिक बदलाव किए गए हैं, अब कुछ न कुछ हल निकल आना चाहिए.

### राजभवन पर भी रखी बात

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जातिगत गणना कराएगी. रही बात ओबीसी आरक्षण, मॉल लिंचिंग बिल या अन्य बिल या विधयेक की तो राजभवन उस पर कुंडली मारके बैठ जाता है. यह केवल झारखंड में नहीं, बल्कि पूरे देश में जहां-जहां गैर भाजपा सरकार है, सभी जगह हो रहा है. अब तो राज्य सुप्रीम कोर्ट तक जा रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट राजभवन को दिशा-निर्देश जारी कर रहा है. इससे समझा जा सकता है क्या हालात है.

### ...तो हम पेंशन पांच हजार रुपये दे देंगे

हमारी सरकार राज्य के हर वर्ग, हर कर्मी के हित को देखकर काम कर रही है. हमने हर कर्मी और हर वर्ग को ध्यान में रख कर काम किया. पूर्ववर्ती सरकारों ने सामाजिक सुरक्षा को लेकर कुछ नहीं किया. क्या विधवा होने की उम्र होती है. हमने दर्द को समझा, जो महिला विधवा होगी, उसे उसी दिन से पेंशन मिलेगी. देश में यूनिवर्सल पेंशन देने वाला झारखंड पहला राज्य बना. ओपीएस भी हमने शुरू किया. आज पेंशन की राशि देश में सबसे अधिक झारखंड में है. अगर केंद्र हमारा बकाया दे दे, तो हम 5 हजार रुपया तक पेंशन दे देंगे.

## इधर... भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

# हेमंत सरकार काम में नहीं कमाने में मस्त : बाबूलाल



रांची स्थित भाजपा मुख्यालय में आरोप पत्र जारी करते बाबूलाल मरांडी.

प्रमुख संवाददाता।रांची

झारखंड बीजेपी ने गुरुवार को हेमंत सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 23 साल में 13 साल यानी 4764 दिनों तक बीजेपी ने शासन किया. वहीं 10 साल यानी 3625 दिनों तक यूपीए गठबंधन ने शासन किया. इसके बावजूद सीएम हेमंत सोरेन चार साल छोड़ कर बीजेपी पर ही ठीकरा फोड़ रहे हैं. आज पूरे देश में झारखंड के भ्रष्टाचार की ही चर्चा हो रही है. चार साल में हेमंत सरकार ने सिर्फ अवैध काम ही किया. बिना ऑक्शन के बालू, पत्थर कोयला का अवैध उठाव हुआ. ब्लॉक, अंचल और थाना में बिना पैसा के काम नहीं होता.

**भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है सरकार :** बाबूलाल ने कहा कि सीएम भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैं. ईडी ने सीएम को छह नोटिस भेजा, अगर गड़बड़ नहीं किए होते तो सीना तान कर चले जाते. सीएम खुद भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैं. राज्य में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है. धनबाद में छोटे-छोटे उद्यमियों को धमकाया जा रहा है. डर से पुलिस को भी मैसेज नहीं दिखा पा रहे हैं. उग्रवाद फिर से पनप रहा है. धर्मांतरण के मामले भी सामने आ रहे हैं. हेमंत सरकार की प्राथमिकता सिर्फ पैसा कमाना है. - पेज 2 भी देखें

**खास बातें**

- 23 में से 13 साल भाजपा, बाकी तो विपक्ष की ही रही सरकार
- बिना ऑक्शन के बालू-पत्थर का हुआ अवैध उठाव

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,300 |
| चांदी (किलो) | 79,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### जस्टिस डॉ बीआर सारंगी होंगे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस



**रांची।** ओडिशा हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ बीआर सारंगी झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे. इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है. सुप्रीम कोर्ट कॉलिजियम द्वारा जारी अधिसूचना को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है.

### कतर ने 8 भारतीयों की मौत की सजा कम की

**नयी दिल्ली।** कतर की अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनायी गयी मौत की सजा को कम कर दिया है. उन्हें पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था.

# तेज रफ्तार ने ली 4 युवकों की जान

**कार पहले पोल से टकराई, फिर नाले के ऊपर चढ़ दीवार में मारी टक्कर**

संवाददाता।रांची

जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित बरियातू बस्ती में बुधवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां तेज गति से आ रही कार पहले बिजली के खंभे से टकरायी. फिर डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गयी. इस हादसे में कार सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी. चारों रांची के बरियातू बस्ती के रहने वाले बताये जा रहे हैं. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और कार से सभी युवकों के शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

**क्या है पूरी घटना :** सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि सड़क हादसे की घटना रात डेढ़ बजे के करीब की है. हादसा बूटी बस्ती मोड़ से थोड़ा आगे हुआ है. कार में सवार सभी युवक काफी तेज रफ्तार में कार चला रहे थे. वे ओरमांझी में रहने वाले एक युवक को छोड़ने जा रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार की वजह से कार से नियंत्रण खो दिया. इसी वजह से कार पहले पोल में टकराई, उसके बाद सड़क किनारे नाले के ऊपर चढ़ते हुए दीवार में टक्कर मारी फिर सड़क में पलट गई. सड़क पर पलटने की वजह से सभी उसके नीचे दब गए. यहां से सभी को निकाला गया फिर अस्पताल ले जाया गया.

**रफ्तार का कहर**

- चारों मृतक रांची के बरियातू बस्ती के रहने वाले बताये जा रहे हैं
- ओरमांझी के युवक को छोड़ने जा रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार की वजह से कार से नियंत्रण खो दिया




### सड़क हादसे में इनकी हुई मौत

देर रात हुए सड़क हादसे में अफरोज आलम, अमीर हुसैन, मो साबिर और राजू शाह की मौत हुई है. जिसमें अफरोज आलम, अमीर हुसैन, मो साबिर बरियातू थाना क्षेत्र के और राजू ओरमांझी के रहने वाले हैं. सभी देर रात राजू को छोड़ने ओरमांझी जा रहे थे. आशंका जतायी जा रही है कि नशे में होने की वजह और कार की तेज रफ्तार के कारण हादसा हुआ है. हालांकि मेडिकल एग्जामिनेशन के बाद ही आधिकारिक रूप से कुछ कहा जा सकता है.

## प्रियंका की मुश्किलें! ईडी की चार्जशीट में आया पहली बार नाम

**नयी दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. ईडी ने अपनी चार्जशीट में पहली बार प्रियंका गांधी के नाम का भी जिक्र किया है. हालांकि, उनका नाम आरोपी के तौर पर दर्ज नहीं किया गया है. ईडी की चार्जशीट में प्रियंका के नाम का उल्लेख जमीन खरीद के आरोपी से जुड़े होने के संदर्भ में किया गया है. इस चार्जशीट में प्रियंका के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के नाम का जिक्र भी है. ईडी की चार्जशीट के मुताबिक संजय भंडारी के एक कथित सहयोगी सीसी थम्पी ने दिल्ली-एनसीआर के रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा के माध्यम से 2005 से 2008 तक हरियाणा के फरीदाबाद जिले के गांव अमीपुर में 486 एकड़ जमीन खरीदी. रॉबर्ट वाड्रा ने 2005-2006 तक एचएल पाहवा से अमीपुर में 334 कनाल (40.08 एकड़) जमीन के 3 टुकड़े भी खरीदे और दिसंबर 2010 में उसी जमीन को एचएल पाहवा को बेच दिया.



- चार्जशीट में प्रियंका के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के नाम का जिक्र भी है.

# केंद्र की सत्ता में आते ही कराएंगे जातीय जनगणना: राहुल गांधी

एजेंसी।नागपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आने के बाद जाति आधारित गणना कराएगी. गांधी ने कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के मौके पर महाराष्ट्र के नागपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि देश में बेरोजगारी पिछले 40 वर्ष में अपने उच्चतम बिंदु पर पहुंच गई है.

उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस जाति जनगणना कराएगी. कांग्रेस ने 'हैं तैयार हम' नामक बड़ी रैली के जरिए आनेवाले लोकसभा चुनावों के लिए अपने अभियान की शुरुआत की है. गांधी ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है. भाजपा के विपरीत, कांग्रेस का कनिष्ठ कार्यकर्ता भी पार्टी के शीर्ष नेताओं पर सवाल उठा सकता है और उनसे असहमत हो सकता है. उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता पर नहीं बल्कि इसलिए की जाती है क्योंकि वे एक विशेष संगठन से होते हैं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों के कई शीर्ष पार्टी नेताओं ने रैली में हिस्सा लिया, जबकि पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रैली में शामिल नहीं हुईं.




**गरीब की लड़ाई लड़ी**

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब जनता के लिए लड़ाई लड़ी. कहा कि जनता के कोई अधिकार नहीं थे, महिलाओं के कोई अधिकार नहीं थे. आरोप लगाया कि सारी संस्थाओं पर भाजपा का कब्जा है. आज सभी वाइस चांसलर एक ही संगठन (आरएसएस )के हैं.

**बेरोजगारी पिछले 40 वर्ष में अब सबसे अधिक है :** राहुल ने कहा कि आज कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि इसलिए की जाती है क्योंकि वे एक विशेष संगठन से संबंधित होते हैं . बेरोजगारी पिछले 40 वर्ष में अब सबसे अधिक है. कहा कि हम केंद्र की सत्ता में आने के बाद जाति आधारित गणना करायेंगे.

# मुझसे पहली सी मोहब्बत मेरे महबूब न मांग



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**संभावना है कि ललन सिंह को हटा कर नीतीश कुमार खुद जदयू की कमान संभाल सकते हैं.या फिर किसी दलित या अति पिछड़े को बना सकते हैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**प्रसंगवश**

शुक्रवार (29 दिसंबर) को बिहार की राजनीति में कुछ खास होगा. कयास यह है कि नीतीश बाबू कोई नयी चाल चलेंगे. उस दिन दिल्ली में जद (यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी. इसके साथ ही पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक भी बुला ली गयी है. नीतीश अमूमन राष्ट्रीय परिषद में अध्यक्ष के बदलाव पर मुहर लगवाते हैं. इसीलिए संभावना यह है कि राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की जगह कोई नया राष्ट्रीस अध्यक्ष बनाया जाएगा. उन्हें हटाया नहीं जाएगा, वह खुद हटेंगे. स्वेच्छा से हटें या अनिच्छा से. लेकिन अब उनकी राजनीतिक जरूरत पूरी हो गयी है. ललन सिंह की जगह कौन लेगा, इस बाबत हिसाब-किताब बैठाया जा रहा है. नीतीश स्वयं ही पार्टी की बागडोर संभाल सकते हैं या फिर किसी अति पिछड़े या दलित को कमान सौंप कर आगे की चुनावी रणनीति दुरुस्त करने की कोशिश करेंगे, इस बाबत फैसला बैठक में ही होगा. लेकिन कुछ न कुछ होगा जरूर, क्योंकि जद (यू) की राष्ट्रीय परिषद जब भी बैठती है, नया अध्यक्ष बनाती है. शरद यादव से लेकर रामचंद्र सिंह (आरसीपी सिंह) और ललन सिंह तक इस परंपरा का निर्वाह हुआ है. जातीय सर्वेक्षण से फूले नहीं समा रहे नीतीश का गुबार ठंडा पड़ गया है. उन्होंने शायद सोचा था कि जातीय सर्वेक्षण के प्रकाशन से समाज में उसी तरह की बदअमनी फैलेगी जैसी 1990 में मंडल कमीशन लाग होने की घोषणा के समय हुआ था. अगर ऐसा कुछ होता, तो पिछड़ों की राजनीति की सूरमाई परवान चढ़ जाती. लेकिन न कुक्कुर भूंका न सियार जागा. उल्टे अति पिछड़ों की हकमारी की आवाज उठने लगी. इसी बीच तीन राज्यों में भाजपा की जीत के पीछे अति पिछड़ों के प्रबल समर्थन की चर्चा से नीतीश का हिलना स्वाभाविक था. इसीलिए ललन सिंह की जगह सांसद रामनाथ ठाकुर या चंद्रशेखर चंद्रवंशी या इसी वर्ग के किसी अन्य नेता की पार्टी अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी की संभावना व्यक्त की जा रही है. संभावना यह भी है कि अशोक चौधरी जैसे किसी दलित चेहरे पर दावं लगाया जाए. लेकिन समस्या यह है कि क्या ऊहापोह में झूल रही पार्टी को इनमें से कोई भी ठीक से संभाल पाएगा ? इसी पर मंथन होना है. यदि आम राय नहीं बनी तो मुख्यमंत्री के साथ-साथ अध्यक्ष का दायित्व भी नीतीश ही संभालेंगे.

सर्दी में भी गर्मी का अहसास करा रही बिहार की राजनीति में एक शिगूफा यह भी छोड़ा जा रहा है कि नीतीश फिर पलटी मारेंगे. इसका एक कारण यह बताया जा रहा है कि नीतीश राजद के साथ स्वयं को असहज महसूस करने लगे हैं. दूसरा यह कि जद (यू) के लोकसभा सदस्य भाजपा के साथ मिल कर चुनाव लड़ने का आग्रह कर रहे हैं. लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि क्या भाजपा अपने बंद दरवाजे नीतीश के लिए खोलेगी ? इस बाबत कोई सकारात्मक संकेत नहीं मिल रहे हैं. दूसरा कयास यह है कि राजद ललन सिंह के सहयोग से जद (यू) के करीब एक दर्जन विधायकों को तोड़ कर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की योजना पर काम कर रहा है. संयोग से इस समय विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर राजद का ही चौधरी है. - शेष पेज 13 पर

## पीपी-एपीपी ने बतायी पीड़ा- अपराधियों को हो रहा फायदा

# गवाही देने न डॉक्टर आते हैं, न जिम्मेदार अफसर

विनीत आभा उपाध्याय ।रांची

स्पीडी ट्रायल के लंबित मामलों में समय पर गवाही नहीं होने के कारण मामला लंबा खिंचता चला जा रहा है. कोर्ट में तारीख पर तारीख मिलती रहती है, लेकिन न तो गवाह पहुंचते हैं और न ही सबूत, जिसका फायदा आरोपियों को हो रहा है. ये परेशानी रांची सिविल कोर्ट के लोक अभियोजक और सहायक लोक अभियोजक की है.

समय समय पर स्पीडी ट्रायल के मामलों की समीक्षा के दौरान लोक अभियोजक और सहायक लोक अभियोजक ने अपनी यह पीड़ा जिले के वरीय पदाधिकारियों के सामने बताई है. पीपी और एपीपी ने लंबित मामलों के निष्पादन नहीं होने में गवाहों का समय पर कोर्ट नहीं आना बहुत बड़ा कारण बताया. इतना ही नहीं सरकारी वकीलों द्वारा बार-बार केस डायरी मांगने के बाद भी केस आइओ (जांच अफसर) केस डायरी कोर्ट में समय पर नहीं भेजते, जिसका फायदा आरोपियों को मिल रहा है. कई मामलों में बार-बार रिमाइंडर देने के बाद भी डॉक्टर इंजूरी रिपोर्ट भी समय पर नहीं देते और कोर्ट से नोटिस मिलने के बाद भी सदर अस्पताल और रिम्स के डॉक्टर कोर्ट के समक्ष गवाही देने के लिए उपस्थित नहीं हो रहे हैं. किसी भी आपराधिक मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस और केस की जांच करने वाले अफसरों का बयान काफी अहम होता है. उसी तरह दुष्कर्म, हत्या, हत्या का प्रयास या मारपीट जैसे गंभीर अपराध में मृतक का पोस्टमार्टम करने वाले या पीड़ित की जांच करने वाले डॉक्टर की गवाही भी काफी महत्वपूर्ण होती है. लेकिन रांची सिविल कोर्ट में लंबित मामलों में न तो पुलिस वाले गवाही देने आ रहे हैं और न ही डॉक्टर जिसका फायदा आरोपियों को मिल रहा है.



**खास बातें**

- स्पीडी ट्रायल के लंबित मामले अदालतों अटके पड़े हैं
- आईओ केस डायरी भी कोर्ट में समय से नहीं भेजते

## ब्रीफ खबरें

### लैम्पस में किसानों से धान क्रय की शुरुआत

**चाईबासा।** सदर प्रखंड मतकमहातु पंचायत लैम्पस में किसानों से धान क्रय की शुरुआत गुरुवार से शुभारंभ किया गया. इसका शुभारंभ मतकमहातु पंचायत मुखिया जुलियाना देवगम ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया. पहला दिन बरकुंडिया के किसान हाड़ बुड़ीउली और जेना बुड़ीउली ने लैम्पस को 23 प्रति किलोग्राम मूल्य से बेचा. मौके पर प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मदन कुमार नाग, सचिव रवि कुमार दास, इंजिनियर तपन कुमार और जन सेवक गिरीश चंद्र टुडू उपस्थित थे.

### पाइथियन गेम्स के विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने मनोज सिंह उज्जैन के नेतृत्व में गुरुवार को मय थाई मिनी ओलंपिक गेम्स के विजेता खिलाड़ियों को देवनगर में सम्मानित किया. दरअसल, मय थाई मिनी ओलंपिक पाइथियन गेम्स में झारखंड ने 14 पदक जीते थे. 18 से 21 दिसंबर तक नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में भारत का पहला मिनी ओलंपिक आयोजित हुआ. झारखंड की टीम ने कोच अंगराज, टीम मैनेजर लक्कीकांत दास और ट्रेजरर अनमोल कौर अंगराज के नेतृत्व में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कर छह स्वर्ण, छह रजत और दो कांस्य पदक हासिल किया.

### सात दिवसीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

**आदित्यपुर।** गुरुवार से सात दिवसीय भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ की विधिवत शुरुआत ईडब्लूएस मैदान, रोड नंबर 10, आदित्यपुर-2 में कलश यात्रा के साथ हुई. आज के कलश यात्रा में क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई. कलश यात्रा रोड नंबर 10 से शुरू होकर रोड नंबर 32 से होते हुए खरकई नदी घाट में जल भरकर वापस यज्ञ स्थल में समाप्त हुई. भागवत कथा में रोजाना शाम में वृंदावन से आईं राष्ट्रीय कथावाचिका देवी सत्यार्चा जी द्वारा प्रवचन दिया जा रहा है. कलश यात्रा में मुख्य रूप से नगर निगम के निवर्तमान महापौर बिनोद श्रीवास्तव, कार्यक्रम के संयोजक तारकेश्वर तिवारी इत्यादि लोग शामिल हुए.

### मेघाहातुबुरु ने क्योंझर को 41-35 से हरा बना विजेता

**किरीबुरु।** क्योंझर जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में बीजू पटनायक इनडोर स्टेडियम, पीएचईडी, बड़बिल में चौथा माइनिंग एरिया बास्केटबॉल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता हुई. इसके फाइनल मुकाबले में मेघाहातुबुरु बास्केटबॉल टीम ने डीबीए क्योंझर को 41-35 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. इस सफलता में मेघाहातुबुरु टीम के खिलाड़ी अभिषेक, अंशु, ऋषिराज, उमाकांत, राजा, जगदीप, प्रवीण, सौरभ, देव, अमृत और फेलिक्स का अहम योगदान रहा. किरीबुरु-मेघाहातुबुरु की जनता ने मेघाहातुबुरु के खिलाड़ियों की इस सफलता पर बधाई दी है.

### जलापूर्ति का पाइप फटा हजारों लीटर पानी बर्बाद

**मनोहरपुर।** संत अगस्तीन कॉलेज मोड़ समीप स्ट्रीट लाइट पौल गाड़ने के दौरान गड्ढा खोदने के दौरान पीएचडी विभाग का जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे गुरुवार सुबह हजारो लीटर पानी बर्बाद हो गया है. इसके चलते घरों में जलापूर्ति सेवा पर इसका असर देखने को मिला है. इसकी जानकारी विभाग को दी गई है तथा विभाग द्वारा मरम्मती कार्य के लिए जलसहिया एवं विभागीय तकनीकी कर्मी को निर्देश दिया गया है.

# भाजपा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मांगे सुझाव

सुकेश। चाईबासा



**आएंगे बाबूलाल**

- जिम्मेदारी पर पूरा ध्यान केंद्रित रखेंगे अधिकारी
- कार्यक्रम को लेकर भाजपा की तैयारी बैठक संपन्न

भाजपा के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सतीश पुरी की उपस्थिति में जिले में दो दिनी कार्यक्रम को लेकर तैयारी बैठक गुरुवार को संपन्न हुई. बता दें कि 31 दिसंबर को जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में प्रदेश के पदाधिकारीगण, सभी जिला के जिला अध्यक्ष, सभी जिला के प्रभारी तथा सभी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ बैठक होगी. कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत से लेकर प्रस्थान तक की तैयारी की जिम्मेदारी अलग-अलग जिला के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष सतीश पुरी ने सौंपी है. साथ ही साथ उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को जो भी जिम्मेवारी दी जा रही है. वह अपने जिम्मेदारी पर ही पूरा ध्यान केंद्रित रखेंगे और कार्य करेंगे. कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है.

वहीं दूसरी तैयारी बैठक, जिला अध्यक्ष सतीश पुरी की उपस्थिति में एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनजीत कोड़ा की अध्यक्षता में जिले में पहली बार होने जा रही आगामी 30 दिसंबर और 31 दिसंबर को एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की गई, जिसमें कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारी का जायजा लिया गया. बैठक में पूर्व विधायक एवं भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के द्वारा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए उनका अपना-अपना सुझाव मांगा गया और दिए गए सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया और सभी ने एक स्वर में कहा की इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना है, जिसके लिए हम सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं को पूरी ईमानदारी से अपनी अपनी जिम्मेदारी उठाते हुए इसकी तैयारी करनी है. तैयारी बैठकों में पूर्व विधायक जवाहर लाल बानरा, पूर्व विधायक बडकुंवर गगराई, सरायकेला खरसावां के संगठन प्रभारी जे बी तुबिद, पूर्व प्रत्याशी मनोज लेयांगी, भूषण पाट पिंगुवा, एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गीता बालमुचू, जिला परिषद् सदस्य लालमुनि पूर्ति, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष नीला नाग, जिला महामंत्री प्रताप कटियार, जिला उपाध्यक्ष सुखलाल कुंकल, राकेश शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दुर्गावती बोइपाई, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चंदन झा, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष मनजीत कोड़ा, कार्यकर्ता अनूप सुल्तानिया, बिपिन लागुरी, रवि विश्वकर्मा, देवीशंकर दत्ता, ब्राजील सुंडी, तरुण सवैया, चंद्रमोहन तियू, जया रानी पाड़िया, नगर अध्यक्ष अक्षय खत्री, अजय झा, पंकज टोप्पो, मुकेश कुमार, बिनोदनी बानरा एवं अन्य के साथ जिला मीडिया प्रभारी विप्लव सिंह उपस्थित थे.

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- संयुक्त राष्ट्र में स्थाई सदस्यों की संख्या कितनी है – 5
- आम का वैज्ञानिक नाम क्या है – मैग्नीफेरा इंडिका
- लोकसभा में किस आधार पर सीटें बांटी जाती हैं – जनसंख्या
- किस बीमारी के इलाज के लिए संकल्प प्रोजेक्ट बनाया गया था – एचआईवी
- बहमनी सल्तनत के संस्थापक कौन थे – अलाउद्दीन बहमन शाह
- भारत के किस पड़ोसी देश ने टिकटॉक पर बैन लगाया है – नेपाल
- झंडा सत्याग्रह के लिए कौन शहर प्रसिद्ध है – नागपुर
- भारत में कोरोना को महामारी घोषित करने वाला पहला राज्य – हरियाणा
- सोना किस पदार्थ में घुल जाता है – एक्वा रेजिया
- होम रूल आंदोलन किसके द्वारा शुरू किया गया था – एनी बेसेंट

## शिक्षा विभाग ने मानीं जन रक्षा संघर्ष समिति की मांगें

# जन रक्षा संघर्ष समिति का आमरण अनशन खत्म हुआ

संवाददाता। चाईबासा



अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते शिक्षा विभाग के अधिकारीगण.

**मांगें पूरी**

- प्लस टू आरंभ करने का आश्वासन भी दिया
- शिक्षा स्तर बढ़े, इसको लेकर प्रयासरत विभाग

जन रक्षा संघर्ष समिति की ओर से रोलाडीह हाई स्कूल के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति रद्द व हाई स्कूल में प्लस टू आरंभ करने की मांग को लेकर पिछले 19 दिसंबर से चल रहे अनिश्चितकालीन अनशन आखिरकार गुरुवार को खत्म हो गया. शिक्षा विभाग ने अनशनकारियों की मांगों को पूरी करते हुए अनशन तुड़वाया. चक्रधरपुर प्रखंड के शिक्षा विभाग से बीपीओ अजय कुमार पहुंचकर अनशनकारियों को अनशन तुड़वाया और पत्र समर्पित कर प्लस टू आरंभ करने का आश्वासन भी दिया. जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर बीपीओ रोलाडीह हाई स्कूल मैदान परिसर पहुंचकर विभाग की बातें गंभीरता से रखें. उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षा का स्तर बढ़े इसको लेकर प्रयास किया जा रहा है. जिस तरह से ग्रामीणों की रुचि शिक्षा के प्रति बढ़ रही है उसे यह साबित हो रहा है कि आने वाले दिनों में और भी बेहतर शिक्षा होगा. अनशन खत्म करने से पूर्व रोलाडीह पूर्व प्रभारी खिरोद महतो ने कहा कि शिक्षा को लेकर जिस तरह से जन रक्षा संघर्ष समिति काम कर रहा है वह एक सराहनीय कदम है. इसका समर्थन हर किसी को करना चाहिए. गांव के एक-एक परिवार से एक-एक सदस्य को इस संगठन में आकर अपनी बातें रखनी चाहिए. मौके पर जन रक्षा संघर्ष समिति के सदस्य विजय सामड ने कहा कि सरकार को आखिरकार मांगे को माननी पड़ी. यह जन रक्षा संघर्ष समिति की जीत है. उन्होंने इस आंदोलन में शामिल सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाला दिनों में और भी लड़ाई लड़ी जाएगी. इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी दिनेश महतो ने कहा कि शिक्षा की लड़ाई हमेशा लड़ी जाएगी. सरकार को अब शिक्षा पर गंभीरता से विचार करना चाहिए. यह जीत सबकी है. कार्यक्रम में डॉ दीपक प्रधान ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा. मंच का संचालन सदस्य हिमांशु प्रधान व धन्यवाद ज्ञापन रोलाडीह हाई स्कूल के प्रबंध समिति के अध्यक्ष कुजरी बंकीरा ने दिया. मौके पर मुख्य रूप से सचिव भागीरथी महतो, अध्यक्ष अशोक तांती, उप सचिव लीला राम तांती, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी हसदा, दिलीप महतो, मुखिया बेलमती बंकीरा, पीपल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव विजय गागराई समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए.

## प्रतिभागियों को कई विधाओं में प्रशिक्षण देंगे कोच

# ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर कल से

संवाददाता। चाईबासा



बिरसा मुंडा ताइक्वांडो एकेडमी चाईबासा की अपने अभ्यास परिसर बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम परिसर में क्लब के मुख्य कोच सह निर्देशक विजय प्रताप की अध्यक्षता में गुरुवार को संपन्न हुई. आज के इस बैठक में सर्वप्रथम विगत दिनों हुए दो दिवसीय कोल्हान अंतर जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सफल प्रदर्शन करने पर खुशी जाहिर कर किया गया.

बैठक में मुख्य रूप से हर साल की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन अवकाश पर तीन दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर बिरसा मुंडा स्टेडियम के परिसर में करने को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई. सर्वसम्मत्ति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी शिविर का आयोजन होगा. इस शिविर में चाईबासा के अलावे जमशेदपुर, चक्रधरपुर, रांची आदि से कोच उपस्थित होकर प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं में अपना प्रशिक्षण देंगे. मुख्य कोच विजय प्रताप ने बताया कि यह प्रशिक्षण 29 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 तक सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चलेगी. इस शिविर में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों के लिए निशुल्क व्यवस्था दी जा रही है. बैठक में कोच भोलू रजक, विवेक खलखो, चमरू बिरुवा, जूलियस आल्डा, मनीष कुमार आदि मौजूद थे.

### कांग्रेस भवन में मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस

**चाईबासा।** कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस गुरुवार को कांग्रेस भवन, चाईबासा में धूमधाम से मनाया गया. समारोह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास द्वारा पार्टी ध्वज फहराया गया तथा वंदे मातरम, झंडा ऊंचा रहे हमारा और राष्ट्रगान का सस्वर पाठ किया तथा देशहित एवं कांग्रेस संगठन के व्यापक हित में कार्य करने का कांग्रेसियों ने शपथ लिया. मौके पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीतिमा बारी, सेवादल मुख्य संगठक लक्ष्मण हासदा, सरायकेला विधानसभा प्रभारी अंबर राय चौधरी, जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय, जिला कांग्रेस महासचिव राज कुमार रजक, कैरा बिरुवा, प्रवक्ता जितेन्द्र नाथ ओझा, सचिव विश्वनाथ तामसोय, शंकर बिरुली, राकेश सिंह आदि मौजूद थे.

# मृत नवजात बच्चे को झाड़ियों में फेंका, मानवता हुई शर्मसार

शैलेश सिंह। किरीबुरु

**मची सनसनी**

- बच्चे की बॉडी को खाने का प्रयास कर रहे थे कुत्ते
- घटना को लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म

कलयुगी युवती ने समाज की लोक-लज्जा की डर से अपने नवजात बच्चे को मीनाबाजार व डी-टाईप क्लोनी के बीच जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया. उस मृत नवजात बच्चे के पास कुछ कुत्तों को देख राहगीरों ने घटनास्थल पर जाकर कुत्तों को भगाया एवं देखा तो एक मृत नवजात बच्चा है, जिसकी बॉडी को कुत्ते खाने का प्रयास कर रहे थे. इस नवजात मृत बच्चे को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इसे कुछ दिन पहले फेंका गया है. दुर्गंध आने के बाद कुत्तों ने उसे नोचना प्रारम्भ किया है. इस घटना को लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है. सभी का यहीं कहना है कि भले ही कोई युवती या महिला नाजायज संबंध स्थापित कर गर्भवती हो गई हो. लेकिन, गर्भ में पल रहे बच्चे का ऐसा हश्र नहीं करना चाहिए. यह कानूनन अपराध है व इंसानियत, मानवता को शर्मशार करने वाली घटना है. हालांकि, जांच के बाद ही पुलिस असली आरोपियों तक पहुंच पाएगी.

# भूमि बैंक को शीघ्र रद्द करे हेमंत सरकार: सन्नी सिंकू



संवाददाता। चाईबासा

जिस प्रकार हेमंत सरकार ने नेतरहाट फायरिंग रेंज को रद्द किया. उसी प्रकार भूमि बैंक को शीघ्र अति शीघ्र रद्द करें. क्योंकि भूमि बैंक में जमा की गई झारखंड के सभी जिला के जमीन झारखंडियों के खूंटकट्टी और सामुदायिक जमीन है. यह बातें चक्रधरपुर भारत भवन परिसर में झारखंड पुनरूत्थान अभियान के संस्थापक सदस्यों के साथ परिचर्चा करने के बाद अभियान के मुख्य संयोजक सन्नी सिंकु ने कहा है. मालूम हो कि 2016 में तत्कालीन झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड के खूंटकट्टी और सामुदायिक जमीन को बिना ग्राम और ग्रामीणों के सहमति के बड़े-बड़े कॉरपोरेट को जमीन देने के लिए असंवैधानिक रूप से भूमि बैंक में जमा कर दिया था. उसी भूमि बैंक को 2019 के विधानसभा चुनाव के समय झामुमो ने अपने घोषणापत्र में शामिल करते हुए सत्ता में आते ही भूमि बैंक को रद्द करने की घोषणा की थी, जो अब तक सरकार ने रद्द नहीं की है. जबकि सूबे के सीएम हेमंत सोरेन ने लातेहार में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोलते हुए झारखंड के भूमि से संबंधित विसंगतियों को दूर कर झारखंडियों को वापस करने की बात कही है.

## झारखंड मजदूर संघर्ष संघ ने किया वनभोज का आयोजन

# मजदूर हित में काम करेंगे : रामा

संवाददाता। नोवामुंडी



झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के बैनर तले गुवा कारो नदी तट पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे ने नया साल 2024 का आगाज करते हुए सेल के श्रमिकों को संबोधित कर कहा कि मजदूर हित में काम करेंगे. सारंडा के कारों नदी किनारे में शपथ लेते हैं कि मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर खेत में आंदोलन होगा. ईट का जवाब पत्थर से देंगे, सभी मजदूरों के साथ मिलकर इस बार सेल प्रबंधन के साथ अपनी मांगों को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी.

गुवा सेल प्रबंधन हमेशा मजदूरों को शोषण किया है.मजदूरों का आंदोलन में कंधों से कंधा मिलाकर साथ देंगे. इसके लिए सभी मजदूरों को एकजुट होने की जरूरत है.कार्यक्रम के अंत में सभी मजदूरों ने एक साथ सामूहिक वनभोज का आनंद लिया. इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे,संघ के महामंत्री अंतर्यामी महाकुड, राकेश कुमार यादव, मुकेश कुमार पासवान, दीपक कुमार, विष्णु प्रसाद, किशोर सिंह, माया बोसा, कुंदन थापा, संजू गोच्छाईत, चंद्रिका खंडाईत, आरती होरो, बांसती देवी, चीकू दास, पंकज गुप्ता सहित अन्य मज़दूर शामिल थे.

# आखिर कब बनेगी बराईबुरु-टाटीबा सड़क, ग्रामीण परेशान

संवाददाता। किरीबुरु

**खास बातें**

- ग्राम सभा से स्वीकृति के बाद भी नहीं बनी सड़क
- सड़क का निर्माण नहीं होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण

किरीबुरु पूर्वी पंचायत के बराईबुरु एवं टाटीबा गांव तथा इस गांव के रास्ते झारखंड को ओडिशा से जोड़ने वाली यह सड़क एवं बराईबुरु स्कूल के समीप पुलिया का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इस संबंध में मुखिया मंगल सिंह गिलुवा ने बताया की इस सड़क व पुलिया का निर्माण हेतु वर्षों से जिला व प्रखंड प्रशासन को आवेदन दिया जाता आ रहा है, ग्राम सभा से स्वीकृत कर दी गई है.

इसके बावजूद सड़क का निर्माण नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि वर्षों पहले गांव क्षेत्र में खनन कार्य कर रही कंपनी त्रिवेणी द्वारा अपने सीएसआर योजना के तहत कुछ दूरी तक सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन काफी सड़क व पुलिया का निर्माण नहीं हो सका. दोनों गांव विभिन्न खदानों से घिरे हैं. डीएमएफटी निधि का पैसा भी खदान से प्रभावित हमारे पंचायत के गांवों में खर्च नहीं हो पा रहा है. यह सड़क झारखंड व ओडिशा के लोगों के लिये काफी शॉर्ट रास्ता है. अभी भी प्रतिदिन कई वाहनों का इस मार्ग से आवागमन होता है.

**समस्या**

## मूर्तिकार ने कहा, परिवार पाल अपनी सभी जरूरतों को पूरा नहीं कर सकते

# मूर्तिकारों के सामने बेरोजगारी की विकट समस्या

संवाददाता। किरीबुरु


मां सरस्वती की मूर्ति बनाते तुषार डिंडा.

**छलका दर्द**

- धार्मिक आस्था के प्रति लोगों का झुकाव कम
- युवाओं का मोबाइल के प्रति झुकाव ज्यादा

किरीबुरु एवं आसपास के क्षेत्रों मे पर्व-त्योहारों एवं पूजा के प्रति लोगों की आस्था व झुकाव कम हुई है. इस वजह से मूर्तिकारों के सामने बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गई है. दशकों से किरीबुरु में रहकर विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्ति बनाने वाले पश्चिम बंगाल के मिदनापुर निवासी मूर्तिकार तुषार डिंडा ने बताया कि पहले सिर्फ मां सरस्वती की 40-50 मूर्तियां बनाते थे. स्कूल से लेकर लोगों के घर व हर गली-मुहल्लों में सरस्वती पूजा काफी धूमधाम से होती थी. लेकिन इस बार एकमात्र मूर्ति बना रहे हैं. उन्होंने बताया कि इसका सबसे बड़ा कारण मोबाइल है. इसके कारण लोग धार्मिक आस्था से दूर हो गए हैं.

युवा मोबाइल में पैसे रिचार्ज कर दिन भर व्यस्त रहते हैं. इसके अलावे किरीबुरु-मेघाहातुबुरु से सेलकर्मियों की तादाद में भारी कमी, ठेका मजदूरों को उतना पैसा नहीं मिलता है, जितना में वह अपना परिवार पाल सभी जरुरतों को भी पूरा नहीं कर सकते हैं. रोजगार की तलाश में युवाओं का बडे. पैमाने पर क्षेत्र से पलायन की मूल वजह महंगाई, शिक्षा, चिकित्सा सेवा आदि का काफी महंगा होना हैं. उन्होंने कहा कि 12 फरवरी को सरस्वती पूजा है. लेकिन पिछले कुछ वर्षों से जो स्थिति उत्पन्न हो गई है, उससे अपना व परिवार का पेट पालना मुश्किल हो गया है. अन्य क्षेत्रों की स्थिति यहां की स्थिति से थोड़ी अवश्य ठीक होगी, लेकिन पहले जैसी स्थिति किसी भी क्षेत्र की नहीं है.

# झरने से निकला नाले का लाल पानी, ग्रामीण परेशान

संवाददाता। किरीबुरु



सारंडा के कलैता गांव क्षेत्र से गुजरने वाली प्राकृतिक नाला को आखिर प्रदूषित व लाल कौन कर रहा है. इस नाले के पानी का इस्तेमाल कलैता, मर्चीगड़ा, .जुम्बईबुरु आदि गांवों के ग्रामीण पेयजल समेत विभिन्न कार्यों के लिये करते हैं. ग्रामीणों को भय है कि इस नाले के लाल पानी के इस्तेमाल से वह विभिन्न रोगों से ग्रसित हो जायेंगे. उल्लेखनीय है कि यह नाला किरीबुरु थाना क्षेत्र स्थित सारंडा जंगल की ऊंची पहाड़ियों पर स्थित प्राकृतिक झरने से निकली है.

झरने के उद्गम स्थल से निकलने वाला पानी पूरी तरह से साफ रहता है. बीच रास्ते में ही यह पानी कहीं लाल हो रही है. बता दें कि उक्त गांव के लोग इस नाले के पानी से घर के कपड़े, बर्तन धोने के अलावा स्नान में भी उपयोग करते हैं. नाले के बगल में चुआं बनाकर इस पानी को पारंपरिक तरीके से साफ कर उसे खाना बनाने व पीने के रूप में इस्तेमाल करते हैं. हालांकि, इस नाला का पानी वर्षा होने पर लाल हो जाता है. लेकिन, वर्तमान में बरसात भी नदारद है. इसके बावजूद भी पानी लाल हो गया है. इससे ग्रामीण परेशान हैं कि आखिर कहां पर इस नाला में लाल मिट्टी प्रवेश कर रहा है, जिससे यह पानी प्रदूषित हो रहा है.

कार्यपालक दंडाधिकारी, रामगढ़
**शपथ पत्र**
मैं नैनवा देवी (Nainwa Devi) पति प्रसाद यादव उम्र लगभग 79 वर्ष, धर्म हिन्दू, पेशा– गृहिणी, राष्ट्रीयता भारतीय, निवास स्थान ग्राम – छोटकाकाना, पो. बरकाकाना, थाना – पतरातू, जिला – रामगढ़ (झारखंड) शपथपूर्वक निम्न बयान करती हूं कि –
1. यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम नैनवा देवी (Nainwa Devi) है, जो मेरे आधार कार्ड संख्या 748473352678 में दर्ज है।।
2. यह कि बरकाकाना डाकघर में बचत खाता संख्या 439780 में मेरा मैनवा देवी (Mainwa Devi) दर्ज हो गया है।
3. यह कि नैनवा देवी (Nainwa Devi) एवं मैनवा देवी (Mainwa Devi) दोनों नाम एक ही महिला का है, जो मैं स्वयं हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मैं इससे संबंधित सक्षम पदाधिकारी को देने के लिए बना रही हूं।
5. यह कि उपरोक्त कथन मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।
शपथ पत्र संख्या 19086/04.12.23

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023 ● पौष कृष्ण पक्ष 03 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 251 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र




# सिनीडीह में बाहुबल के जोर पर रैयती जमीन पर कोयले का खनन

## बीसीसीएल की बंद माइंस व परियोजना के बाद अब रैयती जमीन पर कोयला तस्करों ने जमाया कब्जा

**राम कुमार पांडेय। कतरास**

जिला प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद कोयलांचल में बीसीसीएल की बंद खदानों व परियोजनाओं में अवैध खनन बदस्तूर जारी है. इस पर अंकुश लगने के बजाय इसका दायरा दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा. अब कोयला तस्करों ने शासन प्रशासन को चुनौती देते हुए लोगों के रैयती जमीन पर अपना ठिकाना बना लिया है. रेयत अपनी जमीन को बचाने के लिए शासन प्रशासन से फरियाद लगा रहे हैं बावजूद तस्करों के रसूख व पैसे के पावर के आगे रैयतों की फरियाद दम तोड रही है. मधुबन थाना क्षेत्र के सिनीडीह में महेशपुर पंचायत सचिवालय के पीछे कोयला तस्कर अपनी बाहुबल के जोर से रैयती जमीन पर कब्जा कर खेतीयुक्त भूमि में फसल की बजाय बीसीसीएल की तर्ज पर समानांतर कोयले का उत्पादन कर रहे हैं. सिनीडीह में कोयला तस्कर रैयती जमीन को ओपेनकास्ट की तरह खुदाई कर बाकायदा डायनामाइट से ब्लास्टिंग कर सैकड़ों बाहरी मजदूरों से दिन रात कोयले की कटाई करवा रहे हैं. ओर कोयले को बोरियों में भर कर उसे ट्रकों से बाहर भेज रहे हैं. प्रतिदिन यहां से एक दो नहीं बल्कि दर्जनों ट्रक कोयला निकाला जा रहा है. रेयतों के अनुसार इस अवैध माइंस का जीएम सुमंत यादव नामक व्यक्ति बताया जाता है. सुमंत ने काले हीरे की तस्करी कर अकूत पैसा कमाया है. सुमंत की इसी काली कमाई और रसूख के कारण स्थानीय पुलिस उसके काले साम्राज्य पर आंख उठा कर देखने की भी हिमाकत नहीं करती है.

### शिकायत के बावजूद शासन-प्रशासन मौन

रैयत सुनील कुमार सिन्हा ने अपनी रैयती जमीन पर हो रहे अवैध कोयला खनन की लिखित शिकायत धनबाद उपायुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी से करते हुए अपनी खेती योग्य जमीन को बचाने के साथ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की फरियाद लगाई है.



रैयत सुनील कुमार सिन्हा ने अपनी शिकायत में लिखा है कि मधुबन थाना क्षेत्र के महेशपुर मौजा में खाता संख्या 09 प्लांट संख्या 17 कुल रकवा 40 डिसमिल जमीन रैयती भूमि मेरी मां लाल कुमारी देवी के नाम पर है, जिस पर कोयला तस्करों ने खेत की मिट्टी काट कर अवैध खदान खोल कर दिन रात कोयले की निकासी कर रहे हैं. जिससे खनिज संपदा के लूट के साथ मेरी खेती योग्य भूमि बर्बाद हो रही है. वहीं गरीब मजदूरों के जान माल का खतरा बना है. लेकिन रैयत की शिकायत के बावजूद भी शासन प्रशासन मौन है.

**पुलिस ने कहा-धंधेबाजों से समझौता कर लो :** रैयत सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि कोयला तस्कर हमारे रैयती खेत में खुदाई कर कोयले की कटाई कर रहे हैं. हम बाहर रहते हैं जब हमें अपने जमीन पर हो रहे अवैध खनन की जानकारी मिली तो हम अपनी जमीन पर पहुंचे तो वहां देखा की अनगिनत मजदूर हमारी जमीन पर कोयले की कटाई कर रहे हैं. विरोध करने पर हमें तस्करों ने जान मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया. हम मधुबन थाना पहुंच कर अपनी जमीन बजाने तथा अवैध खनन पर रोक लगाने की फरियाद लगाए. लेकिन पुलिस ने समझौता करने की बात कह हमें वापस लौटा दिया. हमें गांव वालों से जानकारी मिली है की सुमंत यादव तथा पंचायत के एक प्रतिनिधि हमारी जमीन पर खनन करवा रहे हैं. मामले को लेकर हमने धनबाद उपायुक्त अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिख कर जमीन बचाने की गुहार लगाई है.

### ब्लास्टिंग से अनहोनी की आशंका : राजेश

स्थानीय ग्रामीण राजेश रवानी ने बताया कि प्रतिदिन यहां एक दर्जन से अधिक ट्रक कोयले की कटाई



की जा रही है. धंधेबाज खनन के दौरान ब्लास्टिंग करवाते हैं, जिससे अनहोनी का डर बना रहता है. कोयला तस्करों की दबंगता के कारण हम ग्रामीण डर के साए में जी रहे हैं. पुलिस प्रशासन हमलोगों की नहीं सुनता.

### धंधेबाज केस में फंसाने की धमकी देते हैं : हरिशंकर

गांव के हरिशंकर बाउरी ने कहा कि दिन दहाड़े कोयले की कटाई कर तस्कर ट्रकों से कोयला पार करवाते हैं. पुलिस प्रशासन को जानकारी देने पर धंधेबाज गलत मुकदमें में फंसाने की धमकी देते हैं, अब तो लगता है कि यह धंधा बंद नहीं होने वाला है.



27 दिसंबर को बाघमारा अंचल के मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर मौजा में अवैध उत्खनन की शिकायत मिली है. जांच के लिए थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को भेज दिया गया है. मामला सही पाए जाने पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी. **-उदय रजक,** अनुमंडल पदाधिकारी

---

## बोकारो : शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 10 लाख की नकली शराब जब्त



**जरीडीह।** जिले के जरीडीह प्रखंड अंतर्गत तुपकाडीह में उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार की देर रात अवैध अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री का उद्भेदन किया. टीम ने 10 लाख रुपए की नकली शराब, शराब बनाने की सामग्री व इस्तेमाल में आने वाले अन्य सामान जब्त किए हैं. यह फैक्ट्री सुरेंद्र अग्रवाल के घर में चलाई जा रही थी. छापेमारी की भनक लगते ही सुरेंद्र अग्रवाल और उसका कारोबारी मित्र राहुल यादव फरार हो गए. जबकि फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी कतरास निवासी अजय अग्रवाल और चास निवासी अशोक राम रवानी को गिरफ्तार कर लिया गया है. फैक्ट्री से कई नामी ब्रांडों के नाम पर तैयार की गई नकली शराब की पेटियां बरामद की गई हैं.

जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री से तैयार शराब को स्थानीय मार्केट के साथ ही बिहार के बाजार में भी खपाया जा रहा था. छापेमारी में शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले स्प्रिट, शराब की कई ब्रांडों के रैपर, ढक्कन, बोतलें आदि बरामद किया गया है. इसमें 340 लीटर स्प्रिट, 5 हजार कॉर्क, 3 हजार खाली बोतल, 219 लीटर तैयार शराब बरामद शामिल है. उत्पाद विभाग की टीम सभी सामान जब्त कर अपने साथ ले गई.

### प्रिंस ने सर्वमंगला नर्सिंग होम से मांगी थी 1 करोड़ रंगदारी

# विरोध में डॉक्टर कल से हड़ताल पर रहेंगे

## कार्रवाई नहीं होने से आईएमए नाराज, कहा-3 दिन हड़ताल



**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के मेमको मोड़ स्थित सर्वमंगला नर्सिंग होम की संचालक डॉ सर्वमंगला प्रसाद के पति हरदेव प्रसाद को फोन कर गैंगस्टर प्रिंस खान ने एक करोड़ रुपए रंगदारी मांगी थी. धमकी मिलने के बाद पुलिस ने अब तक न तो एफआईआर दर्ज की है, न ही किसी तरह की प्रशासनिक कार्रवाई ही हुई है. इससे आक्रोशित आईएमए ने 30 दिसंबर से तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है.

यह जानकारी एशियन जालान हॉस्पिटल में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह ने दी. उन्होंने कहा कि प्रशासन को डॉक्टरों से कोई लेना-देना नहीं है. डॉ सर्वमंगला प्रसाद को धमकी मिलने के इतने दिन बाद भी अब तक प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं की गई है. जबकि प्रशासन को पहले ही अल्टीमेटम दे दिया गया था. कार्रवाई नहीं होने से शहर के डॉक्टर सहमे हुए हैं. इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक सभी निजी अस्पतालों के डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे. इस इमरजेंसी सेवा भी बंद रहेगी. यदि प्रशासन ने ठोस पहल नहीं की, तो डॉक्टर बेमियादी हड़ताल करने को बाध्य होंगे.

### जिले में डॉक्टर सुरक्षित नहीं : डॉ चंदन

आईएमए धनबाद के अध्यक्ष डॉ मेजर चंदन ने कहा कि जिले के डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं. लगातार धमकियां मिल रही हैं. उन्होंने कहा कि शनिवार से आईएमए धनबाद के साथ सभी निजी अस्पताल, क्लिनिक और नर्सिंग होम के डॉक्टर तीन दिनों तक हड़ताल पर रहेंगे. इसकी पूरी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी. आकस्मिक सेवा को भी हड़ताल में शामिल किया गया है. उन्होंने डॉ. सर्वमंगला प्रसाद को सुरक्षा देने की मांग की है. प्रेसवार्ता में डॉ प्रणय पूर्वे, डॉ अभिजीत सिंह, डॉ राकेश इंदर सिंह समेत अन्य मौजूद थे.

# सीएम आवास घेरने जा रहे पारा शिक्षकों को रोका

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के पारा शिक्षक अपने वेतनमान की मांग को ले कर गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले थे. इन्हें रांची एसएसपी आवास के पास ही रोक दिया गया. सभी पारा शिक्षक एसएसपी आवास के पास ही धरने पर बैठ गए. और प्रदर्शन करने लगे. इस धरने में आकलन परीक्षा पास और टेट पास पारा शिक्षक शामिल थे. इनकी संख्या लगभग 2000 थी. झारखंड के सभी जिलों से आए थे. इनकी तीन दौर की वार्ता चली. पहले दौर की वार्ता में रांची एडीएम लॉ एंड ऑडर राजेश्वर नाथ आलोक से हुई. दूसरी वार्ता सदर के एसडीएम उत्कर्ष कुमार के साथ वार्ता हुई. उन्होंने समझाया, लेकिन पारा शिक्षक नहीं मानें. तीसरे दौर की वार्ता शिक्षा विभाग के प्रशासनिक पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्रा से हुई लेकिन तीनों पदाधिकारियों से पारा शिक्षकों ने कहा कि हमें लिखित आश्वाशन दें. तब हम यहां से जाएंगे. पारा शिक्षकों का एक गुट राजभवन के सामने 4 महीनें से घरने पर बैठा है. इस बीच कई नेता, विधायक और मंत्री से मिले. सभी ने आश्वासन दिया. राजद कार्यालय और जेएमएम कार्यालय का घेराव भी किया. 28 दिसबंर को सीएम कार्यालय घेराव करने गए, लेकिन इन्हें बीच में ही रोक दिया गया.

### एसएसपी आवास के पास 4 घंटा करते रहे प्रदर्शन



- 1 बजे एसएसपी आवास पहुचे
- 2 :25 बजे में पहली वार्ता
- 2:46 बजे एंबुलेंस फंसा
- 3 बजे दूसरी वार्ता
- 4 बजे तीसरी वार्ता
- 5 : 15 बजे पारा शिक्षकों ने वापस जाने का निर्णय लिया

## बागबेड़ा में एजेंट के घर से 17 लाख चोरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर 1 स्वास्तिक वाटिका निवासी सतेंद्र सिंह के घर से चोरों ने 17 लाख नकद की चोरी कर ली. घटना बीती बुधवार देर रात की है. सतेंद्र कलेक्शन एजेंट का काम करते हैं. इसकी जानकारी उन्होंने अपनी कंपनी के वरीय अधिकारियों को दी. जानकारी मिलने पर दिलीप कुमार ठाकुर के बयान पर बागबेड़ा थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है.

पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. वहीं पुलिस सतेंद्र से भी पूछताछ कर रही है. सतेंद्र के बेटे सनी ने बताया कि उनके पिता सतेंद्र कंपनी में काम करते हैं. घर पर कलेक्शन का 17 लाख रुपए रखा हुआ था. वह रात को जिम से वापस आया और दरवाजे को बंद करना भूल गया. सभी रात में सो गए. सुबह जब उसे तो पाया कि अलमीरा खुली है और उसमें रखे 17 लाख रुपए गायब हैं. इधर, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

# पलामू में डीसी-एसपी के चालकों ने किया दुष्कर्म

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

**खास बातें**

- डीसी और एसपी ऑफिस में तैनात दोनों चालक गिरफ्तार
- महिला की शिकायत पर पुलिस ने दो घंटे में ही की कार्रवाई

पलामू जिले में गुरुवार को दो वरिष्ठ अधिकारियों के चालकों द्वारा एक महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने यह जानकारी दी. उसने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

पुलिस ने बताया कि आरोपियों और महिला को चिकित्सीय जांच के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है. आरोपियों की पहचान पलामू के उपायुक्त शशि रंजन के काफिले के चालक धर्मेंद्र कुमार और पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के आवास पर कार्यरत चालक प्रकाश कुमार के रूप में की गई. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना कथित तौर पर सुबह हुई जब महिला डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से बाहर निकल कर एक मोबाइल रिचार्ज के लिए दुकान पर गई. दोनों चालक वहां पहले से ही मौजूद थे. महिला के आरोप के मुताबिक, वह इलाज के लिए मेदिनीनगर जाना चाहती थी. महिला ने पुलिस को बताया कि उसे भरोसे में लेकर दोनों चालक उसे रेलवे स्टेशन के पास ही एक कमरे में ले गए और उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया. महिला ने शहर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई और दो घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ लिया गया. पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

## राज्य के आदिवासियों की महारैली 4 फरवरी को

**रांची।** आदिवासियों की संवैधानिक हक-अधिकारों और आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों के संघर्षों को दिशा देने के लिए रांची में 4 फरवरी को विभिन आदिवासी संगठनो ने आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया है.गुरुवार को मोराहबादी में विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं का बैठक हुआ.अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि विभाजन कारी त्तत्वो ने सता पाने के लिए आदिवासी समाज को लड़ाने का काम कर रही है.और छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के बीच फूट डालकर अपने स्वार्थ के लिए उन्हें लड़वाने के साथ पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी सफलता से बहुत अधिक उत्साहित है. और वे अपने इस प्रयोग को झारखंड में दोहराना चाहते हैं ताकि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में उन्हें सफलता मिल सके लेकिन झारखंड के आदिवासी जागरुक और समझदार होने के साथ ही एकजुट भी है.

---

## 65 मकान अब तक हो चुके हैं जमींदोज, सड़कें भी धंस चुकीं, हर घर में है दरार

### भौंरा 12 नंबर का दो सालों में बदल गया चेहरा, 80 प्रतिशत लोग जान के डर से कर गए पलायन

# हंसती-खेलती दुनिया थी, अब श्मशान सी खामोशी

**रंजीत सिंह । धनबाद**

टूटे-फूटे मकान, धंसी सड़कें, हर तरफ गर्द व गुबार, मुरझाए चेहरे और रह-रहकर ब्लास्टिंग के सायरन की गूंज और फिर सबके चेहरे पर पसरता खौफ... छह पीढ़ियों से रह रहे भौंरा 12 नंबर के हजारों लोगों की जिदंगी ऐसे ही जद्दोजहद के बीच गुजर रही है. कभी यह इलाका खुशियों से गुलजार था, रौनक थी और लोगों के चेहरे पर मुस्कान थी, लेकिन अब इनका आशियाना खंडहर में तब्दील हो गया है. इस इलाके में पिछले कई सालों पूर्व यहां पर आउट सोर्सिंग चालू हुई थी लेकिन पिछले दो सालों में इनकी खुशियों पर ग्रहण लगना शुरू हो गया, पूर्व की पांच हजार आबादी के अनुसार यहां अब 20 प्रतिशत ही लोग बचे है. जो बचे हैं, वह भी पल-पल अपने परिवार के साथ मौत के साये में रहने को मजबूर हैं .इनकी परेशानियों का हल ना तो बीसीसीएल के वरीय अधिकारी कर रहे है और ना ही जिला प्रशासन और न ही इनकी आवाज उठाने वाला कोई जनप्रतिनिधि है. ऐसे में यहां के लोगों ने पलायन शुरू कर दिया और धीरे-धीरे यहां की अस्सी प्रतिशत आबादी अपना आशियाना छोड़ कर चले गए. कुछ लोग आज भी यहां रह रहे हैं.









### 40 सालों तक रही, अब कहां जाएं : गौरा देवी

रैयत गौरा देवी बताती हैं कि वह भौरा 12 नंबर में अपने परिवार के साथ



40 वर्षों से रह रही है. पहले क्षेत्र की स्थिति काफी अच्छी थी . लेकिन पिछले दो वर्षों से आउटसोर्सिंग के कारण घर जर्जर हो रहा था . इसकी लिखित शिकायत बीसीसीएल के वरीय अधिकारियों को दी गई. बावजूद इसके कोई कार्यवाई नहीं हुई . छह महीना पूर्व घर हैवी ब्लास्टिंग के कारण पूरी तरह टूट गया. अब सभी परिवार इसी टूटे घर में रहने को मजबूर हैं. कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है .बीसीसीएल और आउट सोर्सिंग के अधिकारी हमें अन्यत्र बसाने की बात कहकर भूल गए हैं.

### छह पीढ़ियों के बाद हो गया सुनसान : रवानी

रैयत प्रेम चंद रवानी ने कहा कि हमारा परिवार छह पीढ़ियों से



रह रहा है. लेकिन पूर्व की आबादी के अनुसार यहां अब बीस प्रतिशत लोग ही बचे हैं.सैकडों घर हैवी ब्लास्टिंग के कारण टूट चुके हैं. दूसरा कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं होने के कारण इसी टूटे मकान में रहने को मजबूर हैं.इस बीच अगर रैयतों को कुछ हुआ तो इसकी जवाबदेही आउट सोर्सिंग और बीसीसीएल की होगी. प्रेम चंद ने यह भी कहा कि भौंरा 12 नम्बर में ऐसा भी दिन आएगा कभी नहीं सोचा था.

### जान बचाने के लिए लोग छोड़ रहे मकान : महतो

रैयत योगेंद्र महतो ने कहा कि भौरा 12 नंबर की स्थिति पिछले छह महीने से काफी खराब हो गई है. यहां के लोग पलायन करने को मजबूर हैं. सैकड़ो घरों में दरार है जिसमें सौ घर पूरी तरह जमींदोज हो चुके हैं .कई बार इसकी लिखित शिकायत बीसीसीएल और आउट सोर्सिंग प्रबंधक को की गई लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई. जिसके कारण यहां रैयत अपने टूटे आशियाने में ही रहने को मजबूर हैं. जबकि यहां के लोग स्वेच्छा से हटने को तैयार हैं, बावजूद इसके अधिकारी मौन है. उन्होंने कहा कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है.

### 5 अब तो श्मशान सा बन गया है : रेणुका

रैयत रेणुका देवी ने कहा कि 30 वर्ष पूर्व जब शादी कर अपने पति के साथ भौरा 12 नंबर आई थी तो यहां काफी हरियाली थी.काफी चहल-पहल सा माहौल रहता था.परिवार के लोग छह पीढ़ियों से उक्त स्थल पर रहते थे. लेकिन पिछले दो वर्षों से यहां की स्थिति हैवी ब्लास्टिंग के कारण शमशान जैसी हो गई है. पूरा परिवार हमेशा मौत के साये में रहने को मजबूर है.

▼ ब्रीफ खबरें

## कार के धक्के से स्कूटी सवार घायल

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत एयरपोर्ट के पास एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर के बाद ऑटो आगे चल रहे स्कूटी से टकराकर सड़क किनारे पलट गई. घटना को अंजाम देने के बाद कार तेजी से मौके से फरार हो गई. इधर, स्थानीय लोगों ने ऑटो को सीधा किया और घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. इस घटना में ऑटो और स्कूटी सवार चार लोग घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार कार सोनारी की तरफ जा रही थी. रास्ते में एयरपोर्ट के पास कार ने आगे चल रहे ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी जिससे ऑटो चालक नियंत्रण खोते हुए स्कूटी से टकराई और सड़क किनारे पलट गई.

## दानिश के खिलाफ एसएसपी से शिकायत

**धनबाद ।** लाला हत्याकांड में जेल में बंद दानिश मल्लिक के खिलाफ एसएसपी धनबाद से शिकायत की गई है. पांडरपाला निवासी मनोज सिंह ने शिकायत देकर बताया है कि उसे दानिश ने पूर्व में भी जेल से वाट्स अप कॉल कर धमकी दी थी. इस बार उसके दो लोग हथियार के साथ उसके पांडरपाला घर आए थे और जान मारने की धमकी देकर चले गए. शिकायत में उसने बताया है कि भूली की एक जमीन को लेकर उसकी पूर्व में एक डील हुई थी, जिसमें दानिश ने कुछ रकम बाकी रखी है. इसी रकम को लेकर दानिश ने उसे धमकी दी है.

## दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के जुगसलाई स्थित पिगमेंट गेट के पास हुए सड़क दुर्घटना में घायल 44 वर्षीय मनोज प्रसाद की बुधवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई. 26 दिसंबर की रात हुई सड़क दुर्घटना में मनोज गंभीर रूप से घायल हो गए थे. उन्हें इलाज के लिए पुलिस ने घायल अवस्था में सदर अस्पताल पहुंचाया था जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया गया. एमजीएम में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पत्नी पूनम ने बताया कि वे लोग जुगसलाई के बलदेव बस्ती के रहने वाले है.

## 13 वर्षीय किशोरी ने फंदे पर झूल कर जान दे दी

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत गदरा फकीर टोला निवासी 13 वर्षीय तनिष्का टेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना बुधवार देर रात की है. जानकारी मिलने पर परिजन उसे फंदे से उतारकर एमजीएम ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. तनिष्का ने छठी कक्षा तक की ही पढ़ाई की थी. उसने फांसी क्यों लगाई इस मामले में परिजन कुछ भी नहीं बता पा रही है. इधर, पुलिस मौके पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## उत्पाद विभाग ने 975 लीटर चुलाई शराब जब्त

**पलामू ।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर नये वर्ष के मद्देनजर अवैध मदिरा के विनिर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर छापेमारी किया जा रहा है. पिछले एक सप्ताह में उत्पाद विभाग द्वारा नौडीहा बाजार थानान्तर्गत- सलैया, विशूनपुर, चैनपुर थानान्तर्गत-कल्याणपुर, सेमरटॉड, अकड़ाही, हरिहरगंज थानान्तर्गत लालगढ़ा गांव स्थित संगूरी पहाड़, सिकारपुर, कोडला कुलहिया गांव में और शहर थानान्तर्गत बारालोटा, हाउसिंग कॉलोनी, हॉस्पीटल चौक में छापेमारी किया गया है. इस अभियान में अब तक 975 लीटर अवैध महुआ एवं 89800.00 कि.ग्रा. जावा महुआ बरामद हुआ.

## तीन घरों में चोरी, छह लाख की संपत्ति गायब

**पलामू ।** पिपरा थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव में बुधवार की रात एक साथ तीन घरों में चोरी की वारदात हुई, जबकि एक घर में चोरी का असफल प्रयास किया गया. 1.20 लाख नगद और पांच लाख के गहने चोरी हो गई है. गुरुवार को भुक्तभोगियों ने प्राथमिक दर्ज करने के लिए आवेदन दिया. जानकारी के अनुसार गांव के मिथिलेश यादव के घर से नब्बे हजार नगद सहित करीब डेढ़ लाख की जेवरात, मुखदेव यादव के घर से 10 हजार नगद सहित जेवरात, जगदीश के घर से 20 हजार नगद सहित जेवरात जबकि श्यामदेव के घर चोरी करने गए चोरों की आवाज सुनकर परिजन जग गए.

# पेड़ से टकराया हाइवा, चालक की मौत, सह चालक घायल

▪ चालक को झपकी आ गयी थी, इसी वजह से हुआ हादसा

**संवाददाता । बेरमो**



बोकारो जिले के ललपनिया नया मोड़ सड़क पर गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां एक हाइवा ट्रक पेड़ से टकरा गया. जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं उप चालक घायल हो गया. हाइवा ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. चालक भैरव गंझू हजारीबाग के चरही स्थित तापिन क्षेत्र का रहने वाला था. घटना की जानकारी मिलने पर जागेश्वर बिहार के थाना प्रभारी संदीप कृष्णा मौके पर पहुंचकर शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तत्काल तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया. घटना की जानकारी पाकर भैरव गंझू के परिजन भी वहां पहुंच गये हैं.

**बोकारो थर्मल से कोयला अनलोड कर लौट रहा था :** संदीप कृष्णा ने बताया कि हाइवा ट्रक तापिन कोलियरी से कोयला लेकर बोकारो थर्मल गया था. वहां से कोयला अनलोड कर तापिन लौट रहा था. तभी ललपनिया नया मोड़ सड़क मार्ग के कुंदा पंचायत स्थित खखंडा ग्राम के पास गुरुवार सुबह पांच बजे हाइवा ट्रक पेड़ से टकरा गया. इस हादसे में ट्रक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. जबकि उपचालक को हल्की चोट लगी. पेड़ से टकराने के कारण हाइवा ट्रक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को झपकी आ गयी थी. इसी वजह से यह हादसा हुआ.

## बोकारोः जरीडीह में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**जरीडीह (बोकारो) ।** जरीडीह थाना क्षेत्र के बांधडीह में गुरुवार सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान कसमार थाना क्षेत्र के दांतू पंचायत के हलूमा गांव निवासी भरत सिंह के रूप में हुई है. गुरुवार सुबह घटना के बाद पुलिस गश्ती टीम ने बांधडीह फोरलेन चौक में एक दुर्घटनाग्रस्त बाइक को बरामद कर गंभीर रूप से घायल युवक को रेफरल अस्पताल जैनामोड़ पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया.

## आओ जानें

### 2023 में कितने अपराधी हुए गिरफ्तार

| | | | |
|---|---|---|---|
| खूंटी | : 57 | गिरिडीह | : 188 |
| गुमला | : 86 | धनबाद | : 121 |
| सिमडेगा | : 26 | बोकारो | : 101 |
| लोहरदगा | : 45 | दुमका | : 24 |
| चाईबासा | : 94 | गोड्डा | : 81 |
| सराइकेला | : 49 | जामताड़ा | : 40 |
| जमशेदपुर | : 158 | देवघर | : 111 |
| पलामू | : 83 | साहेबगंज | : 97 |
| लातेहार | : 75 | पाकुड़ | : 54 |
| गढ़वा | : 125 | रेल जमशेदपुर | : 12 |
| हजारीबाग | : 163 | रेल धनबाद | : 12 |
| रामगढ़ | : 51 | रांची | : 199 |
| कोडरमा | : 90 | **कुल** | **: 2234** |
| चतरा | : 93 | (आंकड़े 2023 के) | |

## एनआईए ने झारखंड पुलिस को लिखा पत्र, किया अनुरोध

# इंस्पेक्टर, एसआई, एएसआई और सिपाही को प्रतिनियुक्ति पर भेजें

**संवाददाता । रांची**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, एएसआई और कांस्टेबल को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है. इसको लेकर एनआईए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है. पत्र में लिखा है कि एनआईए के विभिन्न ब्रांचों में 43 इंस्पेक्टर, 51 सब इंस्पेक्टर, 13 एएसआई पर 12 हेड कांस्टेबल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी. इन पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में की जाएगी.

**डेपुटेशन के आधार पर की जाएगी बहाली :** इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एनआईए की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए इन पदों पर आवेदन दे सकते हैं. आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. फॉर्म भरने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर है. इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 119 पद भरे जायेंगे. इन पदों पर बहाली डेपुटेशन के आधार पर की जाएगी.

**कौन कर सकता है इन पदों पर आवेदन :** इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर उम्मीदवार के पास किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए. साथ ही आपराधिक मामलों की जांच या खुफिया वर्क या ऑपरेशन या सूचना प्रौद्योगिकी मामलों या आतंकवाद विरोधी ट्रेनिंग के मामलों को संभालने में दो साल का अनुभव होना चाहिए.

एएसआई उम्मीदवार के पास किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए. साथ ही पांच सालों का रेगुलर सर्विस होना चाहिए. इसके अलावा आपराधिक मामलों की जांच या खुफिया कार्य के क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए. वहीं हेड कांस्टेबल उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से कक्षा 12वीं पास होना चाहिए. साथ ही केंद्रीय या राज्य पुलिस संगठन या राज्य पुलिस संगठन या सरकार की खुफिया एजेंसी या अन्य जांच निकायों में काम करने का अनुभव होना चाहिए.

## 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में मिला प्रमोशन

**संवाददाता । रांची**




झारखंड के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में प्रमोशन मिला है. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार की दोपहर अधिसूचना जारी कर दी है.

**इन्हें मिला प्रमोशन :** डेविड सुनील कुमार मिंज, राजबल्लभ पासवान, लक्ष्मण प्रसाद, अरुणा मिश्रा,प्रमोद कुमार सिंह,अशोक पासवान, अनिल एक्का,अटल शांडिल, किशोर तिर्की, सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रभात कुमार सिंह, गोवर्धन उरांव,अजीत अरुण एक्का, सुधीर सुरीन, मुनु टुडू, नलिन कुमार मरांडी, अर्जुन पूर्ति, राइफल मुर्मू,चंद्र मोहन हंसदा, राम जी महतो,अलबिनूस इंदवार, बैजू उरांव, प्रकाश टोप्पो, अनूप बी पी केरकेट्टा, संतोष कुमार, दीपाली नायक, सतीश कुमार सिन्हा, मणि भूषण प्रसाद, वेंकटेश कुमार, मनोज कुमार सिंह, निवास सिंह,रमाकांत तिवारी, जय गोविंद प्रसाद गुप्ता, रमेश कुमार, संजय कुमार ,श्रीनिवास, राजीव रंजन लाल, सुनील कुमार चौधरी, संजीव कुमार 1, रविंद्र कुमार सिंह, विद्या शंकर, राजकुमार यादव ,सुधीर कुमार चौधरी, कृष्ण मुरारी, आबिद खान, शिव प्रकाश कुमार, नीरज कुमार, प्रभास नाथ मिश्रा, राम नारायण चौधरी, विजय रंजन कुमार, श्री नीरज ,शंकर कामती, मंजू कुमारी कश्यप, सुमन कुमार सुमन, यदु साव, इंद्रदेव राम, अजय कुमार केसरी,अरविंद कुमार सिंह ,निरंजन तिवारी, अरविंद कुमार, कौशलेंद्र कुमार झा, मनोज कुमार ठाकुर, राजेश कुमार सिंह,भरत राम, शिवपूजन बहेलिया, दीपक कुमार, झानो हंसदा,राधेश्याम दास, राजेंद्र कुमार दास, बिनेश लाल, राजेश प्रसाद रजक, राजेश कुमार, बिरजू गंझू,विश्वनाथ सिंह, सत्येंद्र प्रसाद ,अशोक कुमार राम, बनारसी प्रसाद, दयानंद आजाद, सुजीत राय, धर्मदेव पासवान, बालकृष्ण भगत ,नयन सुख दादेल, वीरेंद्र टोप्पो ,बुधराम उरांव, जयप्रकाश टोप्पो, सावना खड़िया, परमेश्वर लेयांगी , सुलेखा इसाबेला टुडू और गंदरु भगत को प्रमोशन मिला है.

## नशे में पोते ने दादी को लाठी से पीटकर मार डाला

**गोड्डा ।** लाठी से पिटाई के बाद गंभीर हालात में अस्पताल लाई गई 90 वर्ष की वृद्धा फोटो देवी की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई. घटना ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव की है. वृद्धा का पोता सोनू कुमार नशे में घर आकर अक्सर विवाद करता था. बीते बुधवार की शाम भी सोनू कुमार नशे की हालत में घर आया और किसी बात को लेकर दादी से गुस्सा हो गया. आवेश में आकर उसने लाठी से दादी की पिटाई कर दी. वृद्धा फोटो देवी को बेहोशी की हालत में ठाकुर गंगटी सीएचसी में भर्ती कराया गया. लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. गुरुवार को शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा लाया गया. शराबी सोनू कुमार के खिलाफ पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है.

# धनबाद में कोयला चोरों के 2 गुटों में जमकर हुई मारपीट

## पैसों के लेन-देन को लेकर बढ़ गया था विवाद

▪ साइकिल से चोरी का कोयला पहुंचाने वाले तीन-चार युवक घायल हुए हैं

**संवाददाता । मैथन**

मैथन ओपी क्षेत्र के संजय चौक के समीप गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे कोक भट्ठों में चोरी का कोयला आपूर्ति करने वाले दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई. घटना में साइकिल से चोरी का कोयला पहुंचाने वाले तीन-चार युवकों के घायल होने की सूचना है. स्थानीय लोगों ने दोनों गुटों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया.

बताया जाता है कि मैथन मोड़ और मेढ़ा गांव के दो एजेंटों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर पहले कहासुनी व नोंकझोंक हुई. फिर, मैथन मोड़ के यादव नाम के एजेंट ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर मेढ़ा गांव के एजेंट को पीट दिया. इसके बाद मेढ़ा गांव के एजेंट ने अपने समर्थकों को बुला लिया, फिर दोनों गुटों में आधा घंटा तक जमकर मारपीट हुई.

देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई. स्थानीय लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया. दोनों गुटों में तनाव व्याप्त है. बताया जाता है कि दोनों एजेंट कमीशन पर चोरी व अवैध खनिज कोयला को भट्ठों में पहुंचवाते हैं.

# महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या की साजिश, प्रेमी हुआ गिरफ्तार

**संवाददाता । पलामू**



एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची थी. जिले की हुसैनाबाद पुलिस ने प्रेमी को बिहार से गिरफ्तार कर इस कांड का खुलासा कर दिया है. चार दिसंबर की रात हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथरा के रहने वाले सुनील राम पर जानलेवा हमला तीन अपराधियों ने किया था. लंगरकोट पहाड़ी के पास घटना को अंजाम दिया गया था. सुनील के गर्दन पर चाकू से वार किया गया था. गंभीर रूप से जख्मी सुनील अभी भी जीवन और मौत के बीच झूल रहा है.

मेदिनीनगर के बाद रांची के रिम्स में उसका इलाज चल रहा है. सुनील की पत्नी खुशबू कुमारी इतनी शातिर है कि किसी को उस पर शक ना हो इसलिए घटना के बाद से ही हॉस्पिटल में सुनील के साथ रहकर सेवा में लगी है. गुरुवार को छतरपुर के एसडीपीओ अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सुनील पर हमला उसकी पत्नी के प्रेमी रौशन कुमार ने किया था. शादी के पहले से ही सुनील की पत्नी खुशबू का प्रेम संबंध रौशन के साथ है.

रौशन बिहार के नबीनगर के मझिआवा गांव का रहने वाला है. तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस प्रेमी रौशन तक पहुंची. रौशन को उसके घर से गिरफ्तार किया गया. रौशन की निशानदेही पर घटनास्थल पर एक कमरे से घटना में प्रयोग किया गया चाकू बरामद किया गया. पूछताछ में रौशन ने बताया कि सुनील के साथ शादी से खुशबू खुश नहीं थी. उसने किसी भी तरह सुनील को रास्ते से हटाने की बात कही थी. घटना के संबंध में सुनील की मां प्रेमा देवी ने एफआईआर दर्ज करायी थी.

# पलामू में दंपती ने नवजात बच्चे के साथ की आत्महत्या

**संवाददाता । पलामू**

पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नामुदाग के तेलियाडीह में पति-पत्नी ने नवजात के साथ आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मिलने के बाद नौडीहा बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के अनुसार, नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के तेलियाडीह में यह घटना हुई है. जोगेंद्र भुइयां नामक व्यक्ति की शादी कुछ साल पहले नौडीहा बाजार के तेलियाडीह में हुई थी. वे अपने ससुराल में ही रहते थे. उनका दो माह का बच्चा भी था. जोगेंद्र भुइयां खुद बिहार के गया के रहने वाले थे. जोगेंद्र का बुधवार की रात अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था.

पत्नी ने जोगेंद्र पर नए कपड़ों को लेकर दबाव बनाया था, जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा हो गया. झगड़े के बाद दोनों बच्चे को लेकर अलग कमरे में सो गए. गुरुवार को काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों को दी. ग्रामीणों ने घर का दरवाजा तोड़ा तो देखा कि महिला और नवजात का शव पड़ा हुआ है, जबकि जोगेंद्र भुइयां की सांसें चल रही है. जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. पुलिस ने जोगेंद्र को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गयी.

### खास बातें

- दंपती ससुराल में रहते थे, दो माह का बच्चा भी था
- तेलियाडीह में कुछ साल पहले ही हुई थी शादी

## अलग-अलग हुए दो हादसों में तीन घायल हुए, एक की मौत

**धनवार (गिरिडीह) ।** बुधवार की शाम अलग-अलग दो दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वहीं एक की मौत हो गई. पड़रिया निवासी दो युवक बाइक से केंदुआ मोड़ की ओर जा रहे थे. तभी विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रैक्टर से उनकी टक्कर हो गई. हादसे में सचिन साव (23) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, जबकि राम विनेश यादव को रेफरल अस्पताल राजधनवार लाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची रेफर कर दिया गया है. दूसरी ओर बरजो से गोडनबा की धोडथम्बा की ओर जा रहा बाइक सवार दो व्यक्ति बाघमारी के पास बाउंड्री वॉल से टकरा जाने के कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. बरजो निवासी जट्टू तुरी पिता राजन तुरी 18 वर्ष और उनके साथ एक और युवक थे दोनों को गंभीर चोट आई. दोनों को रेफरल अस्पताल राजधनवार लाया गया, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रांची रेफर कर दिया गया.

## सीआरपीएफ जवान की पत्नी के अपहरण मामले में हुई थी गिरफ्तारी

# अपहरण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**संवाददाता । गिरिडीह**


▪ आरोपी पप्पी सिंह

गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह निवासी झामुमो नेता सह जमीन कारोबारी पप्पी सिंह को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया. पप्पी सिंह को सीआरपीएफ जवान की पत्नी के अपहरण के आराप में बुधवार की शाम पाकुड़ से गिरफ्तार किया गया था. पुलिस की टीम आरोपी पप्पी सिंह को लेकर सबसे पहले कोर्ट पहुंची. कोर्ट में पेशी के बाद मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल जे जाया गया. मेडिकल जांच के बाद उसे जेल भेज दिया गया. पप्पी सिंह के सदर अस्पताल पहुंचते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई. इस दौरान लोग तरह तरह की बातें कर रहे थे. ज्ञात हो कि सिहोडीह निवासी सीआरपीएफ के जवान ने 25 दिसंबर को मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर कहा था कि पप्पी सिंह ने शादी की नियत से उसकी पत्नी का दो बच्चों के साथ अपहरण कर लिया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर पप्पी को गिरफ्तार कर लिया.

# धनबाद में मां और बेटे ने खा लिया था जहर, इलाज के दौरान मां की मौत

**संवाददाता । धनबाद**

सरायढेला थाना क्षेत्र के बापूनगर में पारिवारिक विवाद में मां और बेटे ने बुधवार को जहर खा लिया था. परिजनों ने दोनों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया था. अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार को मां की मौत हो गई. घटना के संबंध में बताया गया कि पैसे को लेकर घर में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था. बुधवार की सुबह मां इंदु देवी ने बेटे गोविंद कुमार को डांटा, तो बेटे ने जहर खा लिया. बेटे को जहर खाया देख मां ने भी जहर का सेवन कर लिया था. महिला की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था.

## अवैध कोयला के खिलाफ कार्रवाई, आठ क्विंटल कोयला जब्त, दो गिरफ्तार

**संवाददाता । बेंगाबाद (गिरिडीह)**

अवैध कोयला कारोबार के विरुद्ध बेंगाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो मोटरसाइकिल सहित 8 क्विंटल कोयला जब्त किया है. कार्रवाई के दौरान दोनों मोटरसाइकिल चालक को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार व्यक्ति में देवीपुर थाना क्षेत्र के कामरसाली निवासी गोबिंद मंडल और बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गेनरो निवासी प्रकाश साव शामिल है. दोनों के विरुद्ध बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 297/23 के तहत केस दर्ज करते हुए गुरुवार को उन्हें जेल भेज दिया गया. इस संबंध में बेंगाबाद थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि बेंगाबाद थाना अंतर्गत कर कर्मजोरा मोड़ के समीप मोटरसाइकिल में अवैध रूप से कोयला ले जाते हुए दोनों व्यक्ति को पकड़ा गया था. जिसके बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा गया है.

**झारखंड पुलिस की उपलब्धि** जनवरी 2023 से लेकर 20 दिसंबर 2023 तक झारखंड के कई जिलों में मिली सफलता

# पिछले एक साल में 397 नक्सली, 248 अपराधी हुए गिरफ्तार

**सौरभ सिंह । रांची**


पिकनिक मनाने पहुंचे सैलानी

झारखंड पुलिस के लिए साल 2023 सफलताओं से भरा रहा. जनवरी 2023 से लेकर 20 दिसंबर 2023 तक झारखंड के विभिन्न जिलों में कुल 397 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया. झारखंड में सक्रिय संगठित अपराधी गिरोह के कुल 248 अपराधी गिरफ्तार किए गए. इसके अलावा झारखंड पुलिस ने इस एक साल के दौरान 834 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया. साथ ही पांच करोड़ रूपया बैंक अकाउंट में फ्रीज कराया गया.

अवैध शराब और मादक पदार्थ के कारोबार से जुड़े 696 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया. एक साल के दौरान झारखंड में 61,001 मामले दर्ज हुए. कुल 60049 मामले का निष्पादन किया गया. इसके अलावा पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित 1716, दस वर्षों से अधिक समय से लंबित 174 और पांच वर्षों से कम समय से लंबित 58159 कांड शामिल है. राज्य में कुल 88810 वारंट और 1866 कुर्की का निष्पादन किया गया. साथ ही कांड में 21162 वारंट कुर्की में कल 25433 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया. राज्य में वाहन चोरी के विभिन्न कांडों में 838 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, और चोरी किए गए 932 दो पहिया और 108 चार पहिया के साथ दो ऑटो भी बरामद किया गया.

**397 नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार :** झारखंड में पिछले एक साल के दौरान 397 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक सैक सदस्य, एक आरसीएम, पांच जोनल कमांडर, 11 सब जोनल कमांडर, नौ एरिया कमांडर शामिल हैं. इसके अलावा इस दौरान 26 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष सरेंडर किया. जिसमें तीन आरसीएम, दो जोनल कमांडर, नौ सब एरिया कमांडर और दो एरिया कमांडर शामिल है. इस दौरान झारखंड पुलिस ने नक्सलियों के 152 हथियार 10350 गोली, नक्सलियों के द्वारा लगाए गए 244 आईईडी और 17.56 लाख रूपया लेवी के बरामद किए.

## सक्रिय संगठित अपराधी गिरोह के 248 अपराधी गिरफ्तार हुए

झारखंड में सक्रिय संगठित अपराधी गिरोह के 248 अपराधी गिरफ्तार हुए. जिनमें पांडेय गिरोह के 14, अमन साव गिरोह के 20, प्रिंस खान गिरोह के 62, फहीम खान गिरोह के तीन, अमन सिंह गिरोह के 29, नेशनल आदिवासी डेमोक्रेटिक फोर्स के चार, रोहित मुंडा गिरोह के एक, कैलू पासवान गिरोह के चार, अमन श्रीवास्तव गिरोह के नौ, विकास तिवारी गिरोह के 14 और रंजीत साव गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. इन अपराधियों के पास से 129 हथियार, 1677 गोली चार विस्फोटक पदार्थ, 72.29 लाख रूपया और 65 दिरहम बरामद किया गया. झारखंड एटीएस के द्वारा संगठित अपराधी गिरोह के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इन गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्रोत, हवाला चैनल और उनके द्वारा अपराध से अर्जित किए गए संपत्तियों का पता लगाकर जब्त करने का काम किया जा रहा है.

## मृतक की पत्नी के प्रेमी ने हत्या कराने के लिए दिए थे 70 हजार रुपये

**गुमला ।** भरनो थाना क्षेत्र के सूपा-वन में पिछले शुक्रवार की शाम विजय उरांव की गोली मारकर हत्या मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने मृतक के पत्नी पूर्व पंसस वरदानी उरांव के प्रेमी दिनेश महतो सहित दो शूटर मुश्ताक अंसारी और मुजाहिर अंसारी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है. प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर एसपी हरविंदर सिंह ने हत्याकांड के कारणों का खुलासा करते हुए बताया कि अभियुक्त दिनेश महतो के साथ मृतक विजय उरांव की पत्नी वरदानी उरांव का प्रेम-प्रसंग चल रहा था. जिसकी जानकारी मृतक विजय उरांव को हो गई थी. विजय उरांव ने दिनेश महतो को जान मारने की धमकी भी दिया था और दिनेश महतो द्वारा सहारा इंडिया का पैसा विजय के पास जमा था उसे लौटाने से इंकार कर दिया था.

### ब्रीफ खबरें

### गंधानिया मैदान में जलमीनार का हुआ शिलान्यास

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड अंतर्गत काडाडूबा के गंधानिया हाट मैदान में 15वीं वित्त आयोग से पंचायत समिति सदस्य निधि से सोलर जलमीनार का प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू, उप प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने गुरुवार को संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शिलान्यास किया. इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि गंधानिया हाट मैदान में साप्ताहिक बाजार लगता है. इसके कारण दूर-दूर गांव से लोग बाजार करने आते हैं. खासकर गर्मी के दिनों में पानी का समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है.

### झामुमो कार्यकर्ता जयपाल के निधन पर जताया शोक

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के हांड़दा निवासी जयपाल सोरेन का निधन गुरुवार सुबह को हो गई. झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता जयपाल सोरेन ने झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी. इनके निधन पर विधायक संजीव सरदार, उप प्रमुख चैतन मुर्मू झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, बीस सूत्री अध्यक्ष भागात बास्के, जयपाल सिंह मुर्मू, भगत हांसदा, मनोज मुर्मू समेत अन्य झामुमो कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है. विधायक संजीव सरदार ने बताया कि वरिष्ठ कार्यकर्ता जयपाल सोरेन आजीवन झामुमो से जुड़े रहे.

### अब 12 जनवरी तक बनवा सकते हैं नया वोटर कार्ड

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला समेत झारखंड वासी अब 12 जनवरी तक नया वोटर आईडी कार्ड बनवा सकते है. इसके अलावा वोटर आईडी में बदलाव भी करवा सकते है. गुरुवार को इसकी जानकारी डीडीसी मनीष कुमार ने उपायुक्त कार्यालय सभागार में एक प्रेस वार्ता के दौरान दी. डीडीसी ने बताया कि 26 दिसंबर को ही वोटर आईडी में नाम जोड़ने का काम बंद कर दिया गया था पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आदेश के बाद यह तारीख बढ़ाकर 12 जनवरी कर दी गई है.

### आईसीसी के पूर्व महासचिव की मनाई गई पुण्यतिथि

**घाटशिला।** स्वर्गीय बसुकी सिंह की 35वीं पुण्यतिथि गुरुवार को मऊभंडार के स्टोरपाड़ा स्थित उनके आवास एवं आईसीसी वर्कर्स यूनियन कार्यालय पर यूनियन नेता तथा परिवार के सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. मौके पर आईसीसी वर्कर्स यूनियन के महासचिव ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि स्वर्गीय बासुकी सिंह अविभाजित बिहार के दूसरे सबसे बड़े पंचायत गोपालपुर ग्राम पंचायत के मुखिया के साथ-साथ आईसीसी वर्कर्स यूनियन के महासचिव भी थे. मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी स्व. बासुकी सिंह मजदूर एवं गरीबों के अधिकार एवं हक के लिए सदैव तैयार रहते थे.


### केक काटकर मनाया रतन टाटा का जन्मदिन

**जमशेदपुर।** रतन नवल जी टाटा के 86वें जन्मदिवस पर पुराने कोर्ट परिसर में लॉयर्स डिफेंस की टीम ने जमशेदपुर जिला बार संघ के अधिवक्ताओं के साथ मिलकर उनका जन्मदिन मनाया. इस शुभ अवसर पर जमशेदपुर जिला बार संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य समिति के अध्यक्ष माननीय लाल अजीत कुमार अम्बष्ट ने केक काटकर जन्म दिवस को मनाया. उन्होंने बताया कि रतन नवल टाटा का जन्म 28 दिसंबर 1937 को हुआ और हम लोगों के बीच एक मार्गदर्शक के रूप में है. उनसे सीखने की जरूरत है कि उन्होंने अपना पूरा जीवन दूसरों की मदद के लिए दिया.

निजी सुरक्षा गार्डों का शोषण चरम पर, न्यूनतम मजदूरी से कम वेतन देते है सिक्योरिटी एजेंसी

# निजी गार्ड शोषण मामले में उप श्रमायुक्त ने गठित की टीम

**संवाददाता | आदित्यपुर**


अपर श्रमायुक्त का कार्यालय, जमशेदपुर

कार्यालय आदेश

निजी सिक्योरिटी गार्ड के शोषण की शिकायत पर उप श्रमायुक्त ने दूसरे ही दिन कार्रवाई करते छापेमारी दल का गठन कर दिया है. छापेमारी दल में जमशेदपुर और सरायकेला के श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर और अरविंद कुमार शामिल हैं. दोनों अधिकारियों को कारखाने और व्यावसायिक संगठनों में जाकर वहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड के जवानों से बातचीत कर, उसकी समस्या को जानकर सूचीबद्ध करने का आदेश उप श्रमायुक्त ने दिया है. बता दें कि बुधवार को पुरेंद्र नारायण सिंह एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जमशेदपुर के उप श्रमायुक्त से मिलकर उन्हें सिक्योरिटी गार्ड के शोषण से संबंधित ज्ञापन सौंपा था. उनसे एक टीम बनाकर निजी सिक्योरिटी गार्ड को मिलने वाले वेतन की सघन जांच करके न्यूनतम मजदूरी बैंक खाते के माध्यम से मिलना सुनिश्चित किए जाने एवं निजी सिक्योरिटी गार्ड को न्यूनतम मजदूरी से कम वेतन देने वाले एजेंसी तथा नियोक्ता पर श्रम विभाग के नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की थी. पुरेंद्र नारायण सिंह ने उप श्रमायुक्त को बताया था कि औद्योगिक इकाइयों, वाणिज्यिक संस्थानों एवं अन्य स्थानों पर कार्यरत निजी सिक्योरिटी एजेंसी का शोषण चरम सीमा पर है.

#### होगी जांच

- पुरेंद्र ने गार्ड के शोषण की शिकायत की थी
- दल में जमशेदपुर व सरायकेला के श्रम अधीक्षक शामिल

**एजेंसी के साथ नियोक्ता भी हैं जिम्मेवार :** पुरेंद्र ने कहा कि इसके लिए एक तरफ जहां एजेंसी जिम्मेवार है, वहीं, नियोक्ता भी कम जिम्मेवार नहीं है. उन्होंने उप श्रमायुक्त से कहा था कि 90% निजी सुरक्षा एजेंसी अपने सुरक्षा कर्मियों को न्यूनतम वेतन भी नहीं देती है. उलटे 8 घंटा के बदले 12 घंटे काम लेती है. नौकरी से हटाए जाने और कोई दूसरे एजेंसी में काम नहीं मिलने के डर से निजी सुरक्षा गार्ड शिकायत नहीं कर पाते हैं. अगर कोई निजी सुरक्षा गार्ड न्यूनतम मजदूरी की शिकायत करता है, तो ज्यादातर मामलों में श्रम विभाग के पदाधिकारी एजेंसी मालिकों एवं नियोक्ताओं से मिलकर कानूनी दाव पेंच का चक्कर लगवा कर शिकायतकर्ता को समझौते के लिए मजबूर कर देते हैं.

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- सामान्य ज्ञानआईसी का फुल फॉर्म क्या होता है – इंटरग्रेटेड सर्किट
- झारखंड बनते समय राज्य में कितने जिले थे – 18
- ऑप्टिकल फाइबर का आविष्कार किसने किया था – नरिंदर कपानी
- भारत किस देश से इग्ला–एस एंटीक्राफ्ट मिसाइल खरीद रहा है – रूस
- कंप्यूटर का हिंदी नाम क्या है – संगणक
- दाग प्रणाली किस शासक ने शुरू किया था – अलाउद्दीन खिलजी
- ऋग्वेद के देवताओं में तूफान के देवता का क्या नाम है – मारुत
- झारखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु किस वर्ष शुरू की गई – 2001
- कोरोनावायरस से भारत में पहली मौत कहां हुई थी – कर्नाटक
- एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का संबंध किससे है – रेलवे

कांग्रेस पार्टी ने देश को विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया

# अधूरे राम मंदिर का उद्घाटन राजनीतिक लाभ के लिए: अंबुज

**संवाददाता | आदित्यपुर**

राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस गुरुवार को सरायकेला खरसांवा जिला कमेटी ने धूमधाम से मनाया. सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी का झंडोत्तोलन कांग्रेसियों ने किया. मौके पर सभी वरिष्ठ कांग्रेसियों को अंग वस्त्र व फूल माला देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंबुज कुमार ने किया. संचालन प्रमोद कुमार सिंह ने किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव छात्र नेता अजय सिंह और प्रदेश महासचिब जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव, राकेश साहू आदि मौजूद रहे. मुख्य अतिथि अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस का मतलब संगठन होता है. देश की सबसे पुरानी पार्टी होने का गौरव कांग्रेस पार्टी को है. तब देश का मजदूर किसान, नौजवान सभी एकजुट होकर कांग्रेस के सदस्य होते थे. जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि देश के लोग पुनः कांग्रेस राज चाह रहे हैं. देश के मजदूर, किसान और युवा भाजपा के नीति सिद्धांतों से त्रस्त हैं. हमें एकजुटता दिखानी होगी. समारोह की अध्यक्षता कर रहे कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंबुज कुमार ने कहा कि देश को पुनः कांग्रेस पार्टी ही चलाएगी. देश में जो बेरोजगारी का आलम है उसे कांग्रेस पार्टी का नीति सिद्धांत ही दूर कर सकता है. कांग्रेस अपने स्थापना के 139वीं वर्ष मना रही है. ये बात दीगर है कि देश को आजाद कांग्रेस पार्टी ने ही कराया. देश में आज कई इंस्टीट्यूट, विश्वविद्यालय, स्कूल व कॉलेज की स्थापना कांग्रेस पार्टी की ही देन है.


कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर जिलाध्यक्ष के साथ अन्य लोग.

#### खास बातें

- देश के युवा भाजपा के नीति व सिद्धांतों से त्रस्त
- देश के लोग पुन: कांग्रेस राज चाह रहे हैं
- देश को आजाद कांग्रेस पार्टी ने ही कराया था

#### कोल्हान की तीनों सीटों पर गठबंधन ही जीतेगी

अंबुज ने कहा कि देश में 2024 में लोकसभा चुनाव होना है, जिसमें कांग्रेस गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलेगा. कोल्हान की तीनों सीटों पर गठबंधन ही जीतेगी. भाजपा अधूरी राम मंदिर को उद्घाटन कर चुनाव में विजय पाना चाहती है. यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. वहीं, विजय सिंह ने कहा कि इस पार्टी की नींव एक अंग्रेज ए ओ ह्यूम ने रखा था. जिसका उद्देश्य शोषण और जुर्म के विरुद्ध लोगों को एकजुट करना था. इसी संगठन के बैनर तले आजादी की लड़ाई लड़ी गई और देश को आजाद कराया गया था. देश में विकास की नींव भी इसी पार्टी के नेताओं ने रखा था. बब्बन खान ने कहा कि इस पार्टी का स्थापना देश को दशा और दिशा देने के लिए हुआ था. मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी जगदीश नारायण चौबे, उपेंद्र शर्मा, दिवाकर झा, समरेंद्र नाथ तिवारी, परमात्मा मिश्रा, सुरेश धारी, शिव दयाल शर्मा, होनी सिंह मुंडा, राजाराम महतो, प्रदीप बारीक, राजू रजक, महिला जिलाध्यक्ष बैजयंती बारी, अवधेश सिंह, बब्बन खान, गम्भीर सिंह, श्रीराम ठाकुर, राहुल यादव, प्रमोद सिंह, रूही दास, अखिलेश तिवारी, विजय सिंह उर्फ लोहा सिंह, ओम प्रकाश, विशु हेम्ब्रम आदि शामिल रहे.

शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की मनाई गई 52वीं जयंती

# मांदर की थाप पर थिरके ग्रामीण

**आनंद मिश्रा | जमशेदपुर**

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड ने परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की 52वीं जयंती मनायी. इस अवसर पर परिषद ने उनके पैतृक निवास स्थान गुमला जिला के जारी गांव में बलिदान दिवस मनाया. इस शौर्यमयी अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिन्हा, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धनाथ सिंह और महामंत्री अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में जमशेदपुर, रांची, बोकारो, लोहरदगा, कोडरमा की जिला इकाइयों के अधयक्ष एवं महामंत्री का एक सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उनके पैतृक गांव पहुंचा व सैन्य परंपरा के अनुसार श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित स्कूली बच्चों एवं एनसीसी कैडेट्स को परमवीर शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की बहादुरी के किस्से सुनाए और जारी गांव के हरे बच्चे को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आवाहन किया. प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धनाथ सिंह ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना की वीरता, अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम एवम सर्वोच्च बलिदान की परंपरा के संस्मरणों को याद किया. उन्होंने कहा कि समस्त विश्व के सैन्य इतिहास में भारतीय सेना द्वारा लड़ा गया यह युद्ध दुनिया में सबसे कम समय में लड़ने और जीत दिलाने वाला युद्ध रहा है. इस युद्ध के परिणामस्वरूप विश्व मानचित्र पर बांग्लादेश नामक राष्ट्र का अभ्युदय हुआ. इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों, अतिथियों ने अपने माटी के लाल की गौरवगाथा एवं बलिदान के गीत गाए और मांदर व ढोल की थाप पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया.



परमवीर चक्र से विभूषित अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा के साथ पूर्व सैनिक.

### मकर संक्रांति पर्व की तैयारी में जुटे बच्चे

**बहरागोड़ा।** झारखंड का प्रमुख मकर संक्रांति का दस्तक देने की आहट से बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण बच्चे मकर संक्रांति पर्व को लेकर काफी उत्साहित हैं. इस मकर संक्रांति के पूर्व ताड़ तथा खजूर के पत्तों से कूमा बनाने में मस्त हैं. बच्चे ताड़ और खजूर के पत्तों को काटकर सुखा रहे हैं. मकर संक्रांति के दिन रात्रि में स्नान के पश्चात ठंड से राहत के लिए इन पत्तों में आग लगाकर आग तापेंगे. इसलिए इन बच्चों ने तालाब और नदी के किनारे ताड़ और खजूर के पत्तों से कूमा बना रहे हैं. साथ ही खेत में गिरे पराली को भी इकट्ठा करने में व्यस्त हैं. इस बार मकर पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र खासा उत्साह देखा जा रहा है.

# कभी भी सज्जन पुरुषों की निंदा न करें : पं जगदीश भूषण मिश्र

**आनंद मिश्रा | जमशेदपुर**

जमशेदपुर के नार्दन टाउन, पाइप लाइन रोड स्थित उत्तर प्रदेश संघ प्रांगण में संघ की सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथावाचक आचार्य पं जगदीश भूषण मिश्र ने बताया कि जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है, तब तब प्रभु अवतार लेते हैं. हमारे करुणावरुणालय भगवान श्री कृष्ण जब भी सनातन संस्कृति पर अत्याचार होता है, तब तब प्रभु गुरु, ब्राम्हण, संत एवं सज्जन पुरुषों की रक्षा के लिए विभिन्न रुपों में अवतार लेते हैं. इसलिए भगवान ने यह शिक्षा दी है कि कभी भी सज्जन पुरुषों की निंदा न करें. उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा भी सुनाई. आचार्य पं जगदीश भूषण मिश्र ने झांकी के साथ ही श्री कृष्ण जन्मोत्सव की का बहुत ही सुंदर वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु, दर्शक मंत्रमुगध हो गये. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश संघ के अध्यक्ष अखिलेश कुमार दुबे, उपाध्यक्ष ओंकार नाथ सिंह, महासचिव डॉ डीपी शुक्ल, सहसचिव शिव शंकर मिश्र, ललन राय आदि मौजूद रहे.

दबिस्तान-ए-जमशेदपुर ने मनाया 'गालिब दिवस'

# गालिब ने उर्दू को एक नया रूप प्रदान किया : प्रो गौहर

**आनंद मिश्रा | जमशेदपुर**

जमशेदपुर की साहित्यिक संस्था 'दबिस्तान-ए-जमशेदपुर' के तत्वाधान में गुरुवार को उर्दू और फारसी के महान शायर व साहित्यकार मिर्जा असदुल्लाह खान गालिब की 226वीं जयंती मनायी गईं. कार्यक्रम की अध्यक्षता शायर गौहर अजीज ने की. कार्यक्रम दो सत्र में सम्पन्न हुआ. पहले सत्र में प्रो गौहर अजीज ने मिर्जा गालिब की शायरी और उर्दू अदब में उनके महत्व के विषय पर विस्तृत वक्तव्य दिया. उन्होंने बताया कि मिर्जा गालिब एक ऐसे महान शायर और साहित्यकार थे, जिन्होंने न सिर्फ उर्दू शायरी, बल्कि उर्दू भाषा व साहित्य को एक नया रूप प्रदान किया. प्रो गौहर अजीज ने कहा कि मिर्जा गालिब ने उर्दू शायरी को दिल की दुनिया से निकाल कर दिमाग की दुनिया में ला खड़ा किया. उनकी पुस्तक 'दीवाने गालिब' एक ऐसे दीप की तरह है जिससे जब तक दुनिया रहेगी तबतक शायरी करने वाले लोग प्रकाश प्राप्त करते रहेंगे. कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुशायरा हुआ. इसमें सरफराज शाद, शोएब अख्तर, सकलैन मुश्ताक, सफीउल्लाह सफी, फरहान खान फरहान और सद्दाम गनी ने अपनी गजलें पढ़ीं.



### युवाओं ने मनाई समाजसेवी बासुकी सिंह की पुण्यतिथि

**घाटशिला।** माटी कला भवन लालडीह घाटशिला में समाजसेवी बासुकी सिंह के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने कहा वासुकी बाबू अविभाजित गोपालपुर पंचायत का मुखिया जून 1978 में थे. आईसीसी वर्कर्स यूनियन के महासचिव एवं बहुत सारे संस्थाओं के अध्यक्ष थे अखिल भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य थे. विश्व श्रम संगठन के सम्मेलन में शिरकत करने के लिए बासुकी बाबू रसिया भी गए थे. संपूर्ण क्षेत्र में एक समाजसेवी के रूप से जाने जाते थे. उनका निधन 28 दिसंबर 1989 को एक सड़क दुर्घटना में जमशेदपुर में हो गया था. गुरुवार को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई.

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ने मनाया संगठन का 70वां स्थापना दिवस

# शिक्षा को बचाने के लिए एकजुट हों छात्र : एआईडीएसओ

**आनंद मिश्रा | जमशेदपुर**

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) जमशेदपुर नगर कमेटी की ओर से गुरुवार को संगठन का 70वां स्थापना दिवस मनाया गया. संगठन की झारखंड राज्य उपाध्यक्ष रिंकी बंसरियार ने सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि एआईडीएसओ अपने स्थापना काल से ही जनवादी धर्मनिरपेक्ष और वैज्ञानिक शिक्षा की मांग को लेकर छात्रों को संगठित करने का काम कर रहा है. आज झारखंड ही नहीं देश के सभी राज्यों में संगठन छात्रों की समस्याओं को लेकर आंदोलन संगठित कर रहा है. छात्र और शिक्षाप्रेमियों की यह लड़ाई सिर्फ शिक्षा बचाने की ही लड़ाई नहीं है, बल्कि सभ्यता और इंसानियत बचाने की भी लड़ाई है. प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक की बदहाली चरम पर है. सरकार द्वारा शिक्षा बजट में कटौती एवं आवश्यक संसाधनों की कमी की वजह से आज सार्वजनिक शिक्षा हांफ रही है.



**एनईपी बची-खुची सरकारी शिक्षा को भी समाप्त कर रही है :** उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लायी गयी नयी शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 बची-खुची सरकारी शिक्षा को भी समाप्त कर रही है. यह शिक्षा नीति शिक्षा के निजीकरण, व्यापारीकरण व साम्प्रदायीकरण की ब्लूप्रिंट के सिवा कुछ नहीं है. शिक्षा का काम छात्रों में तार्किक सोच तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करना होना चाहिए, जबकि नयी शिक्षा नीति-2020 में शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को खत्म कर शिक्षा के केन्द्रीयकरण के नाम पर सारा नियंत्रण केन्द्र सरकार अपने हाथों में ले रही है. शैक्षिक प्रशासन को समग्र रूप से केंद्रीकृत करने का सरकार का प्रयास शिक्षा के मामलों को पूरी तरह से निरंकुश तरीके से नियंत्रित करने की प्रवृत्ति को इंगित करता है.

#### विवि में बेतहाशा फीस वृद्धि एनईपी का ही नतीजा

एआईडीएसओ के जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 सरकारी शिक्षा व्यवस्था को समूल नष्ट करने तथा शिक्षा का सम्पूर्ण व्यवसायीकरण करने की नीति है. इस नीति का उद्देश्य आजादी के बाद से शासक वर्ग द्वारा शिक्षा पर किये गये लगातार हमलों के बाद भी धर्मनिरपेक्ष, जनवादी और वैज्ञानिक शिक्षा के बचे-खुचे अवशेषों को मिटा देना है. नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का ही नतीजा है कि स्कूल-कॉलेजों और केन्द्रीय सहित सभी विश्वविद्यालयों में बेतहाशा फीस वृद्धि हो रही है. आज शिक्षा को बचाने के लिए छात्रों को संगठित होने की जरूरत है.

**समाधान कब?** गांव और खेतों में हाथी के पहुंचने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत

# कुकड़ू में थम नहीं रहा जंगली हाथी का उत्पात

**दिलीप | चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू में जंगली हाथी का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है. बुधवार की रात जंगली हाथी ने फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. बता दें कि मंगलवार की रात भी एक जंगली हाथी ने एक ग्रामीण के मकान को ध्वस्त कर फसलों को नुकसान पहुंचा था, वहीं, बुधवार की रात भी जंगली हाथी ने एक किसान के खलिहान में घुसकर धान खा गया साथ ही समेट कर रखे धान को भी तितर-बितर कर दिया. जानकारी के अनुसार, कुकड़ू निवासी कार्तिक कुमार के खलिहान में घुसकर दंतैल हाथी ने धान को अपना आहार बनाया और तितर-बितर कर नुकसान पहुंचाया है. ज्ञात हो कि इस क्षेत्र में रोज किसी न किसी गांव और खेतों में हाथी के पहुंचने के कारण लोग भयभीत हैं और वन विभाग से इसका स्थाई समाधान निकालने की गुहार लगा रहे हैं.



#### ग्रामीण परेशान

- किसान के खलिहान में घुसकर हाथी ने खाया धान
- वन विभाग से स्थाई समाधान की लगाई गुहार

#### जनता की भी सुने सरकार : अजय

आजसू पार्टी के नेता अजय कुमार महतो ने कहा कि सरकार जनता के दुख व तकलीफों को भी दूर करे. जंगली हाथियों के उत्पात के कारण ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है. लोग हमेशा इस भय में रहते हैं कि पता नहीं जंगली हाथियों का झुंड कब उनके गांव में आ जाए या कब उसके खेतों में रखे फसलों को नुकसान पहुंचा दें. उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों के जंगल से निकलकर आबादी वाले क्षेत्र में आने के कारणों की गहराई से समीक्षा करने की जरूरत है. ग्रामीणों द्वारा बार-बार वन विभाग से गुहार लगाए जाने के बाद भी क्षेत्र में जंगली हाथियों की समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है. ऐसे में लोगों का विश्वास विभाग पर से उठता जा रहा है.

### खांडामौदा के मुखिया ने दी ग्रामीणों को सौगात

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खांडामौदा पंचायत के मुखिया पंचानन मुंडा ने गुरुवार को 15वें वित्त आयोग से जनहित को देखते हुए कई योजनाओं का सौगात दिया. वे अपने चुनावी वादे के अनुसार मुखिया ने शीतल तालाब पर स्नानघाट,जामवानी गांव में नाली निर्माण, दीघिवर्धा गांव में शिव मंदिर प्रांगण में व पांचरुलिया गांव में 200 फीट पीसीसी सड़क निर्माण का उद्घाटन किया गया. इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया मुंडा ने बताया कि चुनाव के समय जो वादा किया गया था उस वादे अमल करते हुए अल्प समय में ही पूरा करने का प्रयास किया गया है. लोगों का आशीर्वाद, स्नेह और प्यार अगर बना रहा तो आने वाले दिनों में जनहित से जुड़े ओर भी कई कार्य किए जाएंगे. सभी को सरकारी लाभ पहुंचाने प्रयास जारी रहेगा.

# सरदार शैलेंद्र ने डीएसजीएमसी के महासचिव जगदीप से की मुलाकात

**संवाददाता | जमशेदपुर**

झारखंड प्रदेश गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान एवं जमशेदपुर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलो से उनके कार्यालय में मुलाकात की. इस दौरान उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया तथा झारखंड के सिख बच्चों को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के नियंत्रण में चलने वाले स्कूलों में एडमिशन में होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया. इसके अलावा विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा की. इस पर महासचिव जगदीप सिंह काहलो ने कहा कि जो भी बच्चे झारखंड से दिल्ली के स्कूलों में एडमिशन लेना चाहते हैं वैसे बच्चों के माता-पिता संबंधित गुरुद्वारा कमेटी से अनुशंसित पत्र लेकर दिल्ली गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के कार्यालय में भेजें, यहां उनका हर संभव सहयोग किया जाएगा.



## कोरोना की भेंट चढ़ा हेमंत सरकार का आधा कार्यकाल

# कम समय में ज्यादा काम

**जन सरोकार से जुड़ी कई योजनाएं धरातल पर उतरीं, अब भी चल रहा है कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं का काम**

**सरकार ने 1932 आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण जैसे मामलों में कई साहसिक फैसले लिए**

**किसानों, बालिकाओं, महिलाओं, वृद्धों सहित हर वर्ग को राहत देने की कोशिश, जनसमस्याओं का निराकरण**

आज 29 दिसम्बर को हेमंत सरकार के चार साल पूरे हो गए. इन चार साल में राज्य के अलग जिलों में कई योजनाएं चली, जिसमें कई पूरी हुई, तो कई पर अब भी काम चल रहा हैं. इस सरकार गठन के ठीक बाद कोरोना का प्रकोप बढ़ा और सरकार को कठिन परिस्थिति से गुजरना पड़ा. करीब दो साल कोरोना के डरावने माहौल में सरकार को काम करना पड़ा. इससे उबरने के बाद सरकार ने अल्प समय में कई योजनाएं शुरू की. इन योजनाओं में बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं. अपने इस छोटे से कार्यकाल में हेमंत सरकार ने कई साहसिक फैसले भी लिए और आम जनमानस के करीब पहुंचने की कोशिश की. लोगों से सीधा संपर्क हो सके इसके लिए सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं को जाना और उसके निराकरण की पहल भी की. कोरोना संक्रमण की वजह से सरकार को काम करने का कम समय मिला. पर अपने छोटे से कार्य काल में इस सरकार ने कम समय में ज्यादा काम करने की कोशिश की. चार साल में सरकार ने कई चुनौतियों का सामना किया. सरकार ने कई चौंकाने वाले सहसिक फैसले भी लिए. इन फैसलों से सरकार ने सभी वर्ग को साधने की पूरी कोशिश भी की. 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण बिल, जिसे साल 2022 में विधानसभा से पारित कर राज्यपाल को भेजा गया, जिसे राजभवन ने लौट दिया था. साल 2023 के शीतकालीन सत्र में उसे फिर से पारित कर सरकार ने राजभवन को भेजा है. सरना धर्म कोड का मुद्दा, जिसे राज्य सरकार ने विधानसभा से पारित कर फैसला केंद्र के पाले में डाल दिया है. ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किए जाने के फैसले के जरिए सरकारी सेवकों को राहत देने की कोशिश भी की है. इसके अलावे बालिकाओं,महिलाओं और किसानों को भी इस सरकार ने राहत पहुंचाने का काम किया है.राज्य के चार वर्ष के कार्यकाल पर पेश है **शुभम संदेश** के प्रमुख संवाददाता रवि भारती की रिपोर्ट.




**कार्यक्रमों से आमजनता तक पहुंचने की कोशिश**

### हर वर्ग को पक्का आवास देने का फैसला



हेमंत सरकार ने चार साल के दौरान हर वर्ग को साधने की कोशिश भी की. अबुआ आवास योजना के जरिए चालू वित्तीय वर्ष में 2 लाख, 2024-25 में 03 लाख 50 हजार और 2025-26 में 02 लाख 50 हजार पक्का आवास देने का निर्णय सरकार ने लिया है. शहरी क्षेत्र में आम लोगों को अपनी निजी जमीन पर पेड़ लगाने पर प्रति वृक्ष पांच यूनिट बिजली फ्री देने का निर्णय लिया. संविदा पर नियुक्त एवं कार्यरत महिलाकर्मियों को मातृत्व अवकाश देने काम अहम फैसला लिया. शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए झारखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम 2023 की स्वीकृति दी. इसके तहत नकल करते पकड़े जाने पर 3 साल तक की सजा अधिकतम 10 करोड़ तक का जुर्माना का प्रावधान किया गया.

### बिजली के लिए डीवीसी पर निर्भरता हटाने का प्रयास



अब झारखंड बिजली के लिए दामोदर घाटी निगम पर निर्भर नहीं रहेगा. दरअसल 132 केवी डीसी चंदनक्यारी-गोविंदपुर ट्रांसमिशन लाइन को मानक वोल्टेज पर चार्ज कर दिया गया है. बंगाल में झारखंड के कुल 24 ट्रांसमिशन टावर लगाए गए. ट्रांसमिशन लाइन में कुल 275 टावरों का निर्माण किया गया है. डीवीसी कमांड एरिया के प्रमुख जिलों में इससे बिजली की आपूर्ति बेहतर होगी. साथ ही डीवीसी के बकाए को लेकर बार-बार उठने वाले विवाद से भी बचा जा सकेगा. डीवीसी के बकाए को लेकर पूर्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच खींचतान हो चुकी है.

### सुखाड़ राहत योजना से दूर हो रहा किसानों का दर्द



मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना झारखंड सरकार की किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है. 22 जिलों के 226 प्रखण्डों के सूखे से आहात किसानो की सहायता करने के लिए ही झारखण्ड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की शुरुवात की गयी. योजना के तहत प्रदेश के सूखे से आहत किसानों और कृषक मजदूरों को तत्काल राहत हेतु 3500 रूपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है. वहीं फसल राहत योजना के तहत 20 प्रतिशत तक फसल बर्बाद होने पर 3000 रूपये प्रति एकड़ की आर्थिक सहायता दी जा रही है. 86 प्रतिशत से ऊपर फसल बर्बाद होने पर 4000 रूपये प्रति एकड़ की आर्थिक सहायता दी जा रही है.

### कमजोर बालिकाओं को आर्थिक सहायता




सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आर्थिक रूप से कमज़ोर बालिकाओ के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है.इस योजना के तहत बालिकाओं को कक्षा 8वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है. बालिकाओं को शिक्षा के लिए 40,000 रूपये की वित्तीय सहयता प्रदान की जाएगी.8वीं और 9वीं में प्रति वर्ष 2,500 रूपये, कक्षा 10वीं, 11वीं, और 12वीं में प्रति वर्ष 5,000 रूपये और बालिकाओं के 18 वर्ष पूर्ण होने पर एक मुश्त 20,000 रूपये का अनुदान दिया जायेगा.



### पर्यटन, खेल, कला एवं संस्कृति का हो रहा विकास

राज्य सरकार ने झारखंड खेल नीति तैयार की है, जो राज्य में खेलों के विकास को बढ़ावा देने के लिए एक आवश्यक कदम है. यह नियम राज्य में एथलीटों को उनकी खेल उपलब्धियों के आधार पर सीधी नियुक्ति प्राप्त करने का एक स्पष्ट मार्ग प्रदान करता है. इस योजना के तहत 1831 ग्रामीण खेल के मैदानों का निर्माण हो रहा है. इसका उद्देश्य जमीनी स्तर की खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है. खेल प्रशासन में सुधार और प्रतिभा विकास को बढ़ावा देने के लिए 24 जिलों में जिला खेल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है. घरेलू उड़ानों के लिए जमशेदपुर में धालभूमगढ़ हवाई पट्टी को विकसित करने की योजना बनाई जा रही है. इन परियोजनाओं से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. 12 करोड़ की लागत से बोकारो के लुगुबुरु को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है. ऐसे गंतव्यों में निवेश करने से पर्यटकों के बीच उनका आकर्षण बढ़ता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है. दुमका में संग्रहालय, ओपन थिएटर और ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए 34 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गयी है. ये स्थल झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करेंगे.

### 4.52 लाख किसानों की कर्ज माफी



राज्य सरकार ने अब तक 452618 किसानों का कर्ज माफ कर चुकी है. इसके एवज में 1818.17 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं. ऋण माफी स्कीम का लाभ सबसे अधिक पलामू के किसानों ने लिया है. वहां किसानों को 158.70 करोड़ माफ किया गया है. सबसे कम 24.50 करोड़ ऋण माफी का लाभ सिमडेगा के किसानों ने लिया है. रांची के किसानों का 112.93 करोड़ ऋण माफ किया गया है.चालू वित्तीय वर्ष में मात्र 34,700 किसानों ने ही ऋण माफी के लिए आवेदन किया है. अब कृषि विभाग अब नॉन परफॉर्मिंग ऐसेट (एनपीए) घोषित खाताधारी को ऋण माफी योजना का लाभ देने पर विचार कर रहा है.

### मिल रहा सर्वजन पेंशन योजना और मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना का लाभ




इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों को हर माह पेंशन प्रदान की जाएगी. यह पेंशन राशि 1000 रुपए होगी जो की प्रति माह की 5 तारीख को लाभार्थियों के बैंक खाते में वितरित की जाएगी. वहीं मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना झारखण्ड सरकार की कुशल बेरोजगार नागरिकों के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है. इस योजना के माध्यम से राज्य के पात्र बेरोजगार नागरिकों को सरकार द्वारा 5000 की आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी.

### बीपीएल परिवारों को धोती-लुंगी और साड़ी




धोती साड़ी वितरण योजना झारखण्ड सरकार की गरीब बीपीएल परिवारों के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है.योजना के माध्यम से झारखंड के गरीब परिवारों को धोती-लूंगी साड़ी का वितरण किया जा रहा है. एक धोती-लुंगी और साड़ी 10 रुपए प्रमें वितरित की जा रही है.

### रोजगार सृजन के किए जा रहे हैं उपाय



मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वरोज़गार को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गयी है. राज्य के ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र के नागरिकों को कम ब्याज पर 25 लाख का ऋण सरकार द्वारा प्रदान किया जायेगा. इसके साथ साथ 40 फीसदी अनुदान (सब्सिडी) या 5 लाख रुपये सरकार की तरफ से प्रदान किये जायेंगे

### योजनाओं में पशुधन विकास पर जोर




पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए झारखंड की राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना जारी की गयी थी. इस योजना के माध्यम से दुधारू गाय खरीदने, पशुशाला निर्माण, गाय बीमा एवं पशुपालन संभंधित उपकरण के लिए 50 प्रतिशत तक की सब्सिड़ी प्रदान की जाएगी. बकरी, सूकर एवं बत्तख़ चूजा पालन के लिए 100 प्रतिशत तक का अनुदान किया जाएगा. इस योजना के तहत महिला व विधवा, निशहाय दम्पत्ति एवं निःशक्त को भी लाभ दिया जाएगा.

### युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण और भत्ता



झारखंड मुख्यमंत्री सारथी योजना श्रम विभाग द्वारा संचालन किया जा रहा है.योजना में स्किल मिशन के तहत युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा. प्रशिक्षण लेने के तीन महीने के भीतर रोजगार नहीं मिला तो छात्रों को प्रतिमाह 1000 रुपए और छात्राओं व दिव्यांगों को 1500 रुपए भत्ता मिलेगा. भत्ता अधिकतम एक साल तक ही प्रदान किया जायेगा. प्रतिवर्ष 2 लाख युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा. गैर आवसीय प्रशिक्षणार्थियों को परिवहन भत्ता भी दिया जायेगा.

### पेयजल उपलब्ध कराने की रफ्तार तेज




राज्य ने प्रत्येक पंचायत में पांच ट्यूबवेल लगाने का लक्ष्य रखा है. जल आपूर्ति योजनाओं के विकास और कार्यान्वयन के लिए 184 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है. 20 बहु-ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं को पूरा कर लिया गया है. आदिम आदिवासी समुदाय के लिए 2251 छोटी पाइप जलापूर्ति योजनाओं को मंजूरी दी है, इनमें से 1561 पहले ही पूरी हो चुकी हैं. मुख्यमंत्री जनजल योजना के तहत, 12836 योजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 10530 पहले ही पूरी हो चुकी हैं.

### वित्तीय अनुशासन से बढ़ रहा है राजस्व




हेमंत सरकार ने वित्तीय अनुशासन के तहत काम किया. जिससे राज्य के खजाने में राजस्व भी आए और खर्च भी हुए. सरकार ने इस वित्तीय वर्ष बजट का आकार बढ़ाया और खर्च भी उस अनुरुप किया. राज्य सरकार को राजस्व की अच्छी उगाही हुई और उसके अनुरुप विभाग ने आवंटित राशि खर्च भी की. इससे इकोनॉमी में गति भी आई है. जिसके कारण सरकार को योजनाओं के संचालन में काफी सहूलियत मिली है. सरकार का प्रयास और अधिक राजस्व जुटाने की है.

### प्रति व्यक्ति आय में सुधार विकास दर बढ़ी




राज्य की वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय एक लाख रुपए तक होने का अनुमान लगाया गया है. वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास दर भी छलांग मारेगी. राज्य की विकास दर 7.5 फीसदी तक हो सकती है. फिलहाल राज्य की विकास दर 6.8 फीसदी है. इसकी वजह यह बताई जा रही है कि राज्य में कृषि, उद्योग, पर्यटन, कंस्ट्रक्शन, सर्विस सेक्टर और ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में काफी विकास की संभावनाएं हैं.

### पेंशनधारियों पर सरकार का फोकस



हेमंत सरकार के कार्यक्रम सरकार आपके द्वार से राज्य में योग्य पेंशनधारियों का चयन किया जा रहा है. ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगा कर कई पेंशन योजनाओं से लाभार्थियों को जोड़ा जा रहा है. राज्य में अब तक कुल 33.88 लाख पेंशनधारी हैं. इसमें राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के तहत 12.43 लाख लाभार्थियों को पेंशन दी जा रही है. जबकि राज्य में चल रही पेंशन योजनाओं के तहत 21.45 पेंशनधारियों को कवर किया जा रहा है.

### 4 हजार करोड़ से बिजली संसाधन का विकास



झारखंड में चार हजार करोड़ से बिजली संसाधन विकसित होंगे. मुख्य रूप से सब-स्टेशनों की क्षमता विस्तार, नए कृषि फीडर, लंबे फीडरों को छोटा बनाने, कवर्ड वायर, 11 केवी की नई लाइनें बनाई जाएगी और विभिन्न क्षमताओं वाले नए ट्रांसफार्मर और स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे. बिजली घाटा कम करने के लिए संसाधनों के विकास पर करीब 3200 करोड़ और प्री-पेड मीटर के लिए 800 करोड़ खर्च होंगे.

### रंग ला रही सीएम कन्यादान योजना




झारखंड के मुख्यमंत्री ने कन्यादान योजना के तहत कन्याओं के विवाह के समय में बालिका के परिवार को 30 हजार रूपये तक की राशि दी जाती है. योजना का उद्देश्य है राज्य के गरीब कन्याओं/बेटियों की शादी -विवाह के समय आर्थिक सहयता करना ताकि किसी प्रकार की दिक्कत न हो.

### श्रमिकों को 100 दिनों तक रोजगार की गारंटी



मुख्यमंत्री श्रमिक योजना का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य में एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के वेतन रोजगार की गारंटी देकर आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है. योजना का लाभ झारखंड के शहरी क्षेत्रों में वापस आए प्रवासी मजदूरों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जायेगा. इससे उनका जीवन स्तर ऊंचा होगा.

### महिलाओं को आजीविका के वैकल्पिक साधन




झारखंड, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा झारखंड फूलो झानो आशीर्वाद योजना का संचालन किया जा रहा है. योजना का उद्देश्य राज्य में हड़िया-दारू के निर्माण एवं बिक्री से मजबूरन जुडी महिलाओं को आजीविका के वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराकर सम्मान जनक जीविका से जोड़ना है.

### छात्रों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा




झारखण्ड एकलव्य प्रशिक्षण योजना युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है. योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाना है. योजना के अंतर्गत यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक, रेलवे और एसएससी के लिए निःशुल्क कोचिंग करायी जाएगी.

### पढ़ाई के लिए 15 लाख तक का ऋण




उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा झारखण्ड गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का संचालन किया जा रहा है. योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमज़ोर विद्यार्थियों को बैंक द्वारा बिना सिक्योरिटी के ऋण उपलब्ध कराया जायेगा. सरकार इंजीनिरिंग, मेडिकल, लॉ, रिसर्च, आईटीआई, आईआईएम में पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपए तक ऋण प्रदान करेगी. ऋण की राशि 15 साल के भीतर चुकानी होगी, इस पर उन्हें चार प्रतिशत ब्याज देना होगा. छात्र ऋण की राशि का 70 फीसदी कॉलेज फीस के रूप में और 30 फीसदी राशि रहने, खाने और पाठ्यपुस्तकों पर खर्च कर सकेंगे.

### सीएम शिक्षा प्रोत्साहन योजना का संचालन




उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा झारखण्ड मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जा रहा है. राज्य के युवाओं को उत्कृष्ट इंजीनिरिंग, मेडिकल एवं अन्य व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश हेतु गुणवत्तापूर्ण कोचिंग की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है. कोचिंग के दौरान विद्यार्थियो को रहने-खाने और पाठ्य पुस्तकों की खरीद के लिए प्रति माह 2500 रुपए प्रदान किये जायेंगे. विद्यार्थियों को कोचिंग सत्र की अवधि तक सहायता राशि उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से की जाएगी.

### अबुआ वीर दिशोम अभियान में भूमिहीनों को पट्टा



मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के भूमिहीन आदिवासियों को वन पट्टा देने के लिए बड़े स्तर पर वनाधिकार अभियान - अबुआ वीर दिशोम अभियान शुरू किया गया है. इस प्रक्रिया को सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए वन क्षेत्र के अंतर्गत हर गांव में वनाधिकार समिति , अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति और जिलास्तरीय वनाधिकार समिति का पुनर्गठन किया जाएगा. वनाधिकार समिति के पुनर्गठन के लिए विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा. अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने वनाधिकार अभियान की रूपरेखा तैयार कर ली है.

### मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना



मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जा रही है.योजना के तहतलाभार्थी को सरकार द्वारा इलाज के लिए अधिकतम 10,00,000 रुपए तक राशि प्रदान की जाएगी. इस योजना के तहत कैंसर,किडनी प्रत्यरोपण,गंभीर लिवर रोग और एसिड अटैक जैसे उपचार लपर सहायता प्रदान की जाएगी. लाभार्थी को शयया, भोजन, दवाईया, शल्यक्रिया, पुनर्निर्माण शल्यचिकित्सा आदि की सुविधाए भी प्रदान की जाएगी.

### मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना




मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना उदेश्य है की बच्चो को शिक्षा की ओर प्रेरित करना तथा उनकी भागीदारी को बढ़ाना है. योजना के तहत लाभार्थी छात्रों को कक्षा 9वी से कक्षा 12वी तक 12,000 प्रति वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी. हर साल 5000 छात्रों को छात्रवृत्ति की सुविधा प्रदान की जाएगी.

### नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना




इस योजना के तहत 4,500 रूपये प्रति छात्र को साइकिल खरीदने के लिए दी जा रही है. इसका लाभ स्कूलों में कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले छात्र को मिल रहा है. इस योजना से लगभग 9 लाख छात्र लाभान्वित होंगे.

### पेड़ लगाओ मुफ्त बिजली पाओ योजना




इस योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में घटते हरित क्षेत्र में बढ़ौतरी करना और साथ ही निवासियों को महंगे बिजली के बिल में राहत देना है. प्रदेश के निवासियों को अपने घर में पेड़ लगाने पर प्रति माह खपत होने वाली बिजली की यूनिट पर सब्सिडी प्रदान करेगी. लाभार्थी अपने घर में अधिकतम 5 पेड़ लगा सकते है यानी लाभार्थी योजना में अधिकतम 25 यूनिट प्रति माह बिजली के बिल में अनुदान प्राप्त कर सकता है.

### जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति




मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा संचालित की जा रही है. योजना के अंतर्गत यूनाइटेड किंगडम तथा नॉर्थर्न आयरलैंड के 110 विश्वविद्यालय/संस्थान में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दिया जाएगा .सरकार द्वारा 25 योग्य विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृति प्रदान की जाएगी.

### 2024 कई मायनों में होगा अहम



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए आने वाला साल 2024 कई मायनों में अहम होगा. चुनावी वर्ष होने की वजह से जहां राजनीतिक हैसियत बनाकर रखना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए पहली प्राथमिकता होगी. दूसरी ओर सरकारी स्तर पर कई ऐसे फैसले लेने होंगे जो उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव में वादा किया था. झारखंड में संविदाकर्मियों को नियमित करने का मुद्दा हो या पारा शिक्षकों का मसला, सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप निर्णय लेनी होगा.

### गठबंधन को बनाए रखना भी चुनौती



नए साल में पहली परीक्षा लोकसभा चुनाव होगा. जिसमें गठबंधन को मजबूती के साथ बनाए रखना चुनौती भरा होगा. लोकसभा चुनाव परिणाम राज्य सरकार के कामकाज को भी प्रभावित करेगा. राजनीतिक असर आगे के विधानसभा चुनाव पर भी देखने को मिलेगा. ईडी के समन से घिरे मुख्यमंत्री हेमंत सरकार द्वारा विपक्ष के आरोप पर लगातार पलटवार जरूर किया जा रहा है. मगर यह पलटवार कितना प्रभावी होगा वह तो वक्त ही तय करेगा.

**वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास दर भी छलांग मारेगी**

**उद्योग, पर्यटन, कंस्ट्रक्शन, सर्विस सेक्टर में और विकास की संभावनाएं.**

**पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये तक ऋण सरकार उपलब्ध कराएगी**



**महिला सशक्तीकरण पर विशेष जोर**

### ग्रामीण विकास
## महिला सशक्तीकरण में बढ़ रहा झारखंड

राज्य सरकार ने महिला सशक्तीकरण पर फोकस करते हुए ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है. इसका उद्देश्य आय बढ़ाना, आजीविका में सुधार और स्थिरता को बढ़ावा देना है. पहली बार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत मजदूरी दर 194 रुपये से बढ़ाकर 225 रुपये कर दी गई है. यह वेतन वृद्धि आय और आर्थिक स्थिति में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. ग्रामीण परिवारों में, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, जो मनरेगा कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा हैं. मनरेगा के तहत 10 करोड़ मानव दिवस सृजित कर अधिकतम मानव दिवस सृजन का लक्ष्य रखा है. इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की बढ़ी हुई उपलब्धता सुनिश्चित होती है, जिसका सीधा लाभ उन महिलाओं को मिलता है जो इस योजना में प्रमुख भागीदार हैं. जल समृद्धि की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं. 2 लाख हेक्टेयर भूमि पर खाई और बांध बंद करने का काम पूरा हो गया है. इससे जल संरक्षण और कृषि उत्पादकता में सुधार होता है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण महिलाओं को लाभ होता है. बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 26 हजार एकड़ में फलदार पौधे लगाये गये हैं. सखी मंडलों या महिला स्वयं सहायता समूहों को 995 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. ये फंड इन समूहों की क्षमता को मजबूत करने और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करते हैं.

### झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना



यह योजना झारखंड के खाद्य ,सार्वजानिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा संचालित की जा रही है. 1 जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक लाभार्थियों को चावल गेंहू मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है.

# समय कम, चुनौतियां बड़ी

वास्तविकता और नरेटिव के बीच अंतर होता है. कई बार देखा गया है कि हजारों करोड़ खर्च कर और प्रचार माध्यमों से गढ़ी गयी अवधारणा सियासत में कारगर होती भी है और कई बार ठोस वास्तविकताओं और सामाजिक असमानता की भेंट भी चढ़ जाती है. पांच विधानसभाओं में तीन में विजयी होने के बाद से प्रचार माध्यमों के सहारे यह अवधारणा प्रचारित की जा रही है कि 2024 का चुनावी भविष्य तय हो चुका है. विपक्ष के लिए कोई रास्ता शेष नहीं है. अयोध्या प्रकरण चुनावों में भाजपा की राह प्रशस्त कर देगा. ऐसे माहौल में कांग्रेस की भारत न्याय यात्रा और नागपुर के "हैं हम तैयार" रैली क्या कोई वैकल्पिक पटकथा लिख सकेगी. इतना तो तय है कि राजनीतिक तौर पर दो परस्पर विरोधी विचारधाराओं के बीच प्रतिस्पर्धा स्पष्ट है. एक का नेतृत्व आरएसएस-भाजपा कर रही है, जो भारत की अपनी एक सांस्कृतिक राष्ट्रवादी अवधारणा को स्थापित करने में लगी हुई है. दूसरी ओर कांग्रेस भारत के उस विचार का प्रतिनिधित्व करने का प्रयास कर रही है, जिसकी बुनियाद सामाजीकरण, आजादी के मूल्यों से अभिप्रेत राष्ट्रवाद, आर्थिक समानता और संविधान प्रदत्त राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक न्याय के साथ धर्मनिरपेक्षता है. भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से मुहब्बत की दुकान का मुहावरा तो स्थापित हुआ, लेकिन कांग्रेस की ओर से वैकल्पिक एजेंडा प्रस्तुत करने की दिशा में ठोस पहल नहीं की गयी.

> पांच विधानसभाओं में तीन में विजयी होने के बाद से प्रचार माध्यमों के सहारे यह अवधारणा प्रचारित की जा रही है कि 2024 का चुनावी भविष्य तय हो चुका है.

क्या भारत न्याय यात्रा इस कमी को पूरा करते हुए भाजपा के मोदी के व्यक्तित्व के बरख्श आर्थिक सामाजिक मुद्दों को खड़ा कर चुनौती पेश कर सकेगा. दुनिया के कई विचारकों ने कहा भी है कि सही सियासी रास्ते की तलाश के लिए जनता के बीच जाना जरूरी है, लेकिन भारतीय राजनीति में पिछले दस सालों में बहुत कुछ बदल चुका है और कांग्रेस समेत तमाम प्रतिपक्षी दलों को समझना होगा कि उन्हें एक ऐसी चुनावी मशीनरी का मुकाबला करना है, जो भारतीय लोकतंत्र में पिछले दस सालों से मजबूत दावेदारी पेश कर रही है. राहुल गांधी की मूल चुनौती न केवल अपनी पार्टी मशीनरी को मजबूत और कारगर करना है, बल्कि प्रतिपक्षी दलों के बीच एक विश्वसनीय एजेंडा आधारित चुनावी रणनीति भी बनाना है. समय कम है और चुनौतियां कहीं ज्यादा बड़ी हैं. इन चुनौतियों के बीच राहुल की यात्रा-2 की महत्ता कई मायनों में है. उनकी पहली यात्रा का मकसद, जहां नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना था, वहीं प्रस्तावित यात्रा के तीन उद्देश्य हैं, जिसे न्याय यात्रा का नाम दिया गया है. इसके माध्यम से लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक न्याय की बात उठाई जायेगी. कुछ फासला पैदल चलते हुए और कुछ वाहनों के जरिये तय किया जायेगा. 14 राज्यों से होती हुई लगभग 6200 किलोमीटर की यह यात्रा तकरीबन 359 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी. समाज में फैलती गैर बराबरी के चलते कमजोर, वंचित, शोषित, अल्पसंख्यकों आदि तबकों को न्याय से दूर कर दिया गया है. पहली यात्रा को 'गैर राजनैतिक' कहा गया था, परन्तु यह दूसरी यात्रा अपने सियासी उद्देश्यों को दरकिनार करती हुई आगे नहीं बढ़ेगी.

## सुभाषित

**मात्रा समं नास्ति शरीरपोषणं चिन्तासमं नास्ति शरीरशोषणं।**
**मित्रं विना नास्ति शरीर तोषणं विद्यां विना नास्ति शरीरभूषणं॥**

संतुलित जीवन के समान शरीर का पोषण करने वाला दूसरा नहीं है, चिंता के समान शरीर को सुखाने वाला दूसरा नहीं है, मित्र के समान शरीर को आनंद देने वाला दूसरा नहीं है और विद्या के समान शरीर का दूसरा कोई आभूषण नहीं है.

# क्या हो विपक्ष की नीति और रणनीति

**इस आलोक में यदि इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दल के नेता पिछले दिनों के विधानसभा चुनाव के परिणाम के आधार पर निष्कर्ष निकालने की कोशिश करेंगे तो यह उनकी भूल होगी. इसके बजाय उन्हें 2024 पर अपनी नीति और रणनीति केंद्रित करनी चाहिए. राजनीतिक संभावना की कला है और आज के नतीजे आने वाले कल को कितना प्रभावित करेंगे, यह कहना मुश्किल है. इसलिए इंडिया गठबंधन की बेहतरी इसी में है कि वे अब भी अपने उस उद्देश्य पर कायम रहें.**




• देश-काल



डॉ. प्रमोद पाठक

2024 के लोकसभा चुनाव अब बिल्कुल सामने हैं और तमाम राजनीतिक दल उसके लिए नीति और रणनीति बनाने में जुट गए हैं. पिछले दिनों संपन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव सेमी फाइनल थे या नहीं, इस बहस का अब कोई मायने नहीं. वैसे भी कुछ लोगों का मानना है कि इन चुनावों के परिणाम अप्रत्याशित थे. कई राजनीतिक विशेषज्ञ यह कह रहे हैं कि इन चुनावों में हिंदी पट्टी के तीन राज्य यानी छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में हारने के बावजूद कांग्रेस के वोट प्रतिशत ठीक-ठाक ही रहे और यदि इंडिया गठबंधन के लोग कांग्रेस को नजरअंदाज कर कोई रणनीति बनाएंगे तो यह भूल होगी. हालांकि इंडिया गठबंधन के कुछ लोग इस दिशा में भी सोच रहे हैं. खैर, यह सब उन लोगों का अपना-अपना नजरिया है और आने वाले लोकसभा चुनाव के परिणाम इससे कितना प्रभावित होंगे, यह कहना मुश्किल है. राजनीति में पिछले चुनाव का आने वाले चुनाव पर असर पड़ना जरूरी नहीं होता. वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को 415 सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी और आज की भाजपा दो सीट पर सिमट गई थी, लेकिन अगले ही चुनाव में क्या हुआ. कांग्रेस को 195 सीटें ही मिल पायीं. इसी तरह सन 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की आंधी में पूरी हिंदी पट्टी में इंदिरा गांधी की कांग्रेस को छिंदवाड़ा के रूप में केवल एक सीट पर विजय मिली थी. उस इंदिरा गांधी को जिसके बारे में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने कहा था कि इंदिरा इज इंडिया. उस चुनाव में कांग्रेस पार्टी की मौजूदगी सिर्फ दक्षिण भारत में दिखाई पड़ी थी. मगर ढाई साल बाद ही स्थिति बदल गई और इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस प्रचंड बहुमत से अगला चुनाव जीत कर वापस आ गई. दरअसल राजनीति महज आंकड़ों का खेल नहीं. यानी राजनीति को अंकगणित के नजरिए से समझना भ्रामक हो सकता है. राजनीति तो बीजगणित है. इसीलिए कहा जाता है कि राजनीति में एक हफ्ता का समय भी बहुत लंबा होता है और कुछ भी हो सकता है. वैज्ञानिक आइंस्टीन ने राजनीति के बारे में कहा था कि राजनीति फिजिक्स से ज्यादा कठिन है. इसमें कई बार लॉजिक कम और मैजिक ज्यादा होता है. मगर आजकल राजनीति को तर्क और गणित के जरिए समझने और समझाने का दौर चल पड़ा है. अब तो एआई यानी कृत्रिम बुद्धि का इस्तेमाल राजनीति में किया जा रहा है और मानवीय बुद्धि को भरमाने के कई डीप फेक जैसे टेक्निक भी आ गए हैं. डीप फेक का मतलब उसके शाब्दिक अर्थ जैसा ही है, अर्थात गहरा झूठ. इस आलोक में यदि इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दल के नेता पिछले दिनों के विधानसभा चुनाव के परिणाम के आधार पर निष्कर्ष निकालने की कोशिश करेंगे तो यह उनकी भूल होगी. इसके बजाय उन्हें 2024 पर अपनी नीति और रणनीति केंद्रित करनी चाहिए. राजनीतिक संभावना की कला है और आज के नतीजे आने वाले कल को कितना प्रभावित करेंगे, यह कहना मुश्किल है. इसलिए इंडिया गठबंधन की बेहतरी इसी में है कि वे अब भी अपने उस उद्देश्य पर कायम रहें, जिस उद्देश्य को लेकर उन्होंने इस गठबंधन को बनाया था. भारतीय जनता पार्टी मजबूत स्थिति में है, इसमें संदेह नहीं. लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसे वाक ओवर दे दिया जाए. इंडिया गठबंधन के कुछ नेताओं के रवैये से लग रहा है कि वह हिट विकेट करने के मूड में है. यह लोकतंत्र के हित में नहीं. लोकतंत्र के लिए सबसे जरूरी चीज है एक सबल विपक्ष का होना. वरना लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा. इस लिहाज से विपक्ष के नेताओं की यह जिम्मेदारी है कि इंडिया गठबंधन की एकता बनी रहे. लेकिन इसके लिए हर घटक दल को थोड़ी-थोड़ी कुर्बानी देनी होगी. स्थिति कमोबेश सन् 77 वाली है. उस वक्त के विपक्ष के पास भी कोई एक सर्वमान्य प्रधानमंत्री का चेहरा नहीं था. एकता का एक ही सूत्र था -तत्कालीन सत्ताधारी दल के मुकाबले लोगों को एक विकल्प देना. वर्तमान परिस्थितियां भी वैसा ही कुछ मांग कर रही हैं. हां यह जरूर है कि आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसा कोई बड़ा कद विपक्ष के पास नहीं है, जो कि सबको एक धागे में पिरो सके. लेकिन प्रयास तो करना पड़ेगा. और इसके लिए हिंदी पट्टी के किसी ऐसे हिंदी भाषी चेहरे को ढूंढना पड़ेगा, जिसकी स्वीकार्यता हो. इंडिया गठबंधन के कुछ नेता प्रधानमंत्री के चेहरे की तलाश पर जोर दे रहे हैं. अपने-अपने तरीके से नाम भी सुझा रहे हैं, लेकिन यह थोड़ा जल्दबाजी है और सामरिक रूप से सही भी नहीं, क्योंकि इससे गठबंधन की एकजुटता प्रभावित होगी. आज की स्थिति में बेहतर यही होगा की व्यक्ति पर नहीं मुद्दों पर फोकस किया जाए. और वैसे मुद्दे हैं, जिससे आम लोगों को सरोकार है. यह ठीक है कि विपक्ष अपेक्षाकृत कमजोर पिच पर खेल रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि प्रयास ही नहीं किया जाए. राजनीति में जोखिम और टाइमिंग बड़े महत्वपूर्ण होते हैं. सही समय पर सही रणनीति कारगर साबित होती है. इंडिया गठबंधन के सूत्रधार के रूप में नीतीश कुमार ने एक बड़ा प्रयास तो कर दिया, लेकिन अब उस प्रयास को और आगे ले जाने की आवश्यकता है. इसमें शक नहीं की सूत्रधार की हैसियत से नीतीश कुमार की भूमिका अहम होगी, लेकिन जो अन्य पहलू महत्वपूर्ण होंगे, उसमें सबसे जरूरी है कांग्रेस की भूमिका. इतना तो निश्चित है कि सबसे बड़ा घटक फिलहाल कांग्रेस है. इस लिहाज से कांग्रेस को थोड़ा आत्म अवलोकन करना होगा और व्यापक हित में कुछ त्याग भी करना होगा. इसमें संदेह नहीं कि 2024 का चुनाव देश की दिशा और दशा तय करने वाला होगा. इसलिए विपक्ष को अपने अस्तित्व के लिए सही नीति और रणनीति की बहुत जरूरत है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## नीर क्षीर विवेक

प्रायः लोग कहते हैं कि हमें किसी की निंदा नहीं करनी चाहिए. किसी को भला, और किसी को बुरा कहना राग-द्वेष है. सही भी है किसी से अतिशय राग अन्याय को न्योता देता है. और किसी की निंदा विद्वेष ही पैदा करती है. दूसरों की निंदा बुरी बात है किन्तु, भले और बुरे सभी को एक ही तराजू पर, समतोल में तोलना मूर्खता है. उचित अनुचित में सम्यक भेद करना विवेकबुद्धि है. भला-बुरा, हित-अहित और सत्यासत्य का विवेक रखकर, बुरे, अहितकारी और असत्य का त्याग करना. भले, हितकारी और सत्य का आदर करना एक उपादेय आवश्यक गुण है. जो जैसा है, उसे वैसा ही, बिना किसी अतिशयोक्ति के निरूपित करना, कहीं से भी बुरा कर्म नहीं है. एक व्यापारी को एक अपरिचित व्यक्ति के साथ लेन-देन व्यवहार करना था. रेफरेन्स के लिए उसने, अपने एक मित्र जो उसका भी परिचित था, को पूछा- "यह व्यक्ति कैसा है? इसके साथ लेन-देन व्यवहार करनें में कोई हानि तो न होगी" उस व्यापारी का मित्र सोचने लगा- मैं किसी के दोष क्यों बताऊँ? दोष दर्शाना तो निंदा है. मुझे तो उसकी प्रसंशा करनी चाहिए. इस प्रकार विचार करते हुए मित्र ने उस रेफर धूर्त की प्रशंसा ही कर दी. सच्चाई और ईमानदारी गुण, जो कि उसमें तनिक भी नहीं थे, व्यापारी के मित्र नें उस धूर्त के लिए गढ दिए. मित्र की बात पर विश्वास करके व्यापारी ने उस धूर्त व्यक्ति के साथ व्यवहार कर दिया और कुछ ही समय में धूर्त सब कुछ समेट कर गायब हो गया. ठगे-से व्यापारी ने अपने मित्र को अपनी बरबादी की जानकारी दी. प्रशंसक मित्र कहने लगा- "मैं आपका शत्रु नहीं, मित्र ही हूं. और पक्का सज्जन भी हूं. कोई भी भला व्यक्ति, कभी भी, किसी के दोष नहीं देखता, आलोचना नहीं करता. निंदा करना तो पाप है. मैंने तुम्हें हानि पहुंचाने के उद्देश्य से उसकी प्रशंसा नहीं की, बल्कि यह सोचकर कि सज्ज्न व्यक्ति सदैव सभी में गुण ही देखता है, मैं भी क्यों बुरा देखन में जाऊँ, इसलिए मैने सद्भाव से प्रशंसा की" -"वाह! भाई वाह!, कमाल है तुम्हारा चिंतन और उत्कृष्ट है तुम्हारी गुणग्राहकता!! तुम्हारी इस सज्जनता ने, मेरी तो लुटिया ही डुबो दी."

# किन यादों को छोड़ विदा ले रहा है 2023

• वर्षांत

एस. व्यास

आईए, एक बासी-से वाक्य से शुरूआत करें! – एक और साल दम तोड़ रहा है! 2020 से 2022 तक की थकान, पीड़ा और दुःख के बाद, 2023 एक ताज़ा हवा के झोंके सा था. 2023 वह सब करने का साल था, जो नहीं किया जा सका था, बाहर निकलकर चुनौतियों पर जीत हासिल करने का साल था. और हां ,बहुत सारी 'जीतें' हासिल भी की गईं. महामारी के बाद दुनिया को दो जंगों का सामना करना पड़ा है. टेड्रोस एड्हानोम गेबरेयस (विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख, यदि आप भूल गए हों तो) के स्थान पर हमारे टेलिविजन सेटों पर, मोबाइल की स्क्रीनों पर, अखबारों और डिजीटल मीडिया पर हमने सभ्यताएं बिखरती देखीं, उनके वर्तमान और भविष्य को बर्बरता से नष्ट होते देखा. व्लादिमिर पुतिन टस से मस नहीं हुए. उन्होंने अड़े रहने की प्रतिज्ञा की और यही व्लादिमिर जेलेंस्की ने किया. शरद ऋतु आते-आते बीबी नेतन्याहू की निर्दयता सामने आई, और वे भी भविष्य में वही करने के लिए दृढ़ हैं, और हमास भी.इसका नतीजा है दो युद्ध, जिन्होंने दुनिया को एक-दूसरे के प्रति कटुता से लबरेज दो गुटों में विभाजित कर दिया है, देशों और उनके नागरिकों को दोनों में से एक पक्ष का समर्थन करने पर मजबूर कर दिया-एक का साथी और दूसरे का शत्रु बनने पर बाध्य कर दिया है. इसने दुनिया के दो माईबापों-अमरीका और चीन-के बीच पहले से चल रहे नए शीतयुद्ध की तीव्रता को भी बढ़ा दिया. लेकिन तुर्की से लेकर अर्जेंटीना तक लोकलुभावन वायदे करने वाले फल-फूल रहे हैं और डोनाल्ड ट्रंप और नरेन्द्र मोदी ताकतवर बने हुए हैं. इस बीच 'अपने दामाद' ऋषि सुनक तमाम खामियों के बावजूद 10, डाउनिंग स्ट्रीट में टिके हुए हैं और उनकी देखरेख में यूके एलीजाबेथ युग से नए कैरोलियन युग में प्रवेश कर रहा है. हमारे पड़ोसी पाकिस्तान में और अधिक राजनैतिक व आर्थिक अराजकता के हालात बने हैं. और इस सारे घटनाक्रम के दौरान दुनिया का तापमान बढ़ रहा है, महंगाई बढ़ती जा रही है और समाज बेहूदा होता जा रहा है. राजनीति और धर्म के बीच की दीवार ढ़हती जा रही है. दोनों एक-दूसरे के रंग में रंगते जा रहे हैं. हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे लोकप्रिय राजनेता और प्रभावशाली व्यक्तित्व बने हुए हैं और अपने फायदे के लिए चतुराई से राजनीति, धर्म और देशभक्ति का उपयोग कर रहे है. उनकी मौजूदगी ईश्वर की तरह सर्वव्यापी है, मामूली चीजों से लेकर भारत में हुए सबसे बड़े आयोजन, जी20 के उद्घाटन तक में. उन्होंने भारत को 'चन्द्रमा पर पहुंचाया' और नए भारत में भगवान राम की वापसी सुनिश्चित की! वे अत्यंत व्यस्त हैं, वे चुनावों में अपनी पार्टी और पार्टीजनों की सहायता करते हैं, इमेन्युअल मैक्रॉ और जियोर्जिया मेलोनी से मित्रता करते हैं और जस्टिन ट्रूडो और उनके कनाडा को उनकी औकात का अहसास कराते हैं. वे योजनाओं का उद्घाटन करते रहते हैं, गारंटियां देते हैं, अपने पुराने दोस्त बाइडन को गले लगाते हैं, नया संसद भवन, नई विधियां, नए कानून देते हैं... कोरोना काल के दो साल उन्माद और भय में बिताने के बाद हम आशा की किरण के लिए तरस रहे थे. लेकिन 2023 में मुसीबतें और बढ़ीं तथा साल जबरदस्त राजनैतिक खींचतान, अहं के टकराव, और छाती पीटने का साल साबित हुआ. एक ऐसा साल जो निराशाओं और गहन ध्रुवीकरण में फंसा रहा. उम्मीद जगाने वाली घटनाओं के बजाए दुनिया में अनहोनी होती रही और राजनैतिक और व्यवस्था संबंधी टकराव हमारे रोजमर्रा के जीवन में गहराई तक घर कर गए. 2023 एक ऐसा साल बना है जैसा हम कभी नहीं चाहते थे! हम पहले से अधिक अलग-थलग हो गए और हमने करुणा की बजाए घृणा को चुना. एकता की विभाजन को चुना. आप अपनी बात खुलकर नहीं कह सकते थे और करुणा और सहानुभूति भी वामपंथ और दक्षिणपंथ के रंग में रंग गई. हर आदमी मुखौटा लगाए हुए है, सब कुछ एक प्रहसन बन गया है. हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जो न तो आदर्श है और न ही भौतिक है, बल्कि जो विक्षिप्त जान पड़ती है. इंडिया, भारत, दुनिया, वैश्विक व्यवस्था, मेरी दुनिया, आपकी दुनिया –जैसी विभाजक रेखाएं और गहरी हुई हैं. हम बढ़ती चुनौतियों का मिलकर मुकाबला करने में सक्षम नहीं हैं. जाहिर है 2023 अधिक अंधकार लाया है, और 2024 में यह अंधकार ज्यादा घना होगा. लेकिन कहते हैं कि रोशनी ढूंढ़ी जा सकती है, और वह अक्सर वहां मिलती हैं, जहां उसके होने की बिल्कुल उम्मीद नहीं होती.

> राजनीति और धर्म के बीच की दीवार ढ़हती जा रही है. दोनों एक-दूसरे के रंग में रंगते जा रहे हैं. हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे लोकप्रिय राजनेता और प्रभावशाली व्यक्तित्व बने हुए हैं और अपने फायदे के लिए चतुराई से राजनीति, धर्म और देशभक्ति का उपयोग कर रहे है.उनकी मौजूदगी ईश्वर की तरह सर्वव्यापी है.

# फिसलन की राह पर गैर-सरकारी संस्थाएं

• सामयिकी

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

आज यह कोई बहुत छिपी बात नहीं है कि पंजीकृत सामाजिक संस्थाओं के कुछ कर्णधार सत्ताधारियों से नजदीकी बनाकर उनके आभामण्डल में अपने आगे बढ़ने या प्रसिध्दि पाने की राह आसान बनाते रहते हैं. सामान्य की क्या बात करें, कार्पोरेट घरानों या उनके परिवारजनों द्वारा प्रायोजित अथवा संरक्षित संस्थाओं के जिम्मेदार लोग भी ऐसी लालसा पालते रहते हैं. कार्पोरेट घराने अपने कुछ परिवारियों की छवि बनाने के लिए अपने फण्ड से गैर-सरकारी संस्थाएं बना देते हैं. इससे वे 'सोशलाइट' की छवि भी पा लेते हैं. निस्संदेह इनमें सीधी रीढ की बेहद कमी दिखती है. सामाजिक मुद्दों के लिये जुझारूपन की आशा रीढ़-विहीन संस्थाओं से तो करना ही बेकार है. नेताओं व सरकारों के नजदीक दिखने का मोह सामाजिक संस्थाओं की साख भी गिरा रहा है. सामाजिक संस्थाएं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ही बनाई गई हैं या इनमें काम करने वाले असामाजिक नहीं होंगे, ऐसी गलतफहमी तो अब शायद ही कोई पालता हो. जन्म चाहे कैसी भी कोख या किसी भी परिवेश में हुआ हो, किन्तु जो संस्थाएं अपने को सामाजिक संस्था कहती हों, उनसे समाज के पक्ष में अपने को जोखिम में डालकर भी सच कहने की अपेक्षा तो की ही जानी चाहिए. सामाजिक के साथ-साथ यदि वे अपने को गैर-सरकारी भी घोषित करती हों तो उनसे एक और अपेक्षा यह भी बढ़ जाती है कि वे सरकारी गोद में बैठने या सरकारी 'गुड-बुक' में होने के स्वार्थी प्रलोभन से बचेंगी, किन्तु ऐसा हो नहीं रहा है. जिन्हें अपने राज्यों में होने वाला बाल शोषण व बाल मजदूर दिखता ही नहीं है. ढेरों बाल मजदूर होने पर भी वहां बाल मजदूर आंकड़ों में न के बराबर ही होते हैं. ज्यादा चिंताजनक तो यह हो रहा है कि जब सामाजिक संस्थाओं का अपना ही आयोजन हो, अपना ही मंच हो व उनके अपने ही अवसर हों, तब भी आयोजक सामाजिक संस्थाएं सरकारों, सरकारी अधिकारियों या पदाधिकारियों को परियोजनाओं में कुशासन बताने की हिम्मत नहीं करतीं. गैर-सरकारी सामाजिक संस्थाएं अब अपवाद भी नहीं हैं, जो कई बार राजनैतिक व कई बार स्वहित के कारणों से सरकारों का मुखौटा व भोंपू बनकर रह गई हैं. वे मुख्यमंत्री, मंत्रियों को समाज के उन सचों को देखने को मजबूर नहीं करतीं, जिन्हें वे अपनी छवि खराब न होने के डर से एक सिरे से नकारते रहते हैं. परिणाम यह होता है कि समाज में शोषण का प्रतिरोध व सही आंकड़ों को पस्तुत करने के साहस में कमी आती है. सरकारों से लड़ना भी न पड़े व लोगों की नजर में आपकी गैर-सरकारी व सामाजिक होने की पहचान भी बनी रहे. इसलिए कई पंजीकृत या अपंजीकृत गैर-सरकारी संस्थाएं अपने को अब 'डेवेलेपमेंट एजेन्सी' कहलाना पसन्द करती हैं. इनके एजेण्डा में सामाजिक आन्दोलनों में भागीदारी के लिए अपने को या समाज को गतिशील व जागरूक करना नहीं होता. ऐसे में वे सरकारों के लिए चुनौतियां नहीं, बल्कि उनके लिए चारा बन जाती हैं. ऐसी परिणितियों पर चिन्तित होने या ग्लानि अनुभव करने के बजाये तथाकथित गैर-सरकारी संस्थाएं अपनी संस्था के पदाधिकारियों की सत्तारूढ़ नेता, मंत्रियों, अधिकारियों के साथ मंच साझा करने को उपलब्धि मानती हैं. दुखद यह रहता है कि ऐसे साझा मंचों से गलत सरकारी आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण व बयानबाजी होती है. उनका तत्काल विरोध करने का साहस ऐसी गोदी-संस्थाओं के पदाधिकारी या प्रतिनिधि नहीं जुटा पाते हैं. निस्संदेह ऐसा आचरण एक सामाजिक संस्था या सामाजिक कार्यकर्ता का नहीं हो सकता. ईमानदार, निस्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता व संस्थाओं की नियति सदैव प्रतिपक्ष के खेमे में दिखने की होती है. जब आप कुशासन या गलत नीतियों, स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा या मानवाधिकारों के हनन का प्रतिकार करने वाले लोगों के दमन को रोकने के लिए खड़े होंगे तो आपका कदम स्वाभाविक रूप से उस समय के सत्तारूढ़ दल या प्रशासन के विरुद्ध ही होगा. ऐसे में आप पर विपक्षियों के समर्थक होने का आरोप तो लगेगा ही. अब यदि फिर विपक्ष सत्तापक्ष बन जाता है तो आप उसी पक्ष के, जिसके सहयोगी होने का लांछन आप पर पहले लगा था, विरोधी दिखेंगे. सामाजिक संस्थाओं में व्यवहार व चरित्र का बदलाव इस कारण से भी आया है कि सामाजिक संस्थाएं जनता के सहभागी चंदों से नहीं चलतीं. अब छोटे-बड़े परियोजना अनुदानों की जुगत से ही वे चलना चाहती हैं. खुले आम सरकारी टेण्डर विज्ञप्तियों के प्रत्युत्तर में वे आवेदन भी करती हैं.

> नेताओं व सरकारों के नजदीक दिखने का मोह सामाजिक संस्थाओं की साख भी गिरा रहा है. सामाजिक संस्थाएं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ही बनाई गई हैं या इनमें काम करने वाले असामाजिक नहीं होंगे, ऐसी गलतफहमी तो अब शायद ही कोई पालता हो. जन्म चाहे कैसी भी कोख या किसी भी परिवेश में हुआ हो.

## मीडिया में अन्यत्र

# कामगारों का भी निर्यात होगा

विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है. यूनान ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे.इटली भी अपने विभिन्न शहरों के नगर निकायों में काम करने के लिए लोगों की तलाश में है. भारत पहले ही 40,000 से अधिक श्रमिकों को इजरायल भेजने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है और इस समझौते को विस्तार दिया जा सकता है. हमास के साथ युद्ध शुरू होने से पहले इजरायल में लगभग 18,000 भारतीय श्रमिक काम कर रहे थे, जो मुख्यतौर पर मरीजों की देखभाल के काम से जुड़े थे. हालांकि, वहां युद्ध जारी है, ऐसे में इजरायल पहले से काम करने वाले लगभग 90,000 फिलिस्तीनियों की जगह दूसरी जगहों के कामगारों की भर्ती करना चाहता है. सरकार की इस पहल का स्वागत कई कारणों से अवश्य किया जाना चाहिए. भारत में कुशल और मेहनती कामगारों की तादाद बहुत ज्यादा है. कई वर्षों से संगठित और अनौपचारिक तरीके से ये कामगार कई देशों में जाते रहे हैं और इसका अंदाजा विदेश से भारत भेजी जाने वाली राशि से मिलता है. भारत भी अपने व्यापारिक साझेदार देशों के साथ किए जाने वाले विभिन्न समझौतों में भी कामगारों की आवाजाही की वकालत करता रहा है. विकसित देशों की समस्या यह है कि इनकी आबादी में बुजुर्गों की संख्या बढ़ती जा रही है. ऐसे में उन्हें काम कराने के लिए बाहर के श्रमिकों की जरूरत बढ़ने लगी है. भारत के लिए यह एक सुनहरा मौका है, क्योंकि भारत कामगारों की कमी की भरपाई करने में सक्षम हो सकता है. हालांकि कामगारों को विदेश भेजने पर एक चिंता जरूर हो सकती है कि इससे देश में कहीं श्रमिकों की कमी न हो जाए लेकिन फिलहाल विकसित देशों की मांग अस्थायी ही लग रही है. कामगारों के विदेश जाने का एक फायदा यह है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के तजुर्बे के साथ देश वापस आएंगे. विकसित देशों में मजदूरी की दर ज्यादा है, ऐसे में वे अपने बचत के पैसों से भारत में घर या जमीन जैसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं. यह भी संभव है कि कुछ लोग वहीं बसना चाहेंगे. **(बिजनेस सटैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### समीक्षा/आलोचना/समालोचना

**समीक्षा**, आलोचना और समालोचना. ये तीन शब्द लिखने और बोलने में बिल्कुल अलग-अलग हैं, लेकिन ये हिंदी साहित्य के इतिहास के आधार हैं. तीनों शब्दों का अर्थ है विश्लेषण करना या मूल्यांकन करना, विस्तृत अर्थ में किसी भी विधा का उसके गुणों और दोषों के आधार पर निष्पक्ष राय प्रस्तुत करना, ताकि संबंधित विधा का बेहतर निष्कर्ष प्रस्तुत हो सके. ये तीनों संस्कृत तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार समीक्षा का अर्थ है अच्छी तरह देखने की क्रिया, छानबीन या जांच-पड़ताल, गुण-दोषों का अध्ययन, परीक्षण, खोज, अनुसंधान, रचना, पुस्तक आदि की विवेचना या समालोचना. दूसरा शब्द है आलोचना. इसका मतलब है गुण-दोष की परख, खूबियों-खामियों का विवेचन, समीक्षा, देखना, अवलोकन करना, दर्शन करना. तीसरे शब्द समालोचना का आशय है सम्यक प्रकार से देखना, अच्छी तरह देखना, किसी वस्तु व्यक्ति आदि के गुण-दोषों का किया जानेवाला सम्यक विवेचन, साहित्यिक रचना के गुण-दोषों के विवेचन करने की कला, आलोचना, समीक्षा, किसी पुस्तक या ग्रंथ के गुण-दोषों का विचार प्रस्तुत करने वाला लेख या ग्रंथ. जो समीक्षा करता है, उसे समीक्षक कहते हैं, जबकि आलोचना करनेवाले का आलोचक और समालोचना करनेवाले को समालोचक कहा जाता है. समीक्षा, आलोचना और समालोचना एक दूसरे के पर्यायवाची प्रतीत होते हैं, लेकिन इन तीनों में कुछ अंतर भी है. समीक्षा मूल रूप से खेल, फिल्म, कार्यक्रम, आयोजना आदि के गुण और दोषों की होती है. समालोचना मूलतः किसी पुस्तक या कृतियों की होती है, जिसमें सबल पक्ष और दुर्बल, दोनों पक्षों पर विमर्श किया जाता है, आलोचना के क्रम में केवल अवगुण पर ही ध्यान रखा जाता है. संक्षेप में कहा जा सकता है कि समीक्षा सम्+ईक्षा (देखना) दो शब्दों से बनी है. आशय है सम्यक रूप से देखना. समालोचना का आशय सम्यक् रूप से लोचन या दृष्टि से देखना तथा आलोचना का मतलब एक पक्षीय दृष्टिकोण रखते हुए विशेषकर उसके दोषों पर विचार करना.

# बहुत मूडी हैं प्रोफेसर साहब

• तीर-तुक्का

डॉ एस के पाण्डेय



एक कॉलेज में एक प्रोफेसर साहब ऐसे भी हैं, जो सदा लड़कों को कोसते रहते हैं. बहुत मूडी हैं. उनका कहना है कि तुम लोगों के कमरे में आते ही मूड ऑफ़ हो जाता है. तब क्या खाक पढाऊं ? चलो दुनियाबी बातें बताते हैं. कहते कि लड़कियों को पढ़ाने जाता हूं तो पता ही नहीं चलता कि एक घंटा कब बीत गया. एक दिन तो चार बजे के बाद भी पढ़ाए जा रहा था. तब प्रिंसिपल साहब बोले, शर्मा जी चार कब का बज चुका. तब जाकर क्लास छोड़ा. कहते तरह-तरह की क्रीम व सेंट की महक नाक में पड़ते ही मूड सही हो जाता है. उसके बाद पढ़ाना शुरू. क्या-क्या और कबतक पढ़ा जाएं, इसकी कोई सीमा नहीं. कुछ लड़कियां हंसती, कुछ शर्म से सिर नीचा किए रहतीं. कुछ चाहकर भी किसी से न कह पाती. शर्मा जी कहते मुझसे क्या शर्माना है ? मैं तो तुम लोगों की झिझक कम करना चाहता हूं. एक बार कुछ विद्यार्थियों ने कहा. अब तक आप ने ट्रांसलेशन भी नहीं पढ़ाया. तब बोले चलो लिखो एक वाक्य- 'तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त'. इसी का ट्रांसलेसन समझाने लगे. घर पर उन्होंने कोचिंग भी पढ़ाना शुरू किया. प्रैक्टिकल वगैरह में नम्बर दिला देते थे. इसी से कुछ लड़के व लडकियां न चाहते हुए भी पढ़ते थे. शिकायत कौन करता ? उसका तो फेल होना तय ही था. कुछ लोग फेल भी होते थे. खासकर कोई लड़की हो जाये तो लड़के उड़ा देते कि शर्मा सर ने ही कराया होगा. इनका विरोध करके कोई नहीं बचा. इसी से तो लोग इनकी कोचिंग में भरे रहते हैं. इनकी खासियत थी कि हर विषय पढ़ाते थे. गणित, विज्ञान व अंग्रेजी आदि. सिलेबस का भी और सिलेबस के बाहर का भी. बहुत लोग तो सिलेबस भी पूरा नहीं करा पाते. किताब का भी और किताब के बाहर का भी. खासकर लड़कियों को. वैसे लड़कों पर कम मेहरबान नहीं रहते थे. एक बार परीक्षा के दौरान एक लड़की अचानक बेहोश हो गयी. सर भी गार्डिंग कर रहे थे. शर्मा जी ने फ़ौरन उसे सिर्फ उठाया ही नहीं, बल्कि क्लास से बाहर लेकर चले गये. बाद में लड़के खबर लाये कि प्रिंसिपल साहेब शर्मा सर को डांट रहे थे. कहीं किसी दिन कोई बवाल न खड़ा हो जाये. एक बार बोले जब रिटायर हो जाऊंगा तो एक अस्पताल खोलूंगा. मतलब दवाखाना. कहते सुई लगाना आता है. पहले ही सीख लिया था.

# धर्म अध्यात्म

# 2024 सुख-समृद्धिदायक होगा नव वर्ष





आचार्य
अजय मिश्रा

एक जनवरी 2024 को सूर्योदय कालीन कुंडली धनु लग्न में हो रही है. पहली तारीख सोमवार को है. इस वर्ष ग्रहों का स्वामी चन्द्र होगा. चन्द्र सौम्य ग्रह होने से समाज में हिंसक घटनाओं में कमी होगीं. व्यापारी वर्ग लाभ में रहेंगे. भ्रष्टाचार में कमी आएगी. कालाबजारियों के प्रभाव में भी कमी होगी. इस वर्ष धनु लग्न की कुंडली में लग्नेश एवं कर्ममेश के स्वामी बृहस्पति बनेंगे और भाग्य के स्वामी सूर्य होंगे. वर्ष जन मानस और देश के लिए बहुत ही सिद्धिप्रद साबित होगा. आर्थिक क्षेत्र में जन मानस बहुत ही समृद्ध रहेंगे. उदय कालीन कुंडली में राहु चर्तुथ भाव में रहने से विश्व में कहीं-कहीं युद्धादि की आशंका है. परंतु पंचमेश मंगल के कारण शासन, सता, राजनीति से जन मानस को कई तरह की अच्छी सौगात मिलेगी. देश में नवीन टेक्नोलॉजी एवं स्वचालित यंत्रों का विकास होगा. देश में आंतकवादी और आगजनी घटनाओं में वृद्धि की भी आशंका है. अतिवृष्टि, सूखा, भूकंप, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से देश के कुछ भागों में बहुत ज्यादा क्षति हो सकती है. अन्नादि की मंहगाई से जन मानस की परेशानी बढ़ेगी. फिर भी यह वर्ष और कृषि के क्षेत्र में पूर्व की अपेक्षा बेहतर साबित होगा. निम्नवर्गीय लोगों की ताकत में इजाफा होगा. व्यापारिक वर्ग के लिए वर्ष अनुकुल रहेगा. सरकार के देश हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने से जनता में खुशी का माहौल रहेगा.

## कन्या राशि



( टो, पा पी पू,ष,ण,ठ,पे,पो )

### व्यक्तित्व और गुण

**कन्या राशि के जातक अध्ययनशील हैं. विद्वता इनके व्यक्तित्व की विशेष खासियत होती है. ये मेहनती होते हैं. इनमें गजब की प्रबंधन क्षमता होती है. इनका दृष्टिकोण समीक्षात्मक होता है जिस कारण बाल की खाल निकालना इनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है.**

इस वर्ष मनचाही सफलता मिलेगी. व्यापारी वर्ग के लिए वर्ष बढ़िया है. आर्थिक जीवन में सुधार होगा. शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं. आमदनी में खर्च घटता बढ़ता रहेगा. अधिकारियों से अच्छे संबंध बनाकर चले, उनके सहयोग से आप कार्यक्षेत्र में तरक्की करेंगे. तीर्थ यात्रा का संयोग बन रहा है. वर्ष 2024 की शुरुआत बीते वर्षों से अच्छी हालत में रहेगी. मन में शांति का अनुभव करेंगे. सेहत के लिए यह वक्त थोड़ा संभल कर चलने वाला है. छात्र प्रतियोगिता परीक्षा में परिश्रम करें सफलता मिलेगी. कुछ लोग अपने वर्तमान नौकरी से संतुष्ट नहीं रहने के कारण दूसरी नौकरी की तलाश का प्रयास करेंगे और सफल भी रहेंगे. इस दौरान अचानक से कोई बड़ी समस्या खड़ी होने अथवा कार्य विशेष में अनावश्यक विलंब होने से आपके भीतर क्रोध एवं उत्तेजना बढ़ेगी. काम में आने वाली अड़चन के साथ सेहत भी आपकी परेशानी का बड़ा सबब बन सकती है. परिश्रम से रुके हुए आवश्यक कामकाज होंगे परंतु अपने कार्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है. शुरुआत में असामान्य स्थितियों का सामना करना पड़ेगा. कोई बड़ी जिम्मेदारी उठानी पड़ सकती है. अन्न, धन, नूतन, वस्त्र, आभूषण का लाभ होगा. जनसंपर्क बढ़ेगा. प्रेम जीवन के लिए यह साल सामान्य रहने वाला है. इस वर्ष आपके जीवन साथी को जनवरी, फरवरी, मार्च, सितंबर और दिसंबर के बीच कार्यक्षेत्र में कुछ बड़े लाभ प्राप्त होंगे, जिससे आपकी स्थिति में सुधार होगी. साझेदारी व्यवसाय में विवादों से गुजरना पड़ सकता है. यदि आप कॉर्पोरेट नौकरी से जुड़े हैं, तो शुक्र और केतु ग्रह आपको कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ बहस करने से बचने का सुझाव देते हैं. इस वर्ष समय सीमा के लिए प्रतिबद्ध रहें.

शारीरिक सुख एवं स्वास्थ्य साधारण रहेगा. स्थान परिवर्तन का योग है. व्यापार से जुड़ी हुई यात्रा सुखद व लाभप्रद होगी. गृहस्थ सुख में बाधा होगी. पारिवारिक जीवन में इस साल आपको मिलेजुले परिणाम मिलेंगे. नौकरी/व्यवसाय के सिलसिले में आपको घर से दूर भी जाना पड़ सकता है.

### उपाय और टोटके

शुक्ल पक्ष के पहले शनिवार को पानी वाले 11 नारियल और सवा सौ ग्राम जौ पीले कपड़े में बांध कर किसी शिवालय में रख दें. आर्थिक स्थिति में सुधार होगी और पुरानी समस्याओं से शीघ्र ही निजात मिलेगी.

## नहीं मिल रही कर्ज से मुक्ति!

### अपनाएं ये उपाय

**संसार में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी ग्रह पीड़ा से दुखी रहता है. हर व्यक्ति धन-धान्य संपन्न भी नहीं है. यदि अशुभ ग्रहों के प्रभावस्वरूप बार-बार प्रयत्न करने पर जीवन में विघ्नों एवं विफलताओं का सामना करना पड़े और भाग्य साथ न देता हो तो अशुभ ग्रहों की अनुकूलता उपाय करना चाहिए. ग्रहों की शांति के लिए ज्योतिष शास्त्र में कई उपाय सुझाए गए हैं. आइए, आज इन उपायों की करें चर्चा...**



### उपाय

- श्रीयंत्र, महालक्ष्मी यंत्र, कुबेर यंत्र, या सम्पूर्ण महालक्ष्मी यंत्र... इन यंत्रों में से कोई एक यंत्र शुक्रवार के दिन लाकर अपने घर के पूजा स्थान पर लाल वस्त्र पर स्थापित करें. यंत्र पर फूल, चन्दन, धूप, दीप और कुछ प्रसाद अर्पित करें. श्री महालक्ष्म्यै नमः का 108 बार जाप करें.
- शुद्ध पन्ना 6 रत्ती चांदी में धारण करें.
- चारमुखी रूद्राक्ष धारण करें.
- बुधवार का व्रत करें.
- शनिवार को पीपल का एक पत्ता तोड़कर लाएं. उसे धूप दिखाकर अपने व्यापार स्थल की गददी के नीचे रख दें. 3 शनिवार लगातार यह क्रिया करें. फिर इन पत्तों को किसी नदी में प्रवाहित कर दें.
- अपने वजन के बराबर गाय को चारा खिलाएं.
- प्रत्येक दिन गणेश जी के सौ नामों का पाठ करें.
- किसी शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को अपने घर के दरवाजे पर स्वतिक का चिन्ह बनाएं.
- किसी बर्तन पर तेजपत्ता, कपूर और कुकुंम को रखें और उसे जलाकर पूरे घर में आरती की तरह दिखाकर घर के बाहर रख दें.

## मेष राशि



( चू,चे, तो,ला,ली,लूं, ले,लो )

### व्यक्तित्व और गुण

**ये बहुत चतुर, जोशीले और जिद्दी स्वभाव के होते हैं. अपमान बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं. किसी बात को तब तक नहीं स्वीकार करते हैं, जब तक इनका खुद का नुकसान नहीं हो रहा हो. अक्सर अपने गुप्त भेदों के खुल जाने से भयभीत रहते हैं.**

मेष राशि आय के नए स्रोत बनेंगे. इस राशि के लोग इस वर्ष आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे. इस वर्ष आप पर बृहस्पति की अपार कृपा रहने वाली है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति काफी लाभकारी रहने वाली है. वर्ष की शुरुआत आपके करियर में स्थायित्व लेकर आएगी. इस दौरान आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर अपनी कृपा बरसाएंगे. वर्ष के पूर्वार्ध में आपको अच्छी सफलता मिलने के योग बनेंगे. आपकी तनख्वाह में वृद्धि के संकेत भी मार्च से लेकर अप्रैल के बीच दिखाई दे रहे हैं. इस साल जुलाई, फरवरी, मार्च और दिसंबर महीने में नए वाहन खरीदने का योग है. यदि आप घर बनाना चाहते हैं तो मई के बाद से आपको इस दिशा में सफलता मिल सकती है. वहीं यदि आप संपत्ति खरीदना चाहते हैं तो फरवरी से मार्च के महीने में कामयाब हो सकते हैं. इसके बाद कुछ समय तक प्रतीक्षा करनी होगी. एक अन्य अवसर आपको जून से जुलाई के मध्य मिलेगा. यदि आप नौकरी बदलने की फिराक में हैं तो, इसके लिए अगस्त का महीना बेहतर रहेगा लेकिन इसी महीने में आपको वर्तमान नौकरी में कुछ समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है. इसलिए सावधानी रखना अपेक्षित होगा. सितंबर और अक्टूबर को छोड़कर नवंबर और दिसंबर के महीने आपको आपके करियर में अच्छी सफलता देंगे. अप्रैल से सितंबर के बीच कोई नया व्यापार शुरू भी कर सकते हैं. विदेश जा सकते हैं. वर्ष की शुरुआत में ही शनि ग्यारहवें भाव में रहेंगे और पूरे वर्ष यहीं बने रहेंगे जिससे आपको एक स्थाई आमदनी प्राप्त होती रहेगी. लेकिन इसके साथ ही द्वादश भाव में वर्ष पर्यंत बैठे राहु महाराज की उपस्थिति आपके खर्चों में बेतहाशा बढ़ोतरी का संकेत देती है. वर्ष की शुरुआत में पूर्व में किए गए निवेश का अच्छा लाभ मिल सकता है. पदोन्नति हो सकती. व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े जातकों को भी अच्छे धन लाभ के योग बन रहे हैं. स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से वर्ष मिलाजुला रहेगा. त्वचा में एलर्जी, अनियमित रक्तचाप और मानसिक तनाव तथा सिरदर्द और बुखार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. जनवरी से अप्रैल के बीच का समय मध्यम रहेगा. सितंबर तक आपके स्वास्थ्य में अच्छा सुधार देखने को मिलेगा. अक्टूबर और नवंबर में पेट, नेत्र या दांत संबंधित कोई परेशानी सामने आ सकती है. इस वर्ष जनवरी से फरवरी, अप्रैल, जून, अगस्त और दिसंबर के महीनों में सरकारी क्षेत्र से लाभ की स्थिति बन सकती है.

### उपाय और टोटके

शाम के समय घर के मुख्य द्वार पर तेल का दीपक प्रज्ज्वलित करें. अधिक फायदे के लिए उसमें दो काली मिर्च डाल दें. इससे आर्थिक परेशानी दूर होगी. पांच गोमती चक्र पीले कपड़े में बांधकर अपने मुख्य दरवाज़े पर टांगें.



## वृष राशि



( इ,उ,ए,ओ,वा वी, वू ,वे,वो )

### व्यक्तित्व और गुण

**वृष राशि के व्यक्ति व्यावहारिक, स्थायी और विश्वसनीय होते हैं. जिन्दगी इनके सामने जैसी आती है, ये उसी के हिसाब से अपने लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ते जाते हैं, लेकिन इनकी चाल धीमी रहती है. इनकी ताकत इनका स्थायित्व, ईमानदारी और कड़ा संकल्प होता है.**

साल 2024 का पहला महीना वृषभ राशि वालों के लिए धन, सेहत और संबंधों में अप्रत्याशित सुधार लिए विशेष रहने वाला है. जिन लोगों को बीते कुछ समय से सेहत संबंधी परेशानी चल रही थी उन्हें इस माह स्वास्थ्य लाभ होगा. वित्तीय तौर पर यह वर्ष मिश्रित परिणाम देने वाला वर्ष साबित होगा. जहां आमदनी पर्याप्त होगी, वहीं खर्च के रास्ते भी बढ़ेंगे. वर्ष की शुरुआत में मंगल के अष्टम भाव में होने से कुछ गुप्त धन प्राप्ति के योग भी बन सकते हैं. हालांकि खर्चे भी खूब होंगे.1 मई को जब बृहस्पति का गोचर आपकी राशि में होगा तो आपके खर्चों में कुछ हद तक कमी आ जाएगी और इससे आपको वित्तीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी. मार्च से अप्रैल, जुलाई से अगस्त और दिसंबर का महीना वित्तीय तौर पर ज्यादा अनुकूल दिखाई देगा. आपके मेहनत का पूरा फल मिलेगा. व्यापार के क्षेत्र में बेहतरीन लाभ कमाएंगे. कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है. शनि इस वर्ष कार्य तथा व्यापार में काफी मददगार होगा. पारिवारिक दृष्टि से प्रतिकूल रहेगा. पारिवारिक तनाव बढ़ सकता हैं. अनावश्यक खर्चे से परेशानियां बढ़ेंगी. छात्र अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें. उच्च शिक्षा लेने की इच्छा पूरा होगी. कड़ी मेहनत करने से परिणाम बहुत अच्छा मिलेगा. रोजमर्रा के दायित्व की चिंताएं दिमागी उलझनें बढ़ेंगी. पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा. यदि छोटे-मोटे विवाद छोड़ दिए जाएं तो घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा. पारिवारिक सदस्यों में प्रेम की भावना बनी रहेगी. आपस में समन्वय और एकजुटता रहेगी. मार्च में नया घर बनवा सकते हैं या नया घर खरीद सकते हैं. अगस्त के महीने में किसी तरह की खुशखबरी घर की खुशियों को चमका देगी. इस समय पैतृक संपत्ति में वृद्धि होने की प्रबल संभावना है. आपको अपने परिवार के सदस्यों के साथ बिताने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है. भाई-बहनों को किसी प्रकार की उपलब्धि मिल सकती है. यदि परिवार में किसी भी प्रकार की विपदा आती है तो परिवार के सभी सदस्य मिलकर उस चुनौती का सामना करेंगे. परिवार के सभी सदस्य भी परिवार की खुशियों में शामिल होंगे. हालांकि साल के अंतिम चरण में पैतृक संपत्ति को लेकर घर में विवाद हो सकता है, लेकिन जल्द ही यह विवाद खत्म हो जाएगा और घर में फिर से खुशियां दस्तक देंगी. माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें और उनका सम्मान करें. उनके आशीर्वाद से आप जीवन में आगे बढ़ेंगे.

### उपाय और टोटके

सुबह स्नानादि करके घर के ईशान पूर्व कोण में 12 अंगुल पलाश की लकड़ी को लाकर उस पर कुंकुम का तिलक लगाकर 108 बार श्री राम जय राम जय जय राम का जप करें और अपने घर के मुख्य दरवाज़े के ऊपर रख दें. धन वृद्धि होगी.

## सिंह राशि



( मी, मू, मे, मो टा, की, टू, टे )

### व्यक्तित्व और गुण


**इस राशि के लोग काफी साहसी और जोशीले होते हैं और अपने दोस्तों के प्रति काफी वफादार और सहयोगी होते हैं. सिंह राशि में जन्म लेने वाले लोग किसी भी कार्य को दिल से करते हैं. इस राशि के लोगों को बोलना बहुत पसंद है, इस चक्कर में कई बार ये ऐसा बोल जाते हैं, जो नहीं कहना होता है. इसलिए इस चक्कर में मुसीबत में भी फंस जाते हैं.**

साल की शुरुआत लाभदायक है. आपका करिश्मा अधिकांश लोगों को आकर्षित करेगा. जीवनसाथी के साथ आपका प्रयास रंग लाएगा. जीवनसाथी के साथ अगाढ़ प्रेम बढ़ेगा. अपने परिवार को हमेशा खुशी देखना चाहते हैं. इसके लिए कठिन परिश्रम करेंगे. मान सम्मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आय में वृद्धि होगी. लंबी यात्रा का योग बनेगा. व्यापारिक योजनाओं में सफलता मिलेगी. स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों में कमी होगी. आकस्मिक धन लाभ का संकेत है. खर्चे में संतुलन रखें. छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ सकता है. घर पर मांगलिक कार्य संपन्न होंगे. वाहन सुख की प्राप्ति व भूमि लाभ के लिए भी यह साल इन जातकों के लिए अच्छा है. मानसिक तनाव से परेशान रहेंगे. गले एवं पेट से जुड़े रोग से दिक्कत हो सकती है. मई से पहले बृहस्पति नवम भाव में रहेंगे. इस समय भाग्य साथ देगा. नौकरी में मजबूती प्राप्त होगी आपका डर खत्म और जीवन आपका बहुत ही सरल और खुशनुमा होगा. भले ही आपके पास धन आने के मार्ग बनें लेकिन आर्थिक रूप से खर्च भी बने रहेंगे. इस पूरे वर्ष आपके दूसरे भाव में केतु और अष्टम भाव में राहु की उपस्थिति विभिन्न प्रकार के खर्च में आपको उलझाए रखेगी जिससे वित्तीय संतुलन साधना लगभग मुश्किल होगा. इस वर्ष वित्तीय तौर से अप्रैल से लेकर अगस्त तक का समय अच्छा रहने की उम्मीद की जा सकती है. इस दौरान प्रबल वित्तीय लाभ के योग बनेंगे. शेष समय में आपको अपने धन का सदुपयोग करने पर ध्यान देना होगा क्योंकि उसी से आप अपना वित्तीय संतुलन स्थापित कर पाएंगे, अन्यथा यह वर्ष कुछ परेशानियां भी दे सकता है. वर्ष के अंत में कुछ अड़चनें आएंगी तथा यात्रा करनी पड़ेगी. घर एवं परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे.

### उपाय और टोटके

नित्य प्रातः काल अपने भोजन में से थोड़ा सा भाग निकाल कर कौआ को देने से व्यर्थ की परेशानियों से राहत मिलेगी. हरा वस्त्र और कुछ धन किसी गरीब व्यक्ति को दान करें. अशुभ ग्रहों से राहत मिलेगी.

## मिथुन राशि



( का,की,कुछ,घर,ड,छ,के,को )

### व्यक्तित्व-और गुण

**कूटनीति, उत्साह, उत्साह चातुर्य, मजाकिया और बहुमुखी प्रतिभा इनके प्रमुख गुण हैं. इस राशि के लोगों में उत्सुकता, प्रश्नेच्छा एवं भ्रमणशीलता के गुण अधिक देखे जाते हैं. मिथुन राशि के लोग आकर्षक व्यक्तित्व वाले होते हैं. किंतु इनका स्वभाव और चरित्र अस्थिर होता है.**

इस साल करियर शानदार रहेगा. हाई कोर्ट, कॉपर या जमीन से रिलेटेड जॉब में है तो विशेष फायदा होगा. व्यवसाय में लाभ होगा. परिवार में मान -सम्मान में वृद्धि होगी. घर पर मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे. भाग्य का साथ मिलेगा. पुरानी समस्याओं से शीघ्र ही निजात मिलेगी. पारिवारिक जीवन सुखद होगा. रिश्तेदारों से मिठास रहेगी. विद्यार्थी के लिए वर्ष लाभकारी है. उच्च शिक्षा में दाखिला में उत्तम संजोग बनेगा. स्वास्थ्य समस्याओं से निजात मिलेगी. परीक्षा परिणाम छात्रों के लिए उत्तम रहेगा. सरकारी नौकरी की प्रबल संभावना है. नवंबर माह में थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. वित्तीय प्रबंध की स्थिति का विचार किया जाए तो एकादश भाव में बृहस्पति महाराज उपस्थित रहेंगे और उनके ऊपर नवमेश शनि की दृष्टि होने से वित्तीय तौर पर आप मजबूत बनेंगे. आपको धन को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं होना पड़ेगा क्योंकि आपके पास लगातार धन आता रहेगा और आपको अपने वित्त को संभालने की कोशिश इसलिए पड़ेगी क्योंकि बीच-बीच में आपके खर्चे अचानक से बढ़ जाएंगे. वे खर्चे किसी आवश्यक काम पर ना होकर बेवजह के हो सकते हैं. 1 मई को जब बृहस्पति द्वादश भाव में प्रवेश करेंगे. तो आपके खर्चे बराबर शुरू हो जाएंगे धार्मिक और अन्य शुभ कामों पर भी आपके पैसे खर्च होंगे और जैसे-जैसे साल आगे बढ़ेगा, आपके खर्चों में तेजी आएगी. हालांकि शनि महाराज आपको धन प्रदान करते रहेंगे. फिर भी आपको ध्यान देना होगा. फरवरी से मार्च के बीच किसी तरह का वित्तीय जोखिम लेने से बचें. अप्रैल से जून के बीच का समय आपके लिए सर्वाधिक उपयुक्त रहेगा. चतुर्थ भाव में केतु और दशम भाव में राहु के विराजमान होने के कारण आपके पारिवारिक जीवन में तनाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा. आपके माता-पिता जी को स्वास्थ्य समस्याएं भी घेर सकती हैं. पारिवारिक सामंजस्य में कमी होने से एक दूसरे पर भरोसा कम होगा और लड़ाई झगड़े की नौबत समय-समय पर आ सकती है. अप्रैल से अगस्त के बीच तो स्थिति अच्छी हो जाएंगी और सब मिलजुल कर रहेंगे. लेकिन सितंबर के महीने में किसी संपत्ति को लेकर घर में तनाव बढ़ सकता है. भाई-बहनों से आपके संबंध अच्छे रहेंगे. वे आपके व्यापार में भी आपकी मदद करते रहेंगे. आप अपने बड़े भाई-बहनों की बातों को बहुत तवज्जो देंगे और उनकी कही हुई बात का पालन करना पसंद करेंगे और इससे आपको फायदा होगा. लेकिन, 23 अप्रैल को जब मंगल का गोचर आपके दशम भाव में होगा तो वह समय आपकी माता जी के स्वास्थ्य को पीड़ित कर सकता है. इसलिए उनका विशेष ध्यान रखें. इस दौरान आपका उनसे प्रेम तो रहेगा लेकिन बात-बात पर झगड़ा भी होता रहेगा. शिक्षा में कुछ व्यवधान भी आ सकते हैं. लेकिन बृहस्पति आपके अंदर ज्ञान की वृद्धि देंगे तो शनि महाराज आपसे खूब मेहनत भी कराएंगे. लेकिन अप्रैल के बाद से शिक्षा में कुछ व्यवधान आ सकते हैं.

### उपाय और टोटके

एक पत्र में जल लेकर उसमें पुष्प कुमकुम एवं चावल डालकर बरगद के वृक्ष की जड़ में डाल दें. घर में सुख समृद्धि में वृद्धि होगी. प्रातः काल में प्रतिदिन गाय को रोटी खिलाएं. इससे शुभ में वृद्धि होगी.

## कर्क राशि



( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, गो )

### व्यक्तित्व-और गुण

**कर्क राशि के लोग संवेदनशील और भावनात्मक होते हैं. वे घर और परिवार के बीच खुश रहते हैं. आमतौर पर बातूनी, आत्मनिर्भर, ईमानदार और न झुकने वाले होते हैं. वे घर और परिवार से गहरा लगाव रखते हैं. इनका अपने जन्म स्थान से काफी लगाव होता है.**

कर्क राशि के लिए वर्ष 2024 संघर्ष कारक रहेगा. इस वर्ष भी कर्क राशि को शनि का ढैय्या प्रभावित करता रहेगा. वर्ष के आरंभ से ही गुप्त चिंताएं, अनावश्यक खर्च, व्यर्थ विवाद परेशान करने लगेंगे. शुभ कार्यों में बाधा आती रहेगी, मानसिक तनाव अधिक होगा तथा आर्थिक उलझनें परेशान करती रहेंगी. यदि किसी मामले को लेकर आपको कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं तो आपको इस वर्ष उससे मुक्ति मिल सकती है. विरोधी खुद आपसे समझौते की पहल कर सकते हैं अथवा मुकदमे आदि का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है. इस वर्ष आप अपने करियर-कारोबार को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं. यात्रा लाभदायक रहेगी. वर्ष की शुरुआत विद्यार्थियों के लिए अनुकूल रहेगी. बुध और शुक्र के प्रभाव से तथा चतुर्थ भाव और द्वितीय भाव पर देव गुरु बृहस्पति की दृष्टि के कारण आप अपनी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर पाने में कामयाब रहेंगे. वर्ष की शुरुआत में सूर्य और मंगल के छठे भाव में रहने से प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता के योग बन सकते हैं. इसके बाद मई, अगस्त और नवंबर - दिसंबर के बीच भी आपके लिए उत्तम समय होगा. उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने का मौका मिल सकता है. आठवें भाव में शनि होने के कारण भी आपको अपनी शिक्षा में कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा. विशेष रूप से वर्ष का प्रथम और द्वितीय तिमाही कमजोर रह सकता है. गलत संगति से परेशानी होगी. संतान के लिए चिंता पड़ेगी. पित्त विकार और संधि बात से परेशान रहेंगे. घर परिवार में सामंजस्य बना रहेगा. सोचे हुए कार्य आसानी से पूरे होंगे. कारोबारी गतिविधियां अच्छे ढंग से चलते रहेंगी. कुटुंब में तनाव समाप्त होंगे. वैवाहिक जीवन में तालमेल अच्छा बना रहेगा. नौकरी में संघर्ष बढ़ सकता है. सेहत में सुधार होगा. आर्थिक एवं प्रेम संबंधी मामलों में मन अशांत रहेगा. धन का अति व्यय होगा. स्वाभिमान की रक्षा करना कठिन हो जाएगा. व्यक्ति विशेष का सहयोग मिलेगा. गाय को भोजन कराएं. आर्थिक एवं व्यापारिक क्षेत्र में अपनों की अपेक्षा बाहरी लोगों का सहयोग अधिक मिलेगा. पहले की अपेक्षा स्थिति में सुधार होगा. अध्ययन अध्यापन कार्य में सफलता परंतु अत्यधिक भागदौड़ बनी रहेगी. किसी राजनेता का अकस्मात सहयोग या संपर्क मिलने की संभावना बनी रहेगी. भोग की प्रवृत्ति बढ़ेगी. भ्रमण पर जा सकते हैं. दुख से मुक्ति मिलेगी. आरोग्य लाभ होगा. शत्रु पर विजय की प्राप्ति होगी. कृषि व्यापार की स्थिति में सुधार होगा. पद मर्यादा यश की वृद्धि होगी.. वर्ष के अंत में कुछ अड़चनें आएंगी तथा यात्रा करनी पड़ सकती है.

### उपाय और टोटके

मंदार की लकड़ी के आठ अंगुल चौड़े तथा 10 अंगुल लंबे टुकड़े पर लाल चंदन तथा केसर से ॐ श्री महालक्ष्मी नमः लिखे तथा इसे घर के पूजा स्थल में किसी भी शुक्रवार या गुरुवार को प्रातः सूर्योदय के समय स्थापित कर दें.

-शेष वार्षिक राशिफल अगले अंक में.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### युवक की खून से लथपथ मिली लाश

**नवादा ।** जिले में रजौली थाने के सिरोडाबर पंचायत के महादेव मोड़ के पास गुरुवार को मेन सड़क पर खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया. शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे रजौली एसडीपीओ पंकज कुमार ने मामले की छानबीन शुरू कर दिया है. मृतक की पहचान गया जिला के पहाड़पुर थानाक्षेत्र के करियातपुर निवासी बिनेश्वर चौधरी के 22 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के रूप में की गई है. बताया जाता है कि मृतक बलिया निवासी सुरेश चौधरी के घर छठियारी में आया हुआ था. छठियारी के कार्यक्रम के बाद रात्रि में बार बालाओं की भी व्यवस्था थी.

### 5 हजार का इनामी चरस के साथ गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो किलो चरस के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए अपराधी की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के दरपा थाना क्षेत्र के सुखलहिया गांव निवासी मनी सहनी के रूप में हुई है. उक्त गिरफ्तारी डीएसपी धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने की है. टीम ने काठमांडू दिल्ली राज मार्ग एन एच 28ए के रक्सौल सुगौली खंड में बेला शेख टोली चौक से की है. इसकी पुष्टि करते हुए एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने गुरुवार को बताया कि पकड़ा गया अपराधी रामगढ़वा के श्री शिव शक्ति फ्लावर मिल के पास हुए हत्या कांड में शरीक था .

### नालंदा में पदस्थापित एसआई की मौत

**नालंदा ।** नालंदा के इस्लामपुर थाना में पदस्थापित एसआई की अचानक मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार एसआई ड्यूटी कर जब वह अपने घर गए तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई. परिजनों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया. घटना से परिजनों में कोहराम मच गया. बता दें कि मृतक सब इंस्पेक्टर ललन सिंह इस्लामपुर थाना में कई वर्षों से पदस्थापित थे. वे इस्लामपुर में ही किराए के मकान में परिवार को साथ लेकर रहते थे. रात्रि ड्यूटी कर जब वे सुबह घर पहुंचे तो अचानक तबीयत बिगड़ गई.

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली रवाना होने से पहले कहा-

# बैठक की परंपरा है, कोई चिंता मत करिए, सब सामान्य है

**संवाददाता । पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी के भीतर उलट-फेर की अटकलों को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली में जनता दल (यूनाइटेड) का दो दिवसीय सम्मेलन परंपरा के अनुसार कार्यक्रम है और इसमें कोई अनोखी बात नहीं है. पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत अरुण जेटली के जन्मदिवस पर आयोजित एक राजकीय समारोह में शामिल होने के बाद दिल्ली के लिए विमान से रवाना होने से पहले पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत के दौरान, नीतीश ने जदयू अध्यक्ष बनने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कहा, कोई चिंता मत करिए, सब सामान्य है. साल में एक बार बैठक की परंपरा है, तो सामान्य है, ऐसा कुछ खास नहीं है.

दिल्ली में गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक होगी और उसके बाद शुक्रवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठकें होंगी. मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी इन अटकलों की पृष्ठभूमि में आई है कि नीतीश के विश्वासपात्र माने जाने वाले राजीव रंजन सिंह 'ललन' ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद छोड़ने की इच्छा जताई है.



**बैठक नियमित है, उनकी पार्टी एकजुट : ललन सिंह**

जदयू अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह ने बृहस्पतिवार को अपने पद से इस्तीफा देने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर मीडिया द्वारा एक विमर्श खड़ा किया जा रहा है. राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की अटकलों के बीच सिंह ने कहा कि यह बैठक नियमित है और उनकी पार्टी एकजुट है.

जब मुख्यमंत्री से पूछा गया कि क्या 29 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली जदयू की महत्वपूर्ण बैठकों में ललन द्वारा अपने इस्तीफे की औपचारिक पेशकश करने की संभावना है, तो उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया.

वहीं, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से पत्रकारों ने जब इन अटकलों के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, यह सब भाजपा के प्रति झुकाव वाले मीडिया का काम है, जो अक्सर राज्य में हमारी सरकार के कुछ ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने पर इस तरह की अफवाह फैलाता है. जब हमारी सरकार ने जाति सर्वेक्षण कराया और इसके बाद वंचित जातियों के लिए कोटा बढ़ाया तब भी अफवाहों का बाजार गर्म था.

अब कैबिनेट द्वारा लगभग 3.5 लाख संविदा शिक्षकों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मंजूरी दे दिए जाने पर एक और उपलब्धि जुड़ गई है. इस बीच, अरुण जेटली के स्मारक पर पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी दोहराया कि उनकी पार्टी के दरवाजे नीतीश कुमार के लिए बंद हैं. उन्होंने यह भी कहा, हमें जदयू में मचे घमासान में कोई दिलचस्पी नहीं है. भाजपा का ध्यान आगामी लोकसभा चुनाव और 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव जीतने पर केंद्रित है.

**बोले-गिरिराज सिंह**

### लालू के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं नीतीश

**पटना ।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दावा किया है कि अगला सीएम राजद का बनेगा. अगर इच्छा से नीतीश कुर्सी नहीं छोड़ते हैं तो लालू जबरन उनको हटाकर तेजस्वी को सीएम बनाएंगे. सीएम अब कुछ ही दिन के मेहमान हैं, इसके बाद वह सीएम नहीं रहेंगे. उन्होंने दावा किया कि लालू ने पूरा चक्रव्यूह रच दिया है. पहला चक्रव्यूह के रूप में उन्होंने अपने करीबी अवध बिहारी चौधरी को विस का स्पीकर बनाया था. सरकार बनाने के लिए राजद को 5-6 विधायक चाहिए, जबकि उससे अधिक राजद के साथ जाने को तैयार है.

### एमडीएम में मिला कीड़ा छात्राओं का आरोप-एक सप्ताह से मिल रहा



**संवाददाता । बोधगया**

बिहार में मिड डे मील योजना की स्थिति बदतर है. सरकारी स्कूलों में नौनिहालों को मिलने वाले एमडीएम में आये दिन कीड़े-मकौड़े, छिपकली, सांप आदि मिलते रहते हैं. ताजा मामला बोधगया के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय का है. जहां मिड डे मिल में कीड़ा मिला है. इससे पहले भी कई बार खाने में कीड़े मिले थे. छात्राओं की शिकायत पर स्कूल प्रबंधन ने कई बार सप्लायर को शिकायत की. लेकिन मिड डे मील में सुधार नहीं आया.

**लगातार एक सप्ताह से खाने में मिल रहा है कीड़ा :** जानकारी के अनुसार, हर दिन छात्राओं को मिड डे मिल में खिचड़ी-चोखा परोसा गया. तभी खिचड़ी से कीड़ा निकला. छात्राओं ने इसकी शिकायत टीचरों से की. स्कूल के टीचर ने बताया कि एकता फाउंडेशन स्कूल में मिड डे मिल का खाना उपलब्ध कराती है. उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद एकता फाउंडेशन के कर्मचारी को फोन कर शिकायत की है. साथ ही वाट्सएप कर फोटो भी भेजा है. कहा कि पहले भी खाने में कीड़ा निकलने पर लिखित शिकायत की थी. जिसके बाद फाउंडेशन ने आश्वासन दिया था. लेकिन गुरुवार को भी मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिल गया.

## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| बिहार के पहले मुख्यमंत्री | श्रीकृष्ण सिंह |
| बिहार के पहले राज्यपाल | जयरामदास दौलतराम |
| बिहार के कुल जिले | 38 |
| बिहार की जनसंख्या | 9 .9 करोड़ |
| बिहार का क्षेत्रफल | 94,163 km2 |
| बिहार की प्रमुख फसल | धान, जूट, मखाना, केले, गेहूं, मक्का और दलहन |
| बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री | नीतीश कुमार ( 2023 ) |
| बिहार का लोकप्रिय नृत्य | जाट–जतिन डांस |
| बिहार की प्रमुख नदियां | गंगा नदी, बागमती नदी, कोसी नदी, घाघरा ( सरयू नदी ), गंडक नदी, बूढ़ी गंडक नदी, महानंदा नदी, कमला नदी, सोन नदी, कर्मनाशा नदी, अजय नदी, फल्गु नदी आदि . |

## प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, रंगे हाथ पकड़ाया

# परिजनों ने पीटकर मार डाला

- मामला जमुई के टाउन थाना क्षेत्र के महिसोरी मोहल्ले का है
- पुलिस ने इस मामले में लड़की को हिरासत में लिया

**संवाददाता । जमुई**

बिहार में एक प्रेमी को इश्क लड़ाने की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी. ताजा मामला जमुई के टाउन थाना क्षेत्र के महिसोरी मोहल्ले का है. जहां प्रेमी बुधवार देर रात अपनी प्रेमिका के घर मिलने पहुंचा था. लेकिन परिजनों ने दोनों को एक साथ देख लिया. इसके बाद युवक को जमकर पिटाई कर दी. परिजनों ने प्रेमी को इतना पीटा की मौके पर ही प्रेमी की मौत हो गयी. युवक रूपेश कुमार (19 वर्षीय) महीसोरी इलाके का रहने वाला है.

वहीं, लड़की लगमां नहर के पास की रहने वाली है. घटना के बाद रूपेश कुमार के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. उन लोगों ने घटना की जानकारी टाउन थाना को दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गयी. पुलिस ने इस मामले में लड़की को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है.

### समकालीन अभियान में 55 लोग गिरफ्तार

**भागलपुर ।** नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज ने गुरुवार को बताया कि नववर्ष को लेकर चलाए जा रहे समकालीन अभियान में कुल 55 लोगों को गिरफ्तार किया है. नवगछिया पुलिस जिलान्तर्गत आगामी नव वर्ष 2024 के मद्देनजर दिनांक 22 दिसंबर से 01 जनवरी तक विशेष समकालीन अभियान चलाया जा रहा है. जिसमें फरार वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लंबित वारंट का निष्पादन के साथ-साथ शराब, हथियार, कारतूस की बरामदगी, अवैध खनन पर रोक तथा लंबे समय से फरार अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी के साथ ही होटल, लॉज, सराय, बस स्टैण्ड इलाकों में भी छापेमारी की जा रही है.

## आपसी विवाद में 4 भाइयों को चाकू मारा, एक की मौत

**छपरा ।** छपरा में गुरुवार सुबह आपसी विवाद में एक पट्टीदार ने दूसरे पट्टीदार के ऊपर धारदार हथियार और चाकू से हमला कर दिया. जिसमें चार भाई बुरी तरह से घायल हो गए. वहीं, घायल युवक की बाद में मौत हो गई. इससे परिजनों में कोहराम मच गया है. मृतक की पहचान 25 वर्षीय दीपक कुमार के रूप में हुई है, जबकि तीन भाई अजय, विनय और राकेश कुमार चाकू लगने से घायल हो गए हैं. घटना छपरा शहर के पुलिस लाइन स्थित छोटका तेलपा मोहल्ले की है. जहां दो पाटीदार के बीच किसी बात पर विवाद बुधवार देर रात को ही हुआ था. उसके बाद गुरुवार सुबह एक बार फिर विवाद हुआ और एक पाटीदार ने चाकू बाजी की घटना को अंजाम दिया. जिसमें एक पक्ष के हमले में 25 वर्षीय दीपक कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. जबकि उसके अन्य तीन भाई भी इस घटना में घायल हो गए हैं. बता दें कि आनन-फानन में सभी को छपरा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद दीपक को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पाकर भगवान बाजार थाना पुलिस छपरा सदर अस्पताल पहुंची और मृतक दीपक कुमार के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या, नाराज लोगों ने किया उग्र प्रदर्शन

**रोहतास ।** रोहतास में प्रेम-प्रसंग में हत्या का मामला सामने आया है. दरअसल, अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के बधार से निरंजन बीघा के रहने वाले 19 वर्षीय युवक सनी का शव बरामद किया गया है. युवक की हत्या से आक्रोशित परिजन और लोगों ने लेकर जमकर बवाल किया. लोगों ने एनएच-2 सी को जाम कर आगजनी की घटना को अंजाम दिया. युवक का शव मिलने के बाद पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया जिसके बाद परिजनों को सूचना दी. हत्या की जानकारी परिजनों को मिलते ही सड़क जाम कर जमकर बवाल मचाया.

## सीवान के बाबू हाता गांव के पास हुआ हादसा, डबल मर्डर से थर्राया

# कंपाउंडर-महिला की गोली मारकर हत्या

**संवाददाता । सीवान**

बड़हरिया थाना इलाके के बाबू हाता गांव के पास सड़क किनारे एक पुरुष कंपाउंडर और एक महिला का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया. दोनों की गोली मारकर हत्या करने के बाद शव को फेंक दिया गया था. बुधवार की रात करीब आठ बजे के आसपास पुलिस ने शव को देखा. बड़हरिया थाने की पुलिस गश्ती कर रही थी. इसी दौरान पुलिस की नजर दोनों के शव की ओर गई. दोनों गोपालगंज जिले के माझागढ़ थाना के सिपाह खास गांव के रहने वाले पड़ोसी थे. दोनों की पहचान शैलेश वर्मा उर्फ अनीश और जफरुल हक अंसारी की पत्नी निकहत परवीन के रूप में हुई है. निकहत परवीन की बहन का बच्चा होने वाला था. वह अपनी बहन से मिलने के लिए सीवान आई थी. बच्चा होने के बाद सीवान में एक चिकित्सक के यहां रहने वाले अपने ही गांव के पड़ोसी कंपाउंडर शैलेश के साथ वापस गांव जा रही थी. इसी दौरान किसी ने गोली मारकर इनकी हत्या कर दी. दोनों को सीने में गोली मारी गई है.

सीवान के पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिंह के कार्यालय से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है. इसमें यह बताया गया है कि दोनों को सीने में गोली मारी गई है. सोमवार की रात करीब आठ बजे जब पुलिस गश्ती कर रही थी तो उसी दौरान देखा कि बाबू हाता गांव की सड़क किनारे दोनों का शव पड़ा हुआ है. पुलिस ने शव के साथ एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है.

पुलिस का कहना है कि ऐसा लग रहा है कि इन दोनों की हत्या किसी दूसरे जगह की गई है और शव को लाकर बाबू हाता की सड़क के किनारे फेंक दिया गया है. घटना को लेकर पुलिस छापेमारी भी कर रही है. तमाम बिंदुओं पर जांच भी कर रही है. हालांकि इस घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है.

## कारोबार

### लार्सन एंड टुब्रो को मिले बड़े ठेके

**नयी दिल्ली ।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को पश्चिम एशिया में बिजली और वितरण क्षेत्र के लिए बड़े ठेके मिले हैं. कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया ठेके एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के बिजली पारेषण तथा वितरण व्यवसाय को मिले हैं. एलएंडटी के वर्गीकरण के अनुसार, 2,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये तक के ठेकों को बड़े ठेके की श्रेणी में रखा जाता है. लार्सन एंड टुब्रो 23 अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है.

### ब्रेनबीज सॉल्यूशंस ने दस्तावेज जमा कराए

**नयी दिल्ली ।** ई-कॉमर्स मंच फर्स्टक्राई की मूल कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष बृहस्पतिवार को दस्तावेज दाखिल किए. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ में 1,816 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और कंपनी के शेयरधारकों द्वारा 5.44 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी. बता दें कि फर्स्टक्राई मां-बच्चों से जुड़े उत्पाद बेचती है.

### जोमैटो को 401.7 करोड़ रुपये का मिला नोटिस

**नयी दिल्ली ।** ऑनलाइन खाद्य सामग्री डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो लिमिटेड को डिलीवरी शुल्क को लेकर 401.7 करोड़ रुपये की जीएसटी देनदारी का कारण बताओ नोटिस मिला है. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में दावा किया कि वह राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है, क्योंकि डिलीवरी साझेदारों की ओर से डिलीवरी शुल्क लिया जाता है. जोमैटो के अनुसार, कंपनी को 26 दिसंबर 2023 को केंद्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 74(1) के तहत जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय से कारण बताओ नोटिस मिला.

## टेस्ला के मुकाबले बीवाईडी की कारों की कीमत काफी कम है

# बीवाईडी का ईवी मार्केट में बढ़ रहा बाजार

**भाषा । नयी दिल्ली**




**टेस्ला ने भारत में बिजनेस शुरू नहीं किया है**

**मिलेगी चुनौती**

- चीन ने 13 लाख ईवी गाड़ियों का निर्यात किया है
- ऑटो इंडस्ट्री का कंप्टीटिव लैंडस्केप बदला है

वैसे तो इलेक्ट्रिक कारों की दुनिया में एलन मस्क का दबदबा है, लेकिन अब उन्हें जल्द ही चुनौती मिलने वाली है. दरअसल चीन की कंपनी बिल्ड योर ड्रीम (बीवाईडी) नए साल में टेस्ला की कुर्सी छीन सकती है. टेस्ला दुनिया में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी है. पिछले कुछ साल में चीन की कंपनियों ने ईवी मार्केट में तेजी से कदम बढ़ाए हैं. कारों के एक्सपोर्ट में अमेरिका, साउथ कोरिया और जर्मनी को पछाड़ने के बाद चीन अब जापान से आगे निकलने के करीब पहुंच गया है. चीन ने इस साल अक्टूबर तक 36 लाख गाड़ियों का निर्यात किया है जिनमें से 13 लाख ईवी थीं. ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन के शेनजेन के हेज फंड स्नो बुल कैपिटल के चाइना ऑपरेशन के चीफ ब्रिजेट मैककार्थी ने कहा कि ऑटो इंडस्ट्री का कंप्टीटिव लैंडस्केप बदल चुका है. अब यह साइज और लीगेसी का मामला नहीं रह गया है. अब यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी जल्दी इनोवेट करते हैं. बीवाईडी ने बहुत पहले ही इसकी तैयारी कर ली थी और अब दूसरी कंपनियों को उसे पकड़ने के लिए रेस लगानी होगी. टेस्ला के मुकाबले बीवाईडी की कारों की कीमत काफी कम है.

मस्क का कहना है कि भारी ब्याज दर के कारण ईवी को खरीदने की हैसियत कम ही लोगों के पास है. लेकिन बीवाईडी के फाउंडर वांग चानफू ने कहा कि इस राय से इत्तेफाक नहीं रखते हैं. बीवाईडी की करीब आधा दर्जन कारों की कीमत चीन में टेस्ला की सबसे सस्ती कार मॉडल 3 सेडान से कहीं कम है. टेस्ला ने अब तक भारत में अपना बिजनस शुरू नहीं किया है. कंपनी ने केंद्र सरकार से कारों के आयात पर टैक्स कम करने की मांग की थी लेकिन सरकार ने इसे नहीं माना. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टेस्ला सरकार के साथ एक डील फाइनल करने के काफी करीब पहुंच चुकी है. अगर सब कुछ ठीक रहा तो अगले एक साल के अंदर भारत की सड़कों पर टेस्ला की कारें दौड़ती हुई नजर आएंगी.

जानकारी के अनुसार बीवाईडी ने 2003 में एक संघर्षरत सरकारी स्वामित्व वाली वाहन निर्माता कंपनी का अधिग्रहण किया था. लोगों को पहले उनकी प्लग-इन हाइब्रिड कार का डिज़ाइन पसंद नहीं आया. लेकिन चीन में सरकारी मदद औरबीवाईडी द्वारा अपनी बैटरियां बनाने से उनकी ग्रोथ हुई. कंपनी इलेक्ट्रिक बसों जैसे लोकप्रिय सेक्टर पर फोकस करके सफल हुआ.

### चेन्नई के बाटा इंडिया को मिला 60.56 करोड़ रुपये का नोटिस

**कोलकाता ।** जूता-चप्पल बनाने वाली कंपनी बाटा इंडिया को चेन्नई के अन्ना सलाई असेसमेंट सर्कल के राज्य कर अधिकारी से 60.56 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है. कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि नोटिस 2018-19 वित्त वर्ष के लिए अंतिम ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए कई मुद्दों से संबंधित है. नोटिस पर 27 दिसंबर 2023 की तारीख है. अंतिम ऑडिट रिपोर्ट 25 दिसंबर को पेश की गई थी. रिपोर्ट में में मासिक जीएसटी रिटर्न में बाहरी आपूर्ति पर टर्नओवर में अंतर, जीएसटीआर-9 तथा जीएसटीआर-9सी रिटर्न में बाहरी आपूर्ति पर कर में अंतर आदि जैसे मुद्दे उठाए गए थे. कंपनी ने कहा कि उसे शुरुआत में 27 अप्रैल 2023 को एक ऑडिट नोटिस मिला था और उसने जवाब में प्रासंगिक दस्तावेज जमा कर दिए हैं. बाटा इंडिया को अपना मामला पेश करने और विवादित मुद्दों पर अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 10 जनवरी 2024 का समय दिया गया है. बाटा इंडिया के अनुसार, कंपनी के पास अपने बचाव के लिए पर्याप्त तथ्य हैं. इसका कंपनी की वित्तीय स्थिति पर कोई असर नहीं होगा.

## तेजी के साथ लाइफटाइम हाई पर बंद हुआ सेंसेक्स-निफ्टी

# बीएसई 371 अंकों की उछाल के साथ 72,410 पर हुआ बंद

**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में साल 2023 के आखिरी कारोबारी हफ्ते में लगातार तीसरे दिन भारतीय शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ बंद हुआ है. एफएमसीजी और एनर्जी स्टॉक में खरीदारी ने बाजार में गुरुवार की तेजी का नेतृत्व किया. दिसंबर सीरीज का भी आखिरी था और जोरदार खरीदारी की बदौलत बीएसई सेंसेक्स 371 अंकों के उछाल के साथ 72,410 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 124 अंकों के उछाल के साथ 21,778 पर क्लोज हुआ है. दोनों ही इंडेक्सों का ये लाइफटाइम हाई है. गुरुवार के ट्रेड में सबसे बड़ी तेजी निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स में रही जो 754 अंकों के उछाल के साथ 56,504 अंकों पर क्लोज हुआ है. इसके अलावा बैंकिंग, एनर्जी, ऑटो, फार्मा, मेटल्स, इंफ्रा, कमोडिटी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस सेक्टर के स्टॉक्स में भी जोरदार तेजी देखने को मिली है.

गुरुवार के ट्रेड में केवल आईटी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स स्टॉक्स में गिरावट देखने को मिली है. मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में रौनक बरकरार है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 22 तेजी के साथ और 8 गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 38 तेजी के साथ और 12 गिरावट के साथ बंद हुए.

### कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नयी दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार–चढ़ाव जारी है. ब्रेंट क्रूड का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल–डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96 .72 रुपये और डीजल 89 .62 रुपये प्रति लीटर है. मुंबई में पेट्रोल 106 .31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94 .27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है.



**बढ़ोत्तरी** आंकड़ों के अनुसार इस कैलेंडर वर्ष 2023 में आवासीय बिक्री 4,76,530 इकाई रही

# देश के सात शहरों में आवासीय बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



**रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी**

- बढ़ोतरी के बावजूद आवासीय क्षेत्र के लिए बेहतरीन रहा
- मुंबई महानगर सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई

देश के सात प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री इस साल 31 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4.77 लाख इकाई हो गई. कीमतों के औसतन 15 प्रतिशत बढ़ने और उच्च ब्याज दरों के बावजूद यह बढ़ोतरी दर्ज की गई. रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने यह जानकारी दी.

एनारॉक ने बृहस्पतिवार को सात प्रमुख शहरों के आवासीय बाजार के वार्षिक आंकड़े जारी किए. आंकड़ों के अनुसार इस कैलेंडर वर्ष 2023 में आवासीय बिक्री 4,76,530 इकाई रही. यह किसी भी कैलेंडर वर्ष में दर्ज अभी तक की सबसे अधिक बिक्री है. 2022 में 3,64,870 इकाइयों की बिक्री की गई थी. एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, वैश्विक प्रतिकूलताओं, घरेलू संपत्ति की बढ़ती कीमतों और इस साल की पहली छमाही में ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद 2023 भारतीय आवासीय क्षेत्र के लिए बेहतरीन रहा. उन्होंने कहा कि शीर्ष सात शहरों में आवासीय बिक्री 2022 के पिछले उच्च स्तर को पार कर गई. पुरी ने कहा कि आशंका थी कि संपत्ति की बढ़ती कीमतों और ब्याज दरों के साथ-साथ वैश्विक बाजार की अनिश्चितताएं आवासीय बिक्री को प्रभावित करेंगी, हालांकि उच्च मांग बनी रही.

आंकड़ों के अनुसार, शीर्ष सात शहरों में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई. दूसरे नंबर पर पुणे रहा. एमएमआर में बिक्री 40 प्रतिशत बढ़कर 1,53,870 इकाई रही, जो पिछले साल 1,09,730 इकाई थी. पुणे में आवासीय बिक्री 52 प्रतिशत बढ़कर 86,680 इकाई रही, जो पिछले साले 57,145 इकाई थी. दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिक्री केवल तीन प्रतिशत बढ़कर 65,625 इकाई रही, पिछले साल यह 63,710 इकाई रही थी. बेंगलुरु में आवासीय बिक्री पिछले साल 49,480 इकाइयों की तुलना में 29 प्रतिशत बढ़कर 63,980 इकाई रही. कोलकाता में बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 21,220 इकाई से 23,030 इकाई हो गई. चेन्नई में बिक्री पिछले कैलेंडर वर्ष में 16,100 इकाइयों से इस वर्ष 34 प्रतिशत बढ़कर 21,630 इकाई हो गई. रियल एस्टेट सलाहकार के अनुसार, कच्चे माल की लागत में वृद्धि और मजबूत मांग के कारण इन सात शहरों में आवासीय कीमत 10 से 24 प्रतिशत तक बढ़ीं.

## कोयला मंत्रालय ने जारी किया आंकड़ा

# कोयला उत्पादन 12.29% बढ़ा पहुंचा 664.37 मिलियन टन

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

देश का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2023-24 में (एक अप्रैल से 25 दिसंबर, 2023) के दौरान बढ़कर 664.37 मिलियन टन (एमटी) पर पहुंच गया है. यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान उत्पादित 591.64 मिलियन टन से 12.29 फीसदी अधिक है. कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 25 दिसंबर तक कोयला का उत्पादन 664.37 मिलियन टन तक रहा है. आंकड़ों के मताबिक कोयला का प्रेषण इस अवधि के दौरान 692.84 मिलियन टन था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 622.40 मिलियन टन की तुलना में 11.32 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है. इसके अलावा 25 दिसंबर, 2023 तक बिजली क्षेत्र को कुल कोयला डिस्पैच 8.39 फीसदी बढ़कर 577.11 मिलियन टन तक पहुंच गया. पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान यह 532.43 मिलियन टन रहा था. यह वृद्धि बिजली क्षेत्र की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर और मजबूत कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करती है. मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर तक खदानों, थर्मल पावर प्लांटों, पारगमन आदि सहित कुल कोयला का स्टॉक 91.05 मिलियन तक पहुंच गया है, जो 21.57 फीसदी की सराहनीय वृद्धि को दर्शाती है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** मानसिक तनाव वाला दिन है. किसी से बहस से चिड़चिड़ापन बढ़ेगा. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेनी होगी.

**वृषभ** कार्य और प्रयास सफल होगा. तनाव लगातार बढ़ता जाएगा. बेहतर होगा कहीं घूमने चले जाएं. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे. अन्न का दान करें.

**मिथुन** समय उत्तम है. धन का आगमन होगा. खर्च अधिक होगा. साथ ही धन का आगमन होगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. गुड़ का दान शिव मंदिर में करें.

**कर्क** समय अनुकूल है. कोई बड़ा कार्य करने के लिए समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव.

**सिंह** नेत्र रोग से बचें. खर्च संभाल कर करना चाहिए. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. विदेश से शुभ समाचार मिलेगा. योगा का सहारा लिया जा सकता है.

**कन्या** किसी अजनबी से कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. कोई बिगड़ा कार्य बनने से मन में खुशी होगी. गणेश जी का पूजन ध्यान करें.

**तुला** किसी बड़े कार्य होने से मन खुश रहेगा. साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. मेहनत ज्यादा करें और अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे.

**वृश्चिक** ससुराल से कोई बड़ा लाभ या कार्यक्रम का योग है. समय बहुत अनुकूल होगा. भाग्य साथ है. पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें.

**धनु** कोई मानसिक तनाव हो सकता है. किसी से विवाद से मानहानि हो सकती है. समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है.

**मकर** किसी से कोई विवाद हो सकता है. मानहानि से बचें. जरूरतमंद लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें.

**कुंभ** विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. समय धन देगा, पर धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. माता लक्ष्मी को जल और गुलाब फूल अर्पण करें.

**मीन** धार्मिक कार्यों में लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा. किसी मित्र या परिवार के लोगों से मुलाकात होगी, जिससे मन खुश होगा. आपके प्रयास से पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें.

**सियासत :** गुलाम अहमद मीर के नये प्रदेश प्रभारी बनने के बाद झारखंड में बदल रहीं राजनीतिक परिस्थितियां

# झारखंड में बदले जा सकते हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर

**कौशल आनंद। रांची**

विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों के चुनावी हार और लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व हरकत और एक्शन में आ गयी है. अगर झारखंड की बात करें तो यहां पर प्रदेश कांग्रेस की राजनीति बदली-बदली नजर आ रही है. एक बार फिर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को बदले जाने की संभावना प्रबल हो चुकी है. निवर्तमान प्रभारी अविनाश पांडेय को आऊट और नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर के इंट्री के बाद अचानक से प्रदेश कांग्रेस की गतिविधि तेज हो गयी है.

प्रदेश नेतृत्व के समर्थन और विरोधी खेमा के नेताओं का दिल्ली दौड़ शुरू हो चुकी है. कई नेता दिल्ली जाकर नए प्रभारी से मिल चुके हैं जबकि कई नेता दिल्ली जाने की राह पर हैं.

**खास बातें**

- प्रदेश नेतृत्व के पक्ष और विपक्ष में बनाए जाने लगे माहौल
- नेताओं का दिल्ली दौड़ हुआ शुरू कई नेता नए प्रभारी से मिले

**मास नेता को सामने लाने की कवायद :** केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड समेत कई प्रभारियों को हटाया है. उससे नेतृत्व ने साफ संकेत दे दिया है कि लोकसभा चुनाव में वह किसी भी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं है. केंद्रीय नेतृत्व अब झारखंड में मास नेता को कमान सौंपने पर विचार सकती है. बस नए प्रभारी की रिपोर्ट का इंतजार नेतृत्व कर रहा है. 5 जनवरी तक नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर झारखंड आ सकते हैं. वे एक-एक कार्यकर्ता से बात करेंगे और फीड बैक लेंगे. इसके बाद अपनी रिपोर्ट नेतृत्व को सौपेंगे. कयास लगा रहे हैं कि राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार है, जिसका नेतृत्व खुद आदिवासी नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं. प्रदेश भाजपा की कमान राज्य के बड़े मास आदिवासी नेता बाबूलाल के हाथों में है. इसलिए उनके टक्कर के नेता को नेतृत्व अध्यक्ष बना सकता है.

### ये नेता दिल्ली जाकर लौटे, कई हैं रेस में



सुबोधकांत सहाय.



बंधु तिर्की.



गीता कोड़ा.



प्रदीप यादव.

नए प्रभारी बनने के बाद गुलाम अहमद मीर से अब तक कई नेता मिलकर आ चुके हैं. जिसमें पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पार्टी के उपनेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत आदि शामिल हैं. जबकि कई नेता 1 जनवरी के बाद दिल्ली जाएंगे. जिसमें में पार्टी से निलंबित वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, राजेश गुप्ता आदि शामिल हैं. प्रदेश अध्यक्ष की रेस में फिर से झारखंड से एक मात्र लोकसभा सांसद और कोल्हान नेत्री गीता कोड़ा, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, ओबीसी नेता के रूप में प्रदीप यादव आ गए हैं. अब नेतृत्व किस पर भरोसा करती है, यह देखने वाली बात है. मगर इतना तय है कि नए साल में प्रदेश को नया नेतृत्व मिलने की संभावना काफी प्रबल हो चुकी है.

रांची में धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस

# विभाजनकारी ताकतों से देश को बचाना कांग्रेस की जिम्मेदारी : बंधु

**विशेष संवाददाता। रांची**

गुरुवार को कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस रांची स्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सहित राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धूमधाम से मनाया गया. रांची में पार्टी मुख्यालय में दिन के 10 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने झंडोतोलन किया और गार्ड ऑफ ऑनर सेवादल के प्रदेश महासचिव छोटू सिंह ने दिया. इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने अखिल भारतीय कांग्रेस स्थापना दिवस पर एक-दूसरे को बधाई दी गयी.

बंधु तिर्की ने उपस्थित कांग्रेसजनों को कांग्रेस स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस की चुनौती आज बहुत बढ़ गयी है. देश को विभाजनकारी शक्तियों बचाना कांग्रेस की जिम्मेदारी है. साथ ही अलगावादी विचारधारा से बचाना और उन संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना हम कांग्रेसियों की ही जिम्मेदारी है, जिसके आधार पर स्वतंत्रता की लडाई लड़ी गयी या आजादी के तत्काल बाद देश का महानिर्माण शुरू हुआ. आज देश को कांग्रेस की नीति व सिद्धांतों की सबसे ज्यादा आवश्यकता है, कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है, देश को एकजुट रखते हुए विकास के पथ पर अग्रसर करना है. आने वाला वर्ष 2024 पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है. देश में आमचुनाव होना है और झारखंड में भी चुनाव होना है. उपस्थित कांग्रेसजनों से हमारा आग्रह होगा कि हम अपने कार्यक्रमों के माध्यम से अपने नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं. इस अवसर पर केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, मदन मोहन शर्मा, विनय सिन्हा दीपू, सतीश पॉल मुंजनी, गीताश्री उरांव, आभा सिन्हा, रमा खलखो, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, राजीव रंजन प्रसाद, अभिलाष साहु, अमरेन्द्र सिंह जगदीश साहु, डॉ बिरसा उरांव, डॉ संजय सिंह, डॉ जयप्रकाश गुप्ता, हुसैन खान, खुर्शीद हसन रूमी, सुनील सिंह, अजय सिंह, राजीव प्रकाश चौधरी, निसार खान, विश्राम महतो, पूर्णिमा सिंह, अनिता टोप्पो, राखी प्रियदर्शनी सहित सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल थे.



**खास बातें**

- कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने फहराया पार्टी का झंडा
- सेवादल के प्रदेश महासचिव छोटू सिंह ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

### महागंठबंधन सरकार का चार साल बेमिसाल रहा : राकेश सिन्हा

**रांची।** महागठबंधन सरकार के चार साल बेमिसाल रहा. सरकार हर मोर्चे पर राज्य की खुशहाली और तरक्की का एक नया आयाम गढ़ा. उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कही. प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बाबूलाल द्वारा जारी श्वेत पत्र पर तंज करते हुए कहा कि पत्र में जितने पन्ने हैं, उससे कहीं अधिक महागठबंधन सरकार की विकासशील योजनाएं धरातल पर कार्य कर रही हैं. श्वेत पत्र के जरिये जनता को गुमराह न करें. बाबूलाल मरांडी का पत्र ईडी और आईटी से आगे नहीं निकल पाया. इससे यह साफ प्रतीत होता है कि भाजपा के पास सरकार की नाकामियां गिनाने को कुछ नहीं है.

**आओ जानें**

### झारखंड की धार्मिक मान्यताएं

- झारखंड, शेष भारत की तरह, विभिन्न धार्मिक प्रथाओं और मान्यताओं का एक मिश्रण है, जो सामंजस्यपूर्ण रूप से सह-अस्तित्व में है और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में महत्वपूर्ण योगदान देता है. झारखंड में प्रमुख धर्म हिंदू धर्म है, जिसके बाद इस्लाम, ईसाई धर्म, सिख धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म के अनुयायियों की एक बड़ी संख्या है.
- जो चीज़ झारखंड के धार्मिक परिदृश्य को वास्तव में अद्वितीय बनाती है, वह है कई आदिवासी समुदायों की उपस्थिति, जो स्वदेशी धार्मिक प्रथाओं का पालन करते हैं, जिन्हें सरना के रूप में जाना जाता है. सरना अनुयायी पेड़ों, पहाड़ियों, नदियों और अन्य प्राकृतिक तत्वों के प्रति गहरी श्रद्धा के साथ प्रकृति पूजा में विश्वास करते हैं.
- वे एक सर्वोच्च इकाई की पूजा करते हैं जिसे "धरती आबा" या "पृथ्वी के पिता" के नाम से जाना जाता है, और उनके अपने विशिष्ट अनुष्ठान, रीति-रिवाज और त्यौहार हैं, जैसे सरहुल, करम, सोहराई और भी बहुत कुछ.
- झारखंड में एक बड़ी मुस्लिम आबादी इस्लामी रीति-रिवाजों का पालन करती है और ईद, मुहर्रम और रमज़ान जैसे त्योहार मनाती है. इसी तरह, ईसाई समुदाय, विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में, विशेष चर्च सेवाओं और सामुदायिक दावतों के साथ क्रिसमस और ईस्टर मनाता है.

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मुफ्त स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी : आप

**संवाददाता। गिरिडीह**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि झारखंड में सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है. साथ ही सभी लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा भी मिलनी चाहिए, उन्होंने सलाह दी कि सरकार को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट बढ़ाना चाहिए. उन्होंने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य की श्रेणी में ले जाने के लिए शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करना जरूरी है. इसके लिए झारखंड सरकार ने एक्सीलेंस स्कूल का शुभारंभ किया है, यह अच्छी पहल है. इसको पंचायत और ग्राम स्तर तक ले जाने की जरूरत है. सीएम रोजगार सृजन योजना और सावित्री बाई फुले योजना की तारीफ की.

## 46 जायरीनों का जत्था रांची पहुंचा



**रांची ।** 46 जायरीन उमराह कर गुरूवार को जद्दा टू दिल्ली और दिल्ली से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे. ट्रेवल्स ग्रुप के मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि 46 लोगों का जत्था उमराह कर वापस आया. इसमें सभी जायरीन चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह व कोडरमा के हैं, जायरीनों ने कहा कि मक्का में 600 मीटर की दूरी पर और मदीना में 700 मीटर की दूरी पर उन्हें ठहराया गया था और सभी जायरीन को मक्का व मदीना की सभी जगह की जियारत कराये गये. मालूम हो कि 6 जनवरी को रांची से एयरपोर्ट से 90 जायरिनों का जत्था जायेगा, 8 जनवरी को दूसरा जत्था जायेगा. 65 हजार में दिल्ली टू दिल्ली और 72 हजार में रांची टू रांची है. 72 हजार में उमराह से लौट कर जायरीन काफी खुश थे. सबों ने मदीना टूर एंड ट्रेवल्स के सफर को सराहा.

## प्रजातांत्रिक मंच की कार्यशाला संपन्न

**रांची ।** प्रजातांत्रिक मंच के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला गुरुवार को मेन रोड स्थित अंजुमन मुसाफिरखाना में संपन्न हो गयी. कार्यशाला में भारत के संविधान के तहत प्राप्त अधिकारों के साथ झारखंड राज्य की विभिन्न समस्याओं व अल्पसंख्यक समुदाय के मामलों पर ग्रहण की चर्चा की गई. कार्यशाला में शामिल अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने कई अहम जानकारियां रखीं. समापन से पूर्व मंच का विधिवत गठन हाजी अब्दुल रहमान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष जैनुल अंसारी, केंद्रीय महासचिव सजीर अंसारी, कोषाध्यक्ष समीर अली, युवा संगठन अध्यक्ष अनवारुल हक, महिला संगठन अध्यक्ष फरहाना खातून नियुक्त किये गये. जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, समाज के पिछड़े लोगों की भलाई तथा राजनीतिक भागीदारी पर बेहतर कार्य किये जायेंगे.

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का राज्यव्यापी धरना 8 तक स्थगित

झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय से मिला प्रतिनिधिमंडल



**विशेष संवाददाता ।रांची**

पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का 18 सदस्यीय प्रतिनिधमंडल गुरुवार को झामुमो महासचिव एवं समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडेय से मिला. संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में मिले इन लोगों को पांडेय ने आश्वासत किया कि उनकी मांगों के प्रति सरकार गंभीर है. यह सरकार स्थानीय और मूलवासियों की सरकार है. पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का भी कल्याण इसी सरकार द्वारा किया जाएगा. यह सरकार राज्य के युवा एवं बेरोजगारों के प्रति अपना सकारात्मक नजरिया रखती है. हम किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देंगे.

इस आश्वासन के बाद संघ संतुष्ट नजर आया और घोषणा की कि 8 जनवरी तक अभी धरना का कार्यक्रम स्थगित रखा जाएगा. 8 जनवरी को संघ का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से मुलाकात करेगा. पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम जो 29 दिसंबर को प्रस्तावित था, को स्थगित कर दिया गया. इस मौके पर युगल किशोर प्रसाद, बाल गोविंद महतो, सुजाता शिंह, विभा रानी, प्रदीप कुमार,रामनिवास तिवारी, मिथुन यादव, रामदीप तिवारी, अनिल ठाकुर गौतम कुमार कुशवाहा, अब्दुल रशीद, दिलीप, रंजीत, मंटू कुमार, देवेंद्र, शशिकांत, अनिल मौजूद थे.

## ट्राइबल कॉलम की मांग को लेकर दिल्ली में 15 को धरना-प्रदर्शन

**रांची ।** आदिवासी संगठनों का राष्ट्रीय आदिवासी इंडीजीनस धर्म समन्वय समिति भारत के आह्वान पर 15 जनवरी को दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा. यह कार्यक्रम ट्राइबल कॉलम की मांग के समर्थन में किया जाएगा. यह जानकारी गुरुवार को नगड़ाटोली स्थिति सरना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता रामकुमार कुंजान ने दी. उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक हासा-भाषा धीरे धीरे समाप्त हो रही है. इसे बचाने के लिए देश के 22 राज्यों के आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे और जनगणना परिपत्र में ट्राइबल कॉलम के लिए केद्र सरकार से मांग करेगें. समिति के संयोजक अरविंद उरांव ने कहा कि आजादी से पहले आदिवासी समाज के लिए अलग ट्राइबल कॉलम था, जिसे एक षड्यंत्र के तहत आदिवासी समुदाय के जनगणना परिपत्र से ट्राइबल कॉलम को हटा दिया गया था. इसे देश में पुनः लागू कराने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा.

# निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही छात्र दे सकेंगे प्रैक्टिकल एग्जाम

**सीबीएसई अलर्ट :** बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर गाइडलाइंस जारी

**संवाददाता। रांची**

सीबीएसई ने वर्ष 2023-24 की आयोजित की जाने वाली बोर्ड परीक्षाओं के प्रैक्टिकल एग्जाम को लेकर गाइडलाइंस जारी किए हैं. परीक्षा में शामिल होने वाले लाखों स्टूडेंट्स को गाइडलाइंस के तहत ही परीक्षा देनी होगी. 27 दिसंबर को जारी सर्कुलर में स्टूडेंट्स, स्कूल और रीजनल ऑफिसेस को प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए कई अपडेट है. सीबीएसई अपडेट के अनुसार स्टूडेंट्स और पैरेंट्स स्कूल द्वारा जारी की गई लिस्ट में यह जरूर चेक कर लें कि उनके सब्जेक्ट का नाम लिस्ट में शामिल है. यह भी देखना है कि जिस सब्जेक्ट का प्रैक्टिकल है, उसके सिलेबस की जानकारी है.

सीबीएसई द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार ही प्रैक्टिकल एग्जाम में शामिल हो सकेंगे. इसके बाद कोई दूसरा अवसर सीबीएसई द्वारा नहीं दिया जाएगा. किसी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए स्कूल से संपर्क कर सकते हैं. सीबीएसई ने कहा है कि स्कूलों को सुनिश्चित करना होगा कि प्रैक्टिकल एग्जाम निर्धारित शेड्यूल से ही कंपलीट हो. साथ ही स्कूल तय करेगा कि प्रयोगशाला और एग्जामिनर की पहचान कर ली गई है. स्कूल सभी स्टूडेंट्स और पैरेंट्स को प्रैक्टिकल एग्जाम की डेटशीट भी उपलब्ध कराएगा. साथ ही प्रैक्टिकल एग्जाम के स्टूडेंट्स की लिस्ट सब्जेक्ट के साथ स्कूल पोर्टल पर जारी किया जाएगा. सीबीएसई ने बताया है कि परीक्षा को लेकर किसी भी परेशानी की स्थिति में रीजनल ऑफिस से संपर्क किया जा सकत है. सीनियर सेकेंड्री के प्रैक्टिकल एग्जाम सीबीएसई द्वारा नियुक्त एग्जामिनर द्वारा ही आयोजित किया जाएगा.

**खास बातें**

- जिस सब्जेक्ट का प्रैक्टिकल है, उसके सिलेबस की जानकारी होगी जरूरी
- किसी परेशानी की स्थिति में किया जा सकता है रीजनल ऑफिस से संपर्क

**पर्यटन** रमणीक पिकनिक स्थल पहाड़भांगा में अभी से ही उमड़ने लगी लोगों की भीड़

# नववर्ष पर प्रकृति की गोद में मनाई जाएगी पिकनिक

**संवाददाता। जमशेदपुर**

नव वर्ष के मौके पर लोग अपने-अपने तरीके से जश्न मानने की तैयारी में जुटे हुए है. युवा व बच्चों में इसे लेकर खासा उत्साह है. आतिशबाजी और डीजे की धुन के साथ नव वर्ष का स्वागत करेंगे. इधर जिले के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ अभी से ही उमड़ने लगी है. लोग अपने परिवार व दोस्तों के संग प्रकृति के हसीन वादियों के बीच बैठकर लुत्फ उठाने के लिए आतुर है.

इसी क्रम में पोटका प्रखंड स्थित पहाड़ भांगा लोगों की पसंद बना हुआ है. यहां अभी से ही सैलानी पहुंचने लगे हैं. यहां कुदरत अपनी नेमत बरसाती है. यह रमणीक स्थल अपनी ओर बरबस खींचता है. वैसे तो पहाड़भांगा किसी भी मौसम में घूमने जाया जा सकता है, लेकिन नए साल के मौके पर यहां पूर्वी-सिंहभूम से सटे दूसरे राज्यों के जिले के पर्यटक भी पिकनिक-सह-वनभोज का आनंद लेने पहुंचते हैं.



पिकनिक मनाने को पहुंचने लगे पर्यटक.

**खास बातें**

- डीजे की धुन पर करेंगे नये साल का स्वागत
- दूसरे राज्यों से भी पिकनिक मनाने को पहुंचते हैं पर्यटक

## शहर के शोर-शराबे से दूर प्रकृति के साथ समय बिताने पहुंचे हैं लोग

इस जगह को प्रकृति ने अनुपम सुंदरता से संवारा जो है. हरियाली तथा पहाड़ से घिरे पहाड़भांगा में कलरव करती नदी बरबस ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती है. नदी के पानी में बच्चों के साथ-साथ बड़े भी अठखेलियां करने से खुद को रोक नहीं पाते. पहाड़ के नीचे बहती नदी की निर्मल धारा में स्नान करना हो या गीत-संगीत के साथ वनभोज का मजा लेना हो. हजारों की संख्या में लोग इस मनोरम वादी में परिवार, सगे-संबंधी के साथ समय बिताने पहुंचते हैं. शंकरदा पंचायत अंतर्गत दामुडीह गांव के लोवाडीह टोला के निकट पहाड़ भांगा स्थित है. यहां पहुंचने के लिए जमशेदपुर शहर से सुंदरनगर होते हुए बानाडुंगरी, दामुडीह गांव होते हुए पहाड़भांगा पहुंचा जा सकता है. शहर के शोर-शराबे से दूर अगर प्रकृति की गोद में अपनों के संग समय बिताना चाहते हैं तो पहाड़भांगा से बेहतर मनोरम स्थल कोई और नहीं हो सकता. वैसे तो पूरा झारखंड ही प्राकृतिक छटा बिखेरता है लेकिन पहाड़भांगा में हरे-भरे पहाड़, झरनों से गिरता पानी और खुशगवार मौसम बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करते है.

**पेज 1 का शेष**

### प्यार से तो सिर भी...

**गांव के विकास से ही शहर और राज्य का विकास :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस राज्य की कुल आबादी 80 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र है. जब तक गांव और ग्रामीण मजबूत नहीं होंगे, तब तक न तो शहर का विकास होगा और न ही राज्य का. इसलिए हमारी सरकार गांव, ग्रामीण, मजदूर, गरीबों के लिए कई योजनाएं लेकर आई है. जिसका सीधा फायदा अब लोगों तक पहुंचाने में लगे हैं. खेत तक पानी पहुंचाने की दिशा में कोई काम नहीं हुआ. कई ऐसी बड़ी एवं छोटी सिंचाई योजनाएं जो हमारी उम्र से भी अधिक हो चुकी है, मगर वह पूरा नहीं हुई. इसलिए हम अब सिस्टम ही बदल रहे हैं. कैसे जल्द किसानों के खेतों तक पानी पहुंचे, इस दिशा में काम शुरू हो चुका है. दुमका के मसलिया और पलामू में ऐसी ही योजनाओं पर हमने काम शुरू किया. पूर्ववर्ती सरकार जो डबल इंजन की भी सरकार रही. मगर उद्घाटन के कुछ दिन बाद यहां तक की उद्घाटन के दिन ही ढह गए. हम ऐसा कोई काम नहीं करने जा रहे हैं. रांची जाम शहर के रूप में जाना जाने लगा. मगर रांची के लिए कोई काम पूर्व की सरकारों ने नहीं किया. अब रांची में फ्लाईओवर बनना शुरू हुआ है, ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके.

### मुझसे पहली सी मोहब्बत...

पिछली बार इस कुर्सी पर नीतीश के चौधरी थे. यदि तेजस्वी के लिए राजद की चाल आगे बढ़ी, तो कोई बड़ी अड़चन शायद ही आये. इसलिए नीतीश सतर्क हो गये हैं. इसी बीच उपेंद्र कुशवाहा और आरसीपी सिंह के पास भी हरकारे भेज दिये गये हैं. ये दोनों ललन सिंह के कारण ही किनारे लगाये गये थे. अब चूंकि ललन सिंह जा रहे हैं, इसलिए पुराने दोस्तों की वापसी की संभावना तलाशी जा रही है. इनकी शर्त यही है कि राजद से संबंध तोड़िए. लेकिन नीतीश के पास कोई विकल्प नहीं है. अगर भाजपा का दिल पसीजता तो अब तक नीतीश की केंचुल उतर चुकी होती. इसलिए नीतीश फंस गये हैं. फिर भी राजनीति में संभावनाएं खत्म नहीं होती हैं. देखना होगा कि नये साल में जद (यू) में क्या होता है और बिहार की राजनीति में जद (यू) का वर्चस्व कब तक कायम रहता है. अभी तो नीतीश दो राहे पर खड़े हैं. एक रास्ता कंटकाकीर्ण है तो दूसरे पर रास्ता बंद है का बोर्ड लगा हुआ है. भाजपा ने साफ कर दिया है कि मुझसे अब पहले सी मोहब्बत मेरे महबूब न मांग. आना है तो सरेंडर करो और हमारी शर्तें मानो तो रास्ता खुल जाएगा. नीतीश का लव-कुश समीकरण आरसीपी, उपेंद्र और सम्राट चौधरी के कारण दरक गया है. जीतनराम मांझी और चिराग पासवान दलितों-महादलितों को समेटने में लगे हैं. ऐसे में लालू प्रसाद के एमवाई समीकरण के खिलाफ नीतीश का अपना बनाया हुआ समीकरण भाजपा की ओर खिसक रहा है और लालू प्रसाद तेजस्वी को सीएम बनाने के लिए दबाव डाल रहे हैं. ऐसे में जद (यू) के सर्वेसर्वा नीतीश की पेशानी पर बल पड़ना स्वाभाविक है.




इंग्लिश प्रीमियर लीग

## ड्रामे से भरपूर मैच में चेल्सी ने क्रिस्टल पैलेस को हराया

**एजेंसी । लंदन**

चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग में खेले गए मुकाबले में जमकर ड्रामा देखने को मिला. वीडियो एसिस्टेंट रेफरी के एक फैसले की वजह से चेल्सी के फैंस गुस्सा गए थे, लेकिन उसके कुछ मिनट बाद ही मिले पेनल्टी पर गोल ने फैंस को चीयर करने का मौका दे दिया. नोनी मदुएके ने 89वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर चेल्सी को 2-1 से जीत दिलाई. इस जीत की बदौलत मॉरिशियो पोचेटिनो की चेल्सी के लिए 2023 के अंत में सकारात्मक नतीजे आए. इससे पहले मिखायलो मुद्रिक ने 13वें मिनट में गोल कर चेल्सी को 1-0 से आगे कर दिया था. इसके बाद क्रिस्टल पैलेस की ओर से माइकल ओलिसे ने 45 1वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. ऐसा लग रहा था कि यह मैच ड्रॉ होगा, लेकिन पेनल्टी ने चेल्सी को जीत दिला दी.

- रेफरी के फैसले से गुस्सा गए थे चेल्सी के फैंस
- **2-1 से जीती चेल्सी ने क्रिस्टल पैलेस को हराया**
- सकारात्मक तरीके से चेल्सी ने किया 2023 का अंत



## पिछड़ने के बाद मैनचेस्टर सिटी ने की शानदार वापसी, एवर्टन को हराया

क्लब वर्ल्ड कप जीतने वाले मैनचेस्टर सिटी की टीम को एवर्टन के खिलाफ को जीत दर्ज करने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा. मैनचेस्टर सिटी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एवर्टन को 3-1 से शिकस्त दी. पेप गार्डियोला की टीम को 29वें मिनट में झटका लगा, जब एवर्टन के जैक हैरिसन ने 29वें मिनट में गोल दागा. हाफ टाइम तक एवर्टन की टीम 1-0 से आगे चल रही थी. हालांकि, दूसरे हाफ में सिटी के बर्नार्डो सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन किया और सिटी को बढ़त हासिल करने में मदद की. दूसरे हाफ में सिटी के फिल फोडेन ने गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. इसके बाद 64वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी मिला और उस पर जूलियन अल्वारेज ने गोल दाग स्कोर 2-1 कर दिया. मैच के आखिरी कुछ मिनट में सिल्वा ने गोल दाग अपनी टीम को 3-1 से जीत दिलाई.

- 3-1 से जीती मैनचेस्टर सिटी की टीम
- पहले हाफ ने 1-0 से पीछे था मैनचेस्टर सिटी

### ब्रीफ खबरें

#### हैदराबाद में फॉर्मूला ई रेस को लेकर चिंता

**नयी दिल्ली ।** फॉर्मूला ई ने हैदराबाद में दस फरवरी को होने वाली रेस को लेकर ताजा चिंता जताते हुए कहा है कि तेलंगाना में नयी सरकार से मिली ताजा सूचना के बाद इसका आयोजन मुश्किल लग रहा है. देश में पहली इलेक्ट्रिक रेस इस साल फरवरी में हुई और तत्कालीन आई टी मंत्री केटी रामाराव की इसके आयोजन में अहम भूमिका रही. केटीआर की बीआरएस पार्टी हालांकि दिसंबर में चुनाव हार गई और अब वहां कांग्रेस की सरकार है. पहली रेस के आयोजन में परिचालन संबंधी दिक्कतों को देखते हुए फॉर्मूला ई ने हैदराबाद को अस्थायी कैलेंडर से हटा दिया है जबकि अक्टूबर में इसे शामिल किया गया था.

#### आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगा ओडिशा एफसी

**कुआलालंपुर ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम ओडिशा एफसी एएफसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगी जिसका नाम अभी तय नहीं है. एएफसी कप का ड्रॉ गुरुवार को डाला गया. ओडिशा एफसी एएफसी कप दक्षिण क्षेत्र का विजेता रहा. उसने इसी महीने ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में बांग्लादेश के बसुंधरा किंग्स को हराया. आसियान क्षेत्र का चैंपियन बनने की दौड़ में चार टीम हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया का सेंट्रल कोस्ट मरीनर्स एफसी, कंबोडिया का पुहनोम पेन क्राउन एफसी, ऑस्ट्रेलिया का मैकआर्थर एफसी और मलेशिया का सबाह एफसी शामिल है.

#### पूर्व भारतीय डिफेंडर प्रबीर का निधन

**नयी दिल्ली ।** पूर्व भारतीय डिफेंडर प्रबीर मजूमदार का गुरुवार 77 वर्ष की उम्र में संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया. उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है. मजूमदार उस भारतीय टीम के सदस्य थे जिसने 1974 एशियाई खेलों में हिस्सा लिया था. 1960 और 1970 के दशक के स्टाइलिश डिफेंडर मजूमदार ने घरेलू सर्किट में ईस्ट बंगाल और ईस्टर्न रेलवे का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने संतोष ट्रॉफी में भी बंगाल का प्रतिनिधित्व किया था. उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि प्रबीर दा अपने समय के सबसे भरोसेमंद और सम्मानित डिफेंडरों में से एक थे.

दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाज पस्त

## पारी व 32 रनों से हारा भारत

**भाषा । सेंचुरियन**

डीन एल्गर के बड़े शतक और मार्को यानसन के साथ उनकी शतकीय साझेदारी के बाद नांद्रे बर्गर की अगुआई में गेंदबाजों के तूफानी प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन गुरुवार को यहां भारत को पारी और 32 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई. पहली पारी में 163 रन से पिछड़ने के बाद भारत दूसरी पारी में बर्गर (33 रन पर चार विकेट), यानसन (36 रन पर तीन विकेट) और कागिसो रबादा (32 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सिर्फ 34.1 ओवर में 131 रन पर ढेर हो गया जिससे दक्षिण अफ्रीका में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने का उसका सपना भी टूट गया. भारत की ओर से विराट कोहली (82 गेंद में 76 रन, 12 चौके, एक छक्का) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए.

वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे. उनके अलावा शुभमन गिल (26) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए. दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज एल्गर (287 गेंद में 185 रन, 28 चौके) और करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले यानसन (147 गेंद में नाबाद 84, 11 चौके, एक छक्का) के बीच छठे विकेट की 111 रन की साझेदारी से पहली पारी में 408 रन बनाए.



### भारत ने पहली पारी में 245 रन बनाए थे

भारत के उपरी क्रम के बल्लेबाजों ने पहली पारी में निराश किया था, हालांकि राहुल की पारी के बदौलत भारत ने पहली पारी में 245 रन बनाए थे. पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों की गति, उछाल और मूवमेंट के सामने बेबस नजर आए. रबादा ने पारी के तीसरे ओवर में ही कप्तान रोहित शर्मा (00) को बोल्ड कर दिया. रोहित को गेंद के टप्पा खाकर अंदर आने की उम्मीद थी लेकिन यह बाहर की ओर मूव हो गई. यशस्वी जायसवाल (05) संभवत: इतने अधिक उछाल वाली पिच पर इससे पहले कभी नहीं खेले थे. वह बर्गर की उछाल लेती गेंद को खेलने से बचने की कोशिश में विकेटकीपर काइल वेरिने को कैच दे बैठे. गेंद उनके ग्लव्स को चूमती हुई विकेटकीपर के दस्तानों में पहुंची. गिल ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन यानसन की सीधी गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हो गए. कोहली अच्छी लय में नजर आए लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिला. श्रेयस अय्यर (06) चाय के बाद दूसरे ही ओवर में यानसन की गेंद को विकेटों पर खेल गए. कोहली ने गेराल्ड कोएट्जी की गेंद पर पारी का पहला छक्का जड़ा और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में दो चौके मारे. पहली पारी में शतक जड़ने वाले लोकेश राहुल भी चार रन बनाने के बाद बर्गर की गेंद पर दूसरी स्लिप में ऐडन मार्कराम को कैच दे बैठे. अगली गेंद पर रविचंद्रन अश्विन (00) ने गली में डेविड बेडिंगहम को कैच थमाया जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 96 रन हो गया.

#### इंदौर में टी-20 मैच के लिए 743 रुपये का टिकट सबसे सस्ता

**इंदौर ।** इंदौर में भारत और अफगानिस्तान के बीच आगामी 14 जनवरी को खेले जाने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के निचले ईस्ट स्टैंड के सबसे सस्ते टिकट के लिए दर्शकों को 743 रुपये खर्च करने होंगे, जबकि पहली मंजिल स्थित साउथ पवेलियन के सबसे महंगे टिकट के लिए 5,947 रुपये देने होंगे.मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने टिकट दरों की घोषणा के बाद गुरुवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि करीब 28,000 दर्शकों की क्षमता वाले स्थानीय होलकर स्टेडियम में अफगानिस्तान पहली बार कोई मैच खेलेगा. अधिकारी ने बताया कि भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शनिवार सुबह से शुरू होगी.

### आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- सचिन तेंदुलकर ने अपना 100वां शतक किसके खिलाफ लगाया था **- बांग्लादेश**
- एशियाई खेल का नामकरण किसने किया था **- जवाहरलाल नेहरू**
- सुल्तान अजलान शाह कप किस खेल से संबंधित है **- हॉकी**
- किस खेल को प्रारंभ करने के तरीके को गैम्बिट कहा जाता है **- शतरंज**
- वॉली, स्मैश, सर्विस शब्द किस खेल से संबंधित हैं **- लॉन टेनिस**
- कारा ब्लैक किस देश के प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी हैं **- जिम्बाब्वे**
- एग्रीकल्चर शॉट किस खेल से संबंधित है - क्रिकेट
- एस विजयलक्ष्मी किस खेल से संबंधित हैं - चेस
- कैरम के लिए पहली बार अर्जुन पुरस्कार किसे मिला **- एंथनी मारिया इरुपायम**

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

**भाषा । मुंबई**

**खास बातें**

- ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराया
- भारत टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वाधिक रन बनाया

ऑस्ट्रेलिया ने तीन बल्लेबाजों की अर्धशतकीय पारियों की मदद से गुरुवार को यहां तीन मैच की महिला एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मुकाबले में भारत को 21 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त दी. भारतीय टीम ने जेमिमा रोड्रिग्स के 82 रन और पूजा वस्त्राकर के नाबाद 62 रन की बदौलत आठ विकेट पर 282 रन का स्कोर खड़ा किया. यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खिलाफ भारत का सर्वोच्च वनडे स्कोर भी था. ऑस्ट्रेलिया ने फोबे लिचफील्ड (78 रन), एलिसे पैरी (75 रन) और तहलिया मैकग्रा (नाबाद 68 रन) के अर्धशतकों से यह लक्ष्य 46.3 ओवर में चार विकेट पर 285 रन बनाकर हासिल कर लिया. भारत का वनडे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर चार विकेट पर 281 रन था जो उसने 2017 में डर्बी में बनाया था. भारत की शीर्ष क्रम की कोई भी बल्लेबाज अपनी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं लेकिन जेमिमा ने गर्मी और उमस से जूझते हुए 2023 में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और इस साल चार वनडे में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका पहला पचासा भी है. दायें हाथ की इस बल्लेबाज ने 77 गेंद में सात चौकों की मदद से वनडे में अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी बनाया. जेमिमा ने वानखेड़े स्टेडियम में कई साझेदारी बनायी और पूजा के साथ आठवें विकेट के लिए 68 रन की भागीदारी अहम रही जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने तेजी से रन जुटाये.

## छह खेलों की मेजबानी करेगा झारखंड

**शुभम किशोर । रांची**

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल 2023 के तहत छह खेलों (फुटबॉल, खो खो, कबड्डी, वूशु, स्केटिंग और साइक्लिंग) की मेजबानी झारखंड को मिली है. जिसके आयोजन की तिथि एसजीएफआई ने जारी कर दी है. जारी कार्यक्रम के अनुसार, रांची के खेलगांव परिसर में 17 जनवरी से 19 फरवरी तक छह खेलों की अगुवाई झारखंड करेगा. सभी खेल के आयोजन मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खेलगांव में होना है. अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी से, वुशु और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 24 जनवरी से, खो खो प्रतियोगिता का आयोजन 31 जनवरी से, साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन 8 फरवरी से जबकि स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 15 फरवरी से होगा. शिक्षा विभाग ने प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है. सभी खेलों अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी है.

### जानें किस खेल का कब होगा आयोजन

- फुटबॉल अंडर-14 बालक व बालिका का आयोजन 17 से 21 जनवरी तक खेलगांव में किया जायेगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 11 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 16 जनवरी को करना है.
- वुशु अंडर-17,19 बालक व बालिका का आयोजन 24 से 28 जनवरी तक खेलगांव में किया जायेगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 18 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 23 जनवरी को करना है.
- कबड्डी अंडर-14 बालक वर्ग का आयोजन 24 से 28 जनवरी तक खेलगांव में किया जायेगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 18 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 23 जनवरी को करना है.
- खो-खो अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग का आयोजन 31 जनवरी से 4 फरवरी तक खेलगांव में किया जायेगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 25 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 30 जनवरी को करना है.
- साइक्लिंग अंडर 14,17,19 बालक व बालिका का आयोजन 8 से 12 फरवरी तक खेलगांव में किया जायेगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 2 फरवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 7 फरवरी को करना है.
- स्केटिंग अंडर 11,14,17,19 बालक व बालिका का आयोजन 15 से 19 फरवरी तक खेलगांव में किया जायेगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 9 फरवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 14 फरवरी को करना है.

**टेस्ट मैच : ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान**

## खराब शुरुआत से उबरी ऑस्ट्रेलिया की टीम

**भाषा । मेलबर्न**

**खास बातें**

- स्मिथ व मार्श ने की 153 रनों की साझेदारी
- ऑस्ट्रेलिया ने हासिल की 241 रनों की बढ़त

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी के पहले चार विकेट सिर्फ 16 रन पर गंवा दिये लेकिन स्टीव स्मिथ और मिचेल मार्श के बीच 153 रन की साझेदारी की मदद से मेजबान ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन 241 रन की अहम बढत बना ली. तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मार्श 96 और स्मिथ 50 रन बनाकर खेल रहे थे. ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट 187 रन पर गंवा दिये थे. इससे पहले कप्तान पैट कमिंस ने टेस्ट क्रिकेट में दसवीं बार पारी के पांच विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 54 रन की बढत दिलाई.

ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 318 रन के जवाब में पाकिस्तान ने पहली पारी में 264 रन बनाये थे. पाकिस्तानी गेंदबाजों ने पहली पारी में 52 रन अतिरिक्त दिये थे. स्पिनर नाथन लियोन ने 73 रन देकर चार विकेट चटकाये. पाकिस्तान ने हालांकि पारी के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए उस्मान ख्वाजा (0) और मार्नस लाबुशेन (पांच) के विकेट लिये. लंच के समय तक उसके पास 60 रन की बढत थी. पाकिस्तान के लिये दोनों विकेट तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने लिये और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने कैच लपका. इसके बाद मार्श और स्मिथ ने पारी को संभाला.



### तीसरे अंपायर के लिफ्ट में फंसने से खेल रुका

मैच के बीच लंच के बाद का खेल रोकना पड़ा क्योंकि तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) की लिफ्ट में फंस गए थे. लंच के बाद खिलाड़ी मैदान पर पहुंच गए थे लेकिन कई मिनटों तक खेल रुका रहा. मैदानी अंपायरों जोएल विल्सन और माइकल गॉ को बताया गया कि इलिंगवर्थ एमसीजी पर अपनी जगह पर नहीं पहुंचे हैं. प्रसारकों ने भी खाली सीटों की ओर कैमरे का रुख किया. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैच में देरी हो गई है क्योंकि तीसरे अंपायर लिफ्ट में फंस गए हैं. इलिंगवर्थ डाइनिंग क्षेत्र से अपनी सीट पर लौटते समय लिफ्ट में फंस गए. मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ठहाके लगाते दिखे तो इलिंगवर्थ की जगह लेने के लिये रिजर्व अंपायर फिलीप गिलेस्पी बॉक्स की तरफ भागे.

**उठे सवाल** डब्ल्यूएफआई के निलंबन पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि उचित प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ

## डब्ल्यूएफआई के निलंबन को अदालत में चुनौती देंगे : संजय सिंह

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि खेल मंत्रालय ने कुश्ती की राष्ट्रीय संस्था को निलंबित करते समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और वे सरकार के इस फैसले को अदालत में चुनौती देंगे. खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएफआई को चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था कि उसने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की घोषणा समेत कुछ फैसले करने में अपने ही संविधान का उल्लघंन किया था. संजय ने हालांकि कहा कि सरकार डब्ल्यूएफआई का पक्ष सुने बिना उनकी स्वायत्त और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गयी संस्था



को निलंबित नहीं कर सकती. संजय ने पीटीआई से कहा कि हमने लोकतांत्रिक तरीके से डब्ल्यूएफआई के चुनाव जीते. जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश निर्वाचन अधिकारी थे, इसमें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के भी पर्यवेक्षक थे. चुनावों में 22 राज्य इकाईयों (25 राज्य संघ में से तीन अनुपस्थित थे) ने हिस्सा लिया था, 47 वोट मिले थे जिसमें से मुझे 40 मिले थे. उन्होंने कहा कि इसके बावजूद अगर हमें निलंबित कर दिया जाता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे. लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गयी संस्था को अपना पक्ष रखने का मौका ही नहीं दिया गया जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है जबकि भारतीय संविधान के अंतर्गत हर कोई इसका हकदार होता है.

**खास बातें**

- डब्ल्यूएफआई को रविवार को खेल मंत्रालय ने किया था निलंबित
- डब्ल्यूएफआई के कामकाज के लिए तीन सदस्यीय टीम का हुआ था गठन


**आईओए द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति स्वीकार नहीं:** संजय सिंह ने कहा कि क्योंकि डब्ल्यूएफआई निलंबन का विरोध कर रहा है तो वह आईओए द्वारा गठित तीन सदस्यीय तदर्थ समिति को स्वीकार नहीं करते. बुधवार को आईओए ने डब्ल्यूएफआई का कामकाज देखने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी. डब्ल्यूएफआई के लिए अगला कदम क्या होता तो उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएफआई एक स्वायत्त संस्था है और सरकार ने उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया. हम सरकार से बात करेंगे और अगर सरकार निलंबन वापस नहीं लेती है, तो हम कानूनी राय लेंगे और अदालत का रूख करेंगे.

### संजय ने कहा, राजनीति कर रहे हैं बजरंग, विनेश व साक्षी मलिक

संजय ने साथ ही कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया से मिलने के लिए हरियाणा के अखाड़े में पहुंचने से स्पष्ट हो गया कि तिकड़ी (बजरंग, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक) राजनीति कर रही है. संजय ने कहा कि साफ है कि उन्हें (बजरंग, विनेश और साक्षी) कांग्रेस और वामपंथी दलों का समर्थन प्राप्त है. ये तीनों इन राजनीतिक दलों के हिसाब से चल रहे हैं, उन्होंने कहा कि प मुझे कोई चौथा पहलवान बतायें जो डब्ल्यूएफआई का विरोध कर रहा हो. ये तीनों नहीं चाहते कि जूनियर पहलवान आगे बढ़ें, ये जूनियर पहलवानों का अधिकार छीनना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि बजरंग हांगझोउ एशियाड में ट्रायल्स में हिस्सा लिये बिना गया था और वह 0-10 से हारकर वापस आया. ये कुश्ती नहीं कर रहे, ये राजनीति कर रहे हैं. अगर आप कुश्ती के बारे में चिंतित हो तो आगे आओ, रास्ता आपके लिये साफ है. लेकिन अगर आप राजनीति करना चाहते हो तो खुले में करो.

## आलोचनाओं से मानसिक रूप से परेशान हो गए थे राहुल

**भाषा । नई दिल्ली**



साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में केएल राहुल ने 137 गेंदों में 101 रन की पारी खेली. राहुल का शतक ऐसे समय में आया, जब भारत के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, कैप्टन रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए. राहुल ने शतकीय पारी के बाद स्टार स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में सोशल मीडिया पर किए जाने वाली आलोचनाओं पर कहा, ''जो लोग पहले मेरी आलोचना कर रहे थे, अब मेरी तारीफ कर रहे हैं. आपका प्रदर्शन ही सही मायने में आलोचकों के लिए जवाब है. मैं सोशल मीडिया से दूर रहने लगा, इससे आप जितना दूर रहेंगे आप खुश रहेंगे. राहुल ने कहा, आप लोगों को बदल नहीं सकते. लोगों को कहने की आजादी है, लेकिन कुछ चीजें काफी दुख देने वाली होती है. अगर कोई कहता है कि सोशल मीडिया पर की जाने वाली बातों से फर्क नहीं पड़ता है, वह झूठ बोलता है. मैं अब पीछे देखता हूं कि तो लगता है कि इसे अलग नजरिए से भी देख सकता था. मैं उस समय मानसिक रूप से उस तरह की आलोचना सहने की स्थिति में नहीं था. मैं उस समय ये सोचता था कि मैं क्या कर रहा हूं, मैं क्यों इन चोटों से गुजर रहा हूं और कई लोग मेरी आलोचना क्यों कर हैं. अब मुझे लगता है कि यह सफर का हिस्सा था.

## ब्रीफ खबरें

### नंदनकानन में दुबई से आएंगे चीते-शेर

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के नंदनकानन प्राणी उद्यान में अगले माह दुबई से चीते का एक जोड़ा, छह शेर, चिंपैंज़ी, लीमर अन्य जीव-जंतु और पक्षी लाए जाएंगे. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुशांत नंदा ने बताया कि इन जीव-जंतुओं को पशु विनिमय कार्यक्रम के माध्यम से लाया जाएगा. चिड़ियाघर के अधिकारियों ने इन जीव-जंतुओं और पक्षियों को लाने के लिए यूएई में दुबई सफारी पार्क के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.

### लश्कर का 'आतंकी सहयोगी' गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले से आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक 'आंतकी सहयोगी' को गिरफ्तार किया गया व उसके पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्रीरी इलाके में आतंकवादी गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने श्राकवारा क्रीरी में एक जांच चौकी स्थापित की. जांच के दौरान सुरक्षा बलों की नजर एक संदिग्ध व्यक्ति पर पड़ी थी.

### कोविड के 702 नए मामले, 6 की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 702 नए मामले सामने आए व उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ कर 4,097 हो गयी. स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुई है. महाराष्ट्र में दो जबकि कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में एक-एक मरीज की मौत हुई है.

### 'सलार' ने 500 करोड़ का आंकड़ा पार किया

**मुंबई।** प्रभास अभिनीत फिल्म 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है. फिल्म निर्माताओं ने गुरुवार को यह जानकारी दी. इस फिल्म का निर्माण 'होम्बले फिल्म्स' ने किया है और इसके निर्देशक प्रशांत नील हैं. इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन ने भी भूमिका निभाई है. यह फिल्म 22 दिसंबर को तेलुगू, कन्नड, तमिल, मलयालम और हिंदी भाषा में रिलीज हुई.

### प्रयागराज में छह वर्षीय बच्चे की हत्या

**प्रयागराज (उप्र)।** जिले के यमुनानगर में औद्योगिक थाना क्षेत्र के बड़ी हल्दी गांव में एक छह वर्षीय बच्चे की सिर पर वार करके हत्या कर दी गयी. थाना प्रभारी महेश मिश्र ने बताया कि बुधवार को छह वर्षीय तमीम के पिता कामरान ने थाने में अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी. उन्होंने बताया कि आज सुबह कामरान के घर के पीछे तमीम का शव पाया गया. मिश्र ने बताया कि संभवतः बच्चे के सिर पर किसी पत्थर से वार किया गया है.

### भाजपा के विधायक सुरजीत दत्ता का निधन

**अगरतला।** त्रिपुरा से भाजपा के विधायक सुरजीत दत्ता का लंबी बीमारी के बाद बुधवार रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया. वे 70 वर्ष के थे. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. दत्ता के परिवार में पत्नी और बेटी हैं. कई बीमारियों से पीड़ित रामनगर विधायक को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद मंगलवार को अगरतला के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था. फिर उन्हें बेहतर इलाज के लिए कोलकाता ले जाया गया था.

### बंदूक निर्माता गैस्टन ग्लॉक का निधन

**बर्लिन।** 'ग्लॉक बंदूक' के निर्माता गैस्टन ग्लॉक का बुधवार को निधन हो गया. वह 94 वर्ष के थे. 'ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी' ने बताया कि ग्लॉक कंपनी ने गैस्टन ग्लॉक के निधन की जानकारी दी है. गैस्टन ग्लॉक ने 1963 में वियना के पास 'ग्लॉक कंपनी' की स्थापना की थी. इस कंपनी का विस्तार दुनिया भर में हुआ . ग्लॉक बंदूकों का इस्तेमाल पुलिस और कुछ देशों के सैन्य बलों के साथ-साथ निजी उपयोगकर्ताओं द्वारा भी किया जाता है.

## कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस





## नयी दिल्ली में कांग्रेस के स्थापना दिवस पर जुटे पार्टी के दिग्गज

# 'कांग्रेस का उद्देश्य जनकल्याण, जनता की प्रगति'

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम किया है, जो संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित हो. कांग्रेस का 28 दिसंबर को 139वां स्थापना दिवस है. खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इंडियन नेशनल कांग्रेस का उद्देश्य जन कल्याण और भारत के लोगों की प्रगति है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विश्वास ऐसे भारत में है जो संसदीय लोकतंत्र पर आधारित हो, जहां समानता हो और भेदभाव के बिना सभी के लिए अवसर हों और जहां संविधान में दर्ज राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक अधिकारों का पालन हो.

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमें गर्व है कि पिछले 138 वर्ष से हम इस प्रकार के भारत के निर्माण के लिए पूरी ईमानदारी से संघर्ष करते आ रहे हैं. कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक भारतीय को दिल से शुभकामनाएं. कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर खड़गे ने यहां पार्टी मुख्यालय में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया. पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में पार्टी के कार्यकार्ताओं को बधाई दी और कहा कि कांग्रेस जैसे संगठन का हिस्सा होने पर वह गौरवान्वित हैं जिसका आधार सत्य और अहिंसा है और प्रेम, बंधुत्व, सम्मान तथा समानता जिसके स्तंभ हैं और देशभक्ति जिसकी छत है.

### खड़गे ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा की मौजूदगी में तिरंगा फहराया



गुरुवार को नयी दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में ध्वजारोहण के बाद अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य.

### सैम पित्रोदा को सताया ईवीएम का डर, कहा -

# भाजपा 400 सीटें भी जीत सकती है

### लोकसभा चुनाव पास आते ही उछला ईवीएम का मुद्दा

**नयी दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर फिर ईवीएम का मुद्दा उछाला जा रहा है. यह मुद्दा भी कोई क्षेत्रीय पार्टी नहीं, वरन कांग्रेस द्वारा उछाला जा रहा है. महीने का वक्त बाकी है और भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं. कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने गुरुवार को कहा कि यदि ईवीएम की गड़बड़ियों को दूर नहीं किया गया तो भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीत सकती है.

उन्होंने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि यह चुनाव भारत का भाग्य तय करने वाला है. बता दें कि चुनाव आयोग लगातार ऐसे आरोपों को खारिज करता रहा है. फिर भी विपक्ष के कुछ नेता अकसर ईवीएम पर सवाल उठाते रहे हैं. ईवीएम को लेकर चिंता जताते हुए पित्रोदा ने कहा कि पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज मदन बी लोकुर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनी थी. इस कमेटी की मुख्य सिफारिशों में से एक यह भी था कि वीवीपैट स्लिप मतदाताओं को मिले.

### पित्रोदा ने राम मंदिर और हिंदू राष्ट्र को लेकर भाजपा पर हल्ला बोला था

बता दें कि बुधवार को सैम पित्रोदा ने राम मंदिर और हिंदू राष्ट्र को लेकर भाजपा पर हल्ला बोला था. सैम पित्रोदा ने इंटरव्यू में कहा कि राम मंदिर को लेकर उन्होंने जो कहा था, उसे भी तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है. जबकि उनका कहना था कि धर्म निजी मामला है और उसे राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए. बता दें कि मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उन्हें दुख होता है कि पूरे देश में राम मंदिर को लेकर ही चर्चा हो रही है.

### ईवीएम का मसला आम चुनाव से पहले हल करने की जरूरत है



भाजपा के 400 सीटें जीतने के दावे पर सैम पित्रोदा ने कहा, 'यदि वे ऐसा सोचते हैं तो उन्हें शुभकामनाएं. यह तो देश को फैसला करना है. लेकिन ईवीएम का मसला आम चुनाव से पहले हल करने की जरूरत है. यदि ईवीएम को ठीक नहीं किया गया तो 400 वाली बात सही हो सकती है. यदि इस समस्या को दूर कर लिया गया तो फिर ऐसे दावे गलत साबित होंगे.

### पाकिस्तानी मीडिया का दावा

# भारत ने आतंकी हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग रखी!

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पाकिस्तान में इन दिनों हलचल मची हुई है. एक पाकिस्तानी मीडिया इस्लामाबाद पोस्ट द्वारा दावा किया गया है कि भारत ने पाकिस्तान से आतंकी हाफिज सईद को हिंदुस्तान के हवाले करने की मांग की है. पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार भारत सरकार ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से आतंकी को सौंपने की मांग की है. बता दें कि आतंकी हाफिज सईद मुंबई हमले का आरोपी है. इस्लामाबाद पोस्ट अपने राजनयिक सूत्रों के हवाले से कहा है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को भारत सरकार से आधिकारिक अनुरोध मिला है, जिसमें हाफिज सईद के प्रत्यर्पण के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया गया है. हाफिज मोहम्मद सईद को मुंबई में 26/11 आतंकी हमले का मास्टरमाइंड कहा जाता है. इस आतंकी हमले में छह अमेरिकियों



समेत 166 लोग मारे गये थे. अमेरिका ने हाफिज के संगठन लश्कर-ए-तैयबा को आतंकी घोषित कर रखा है. उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम रखा गया है.

हाफिज सईद सिर्फ कहने के लिए पाकिस्तान के जेल में 2019 से बंद है

बताया जाता है कि लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का संस्थापक हाफिज मोहम्मद सईद प्रतिबंधित जमात-उद-दावा के कुछ नेताओं के साथ 2019 से जेल में है .लेकिन हाफिज सईद सिर्फ कहने के लिए पाकिस्तान के जेल में 2019 से बंद है, लेकिन आज भी पाकिस्तान की राजनीति और आर्मी तक में उसकी चलती है.

### भारत-रूस संबंध 'तेजी से आगे बढ़ रहे' हैं : पुतिन

**मॉस्को ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि दुनिया में 'वर्तमान उथल-पुथल' के बावजूद रूस के भारत और उसके लोगों के साथ संबंध 'लगातार आगे' बढ़ रहे हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि भारत में अगले आम चुनाव के बाद भले 'कोई भी राजनीतिक समीकरण' बने लेकिन दोनों देश अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखेंगे. पुतिन ने यह टिप्पणी बुधवार को तब की जब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने क्रेमलिन में उनसे मुलाकात की. पुतिन ने कहा, एशिया में हमारे पारंपरिक दोस्तों, भारत वभारतीयों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं. यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई के बावजूद भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं. भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति व बातचीत से हल किया जाना चाहिए. हम पीएम मोदी के रुख को जानते हैं और हम यूक्रेन की स्थिति, उनकी चिंताओं व जटिल प्रक्रिया के संबंध के बारे में लगातार बातचीत की है.

### कश्मीर सहित उत्तर-पूर्व भारत में शीतलहर का कहर

# पारा शून्य से तीन डिग्री नीचे पहुंचा

**भाषा। श्रीनगर**

कश्मीर के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया है व पूरी घाटी में शीतलहर का कहर जारी है. कश्मीर वर्तमान में 'चिल्लई-कलां' की चपेट में है. यह 40 दिनों की भीषण सर्दी की अवधि है. इस दौरान क्षेत्र में शीत लहर चलती है और तापमान बेहद नीचे चला जाता है जिससे प्रख्यात डल झील सहित अन्य जल निकाय जम जाते हैं. घाटी के कई हिस्से इस स्थिति का सामना करते हैं. इस अवधि के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और ऊंचाई वाले इलाके में भारी बर्फबारी भी होती है. चिल्लाई-कलां 31 जनवरी को खत्म होगा. बुधवार रात श्रीनगर का तापमान शून्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो मंगलवार रात शून्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस नीचे था.

**दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री :** दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान औसत से एक डिग्री अधिक 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि घने कोहरे के कारण शहर के कई हिस्सों में दृश्यता कम रही. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी. दृश्यता कम होने से रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ और दिल्ली आने वाली 22 रेलगाड़ियां निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं. आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा, उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों तथा हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, दक्षिण पश्चिम राजस्थान तथा उत्तरी मध्य प्रदेश के दूर दराज के इलाकों में घने से बेहद घना कोहरा (0-25 मीटर) छाया रहा.



#### खास बातें

- कोहरे के कारण रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित
- कश्मीर वर्तमान में चिल्लई-कलां की चपेट में है



### भारतीय मूल के एक परिवार के छह लोगों की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में भीषण सड़क हादसे में दो बच्चों सहित भारतीय मूल के एक परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी (डीपीएस) ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार शाम को उस वक्त हुई जब जॉनसन काउंटी के पास एक वैन और एक ट्रक आमने-सामने से टकरा गये. अधिकारी ने बताया कि वैन में एक ही परिवार के सात लोग सवार थे और उनमें केवल लोकेश पोटाबाथुला (43) नामक व्यक्ति की जान बची, वह गंभीर रूप से घायल है. डीपीएस ने बुधवार को वैन चालक की पहचान इरविंग के रुशिल बैरी (28) के रूप में की. उन्होंने अन्य मृतकों की पहचान नवीना पोटाबाथुला (36), नागेश्वरराव पोन्नाड (64), सीतामहालक्ष्मी पोन्नाडा (60), कार्तिक पोटाबाथुला (10) और निशिधा पोटाबाथुला (9) के रूप में की. महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि बुजुर्ग व्यक्ति भारत से अपनी बेटी नवीना और पोते-पोती कार्तिक और निशिता से मिलने आये थे.

### न हन्यते | राजकीय सम्मान के साथ होगा विजयकांत का अंतिम संस्कार

# प्रसिद्ध नेता-अभिनेता विजयकांत का निधन

**एजेंसी। चेन्नई**

देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) के संस्थापक, नेता और लोकप्रिय तमिल अभिनेता विजयकांत का गुरुवार को चेन्नई के एक अस्पताल में निधन हो गया. 71 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया. विजयकांत को निमोनिया के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इसके बाद से वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे. लेकिन आज वो जिंदगी से जंग हार गये. तमिलनाडु सरकार ने विजयकांत का अंतिम संस्कार पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ करने की घोषणा की है. विजयकांत के पार्थिव शरीर को विरुगमबक्कम स्थित घर से कोयम्बेडु में डीएमडीके कार्यालय ले जाया जा रहा है.



### करुप्पु एमजीआर के नाम से पुकारते थे प्रशंसक

विजयकांत को उनकी उदारता के लिए उनके प्रशंसक 'करुप्पु एमजीआर' कहते थे. वह लंबे समय से अस्वस्थ थे और पिछले चार-पांच वर्षों से राजनीति से लगभग दूरी बनाये हुए थे. उनकी पत्नी प्रेमलता ने 14 दिसंबर को औपचारिक रूप पार्टी की कमान संभाली और यहां पार्टी की एक बैठक में उन्हें महासचिव घोषित किया गया. विजयकांत ने 2011 के विधानसभा चुनावों में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) के साथ गठबंधन किया और जयललिता के नेतृत्व वाले गठबंधन ने चुनाव जीता. उस वक्त डीएमडीके संस्थापक राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गये.

### तमिलनाडु की राजनीति में शून्य पैदा हो गया, जिसे भरना मुश्किल : पीएम



पीएम मोदी ने भी विजयकांत के निधन पर शोक व्यक्त किया है. पीएम ने ट्वीट कर कहा कि विजयकांत के निधन से तमिलनाडु की राजनीति में एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है, जिसे भरना मुश्किल होगा. उन्होंने लिखा कि विजयकांत जी के निधन से बेहद दुखी हूं. वह तमिल फिल्म जगत के एक किंवदंती रहे, जिन्होंने अपने करिश्माई प्रदर्शन ने लाखों लोगों के दिलों पर राज किया.

### दिल्ली की झांकी को शामिल न करना राजनीतिक कदम : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर एक राजनीतिक कदम के तहत दिल्ली सरकार की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल नहीं करने का आरोप लगाया. पार्टी ने दावा किया कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि स्वास्थ्य और शिक्षा मॉडल को प्रदर्शित करने की दिल्ली सरकार की योजना को विफल किया जा सके. पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार को उसकी झांकी शामिल नहीं करने का कोई कारण नहीं बताया गया. उन्होंने आरोप लगाया, यह निर्णय राजनीति से प्रेरित है. दिल्ली सरकार गणतंत्र दिवस परेड में अपने शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल का प्रदर्शन करना चाहती थी.

# भारत का लोकतंत्र केंद्रीय एजेंसियों से संचालित हो रहा : ममता बनर्जी

**एजेंसी। कोलकाता**

भारत अब एक ऐसा लोकतंत्र है, जो केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संचालित हो रहा है. पश्चिम बंगाल के देगंगा में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक में ममता बनर्जी ने गुरुवार को मोदी सरकार पर हमलावर होते हुए यह बात कही. कहा कि विपक्षी गुट इंडिया देशभर में भाजपा से मुकाबला करेगा. कहा कि पश्चिम बंगाल में लड़ाई का नेतृत्व तृणमूल कांग्रेस करेगी. इस क्रम में कहा कि भाजपा नागरिकता के मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रही है, राजनीतिक लाभ के लिए इसका इस्तेमाल कर रही है. इससे पहले उत्तर 24 परगना जिले के चकला में बाबा लोकनाथ मंदिर में ममता ने पूजा-अर्चना की. इस क्रम में ममता बनर्जी ने पार्टी विचारधाराओं से परे सभी धर्मों के सम्मान के महत्व पर जोर दिया. साथ ही चुनाव के दौरान धर्मों का राजनीतिकरण बंद करने का आग्रह किया.

#### खास बातें

- विपक्षी गुट इंडिया देशभर में भाजपा से मुकाबला करेगा
- भाजपा नागरिकता के मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रही है

**दुनिया का कोई भी धर्म हमें हिंसा का प्रचार करना नहीं सिखाता:** किसी का नाम लिये बिना तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए. दुनिया का कोई भी धर्म हमें हिंसा का प्रचार करना नहीं सिखाता.

## अयोध्या रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य पूरा, हवाई अड्डे जैसी सुविधाओं से लैस


# महर्षि वाल्मीकि के नाम पर होगा अयोध्या एयरपोर्ट




**भाषा । अयोध्या (उप्र)**

पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन 'हवाई अड्डे जैसी' सुविधाओं से लैस है, जबकि इसका सामने का हिस्सा पारंपरिक मंदिर वास्तुकला से प्रेरित है. पुरानी इमारत के बगल में बनी स्टेशन की नई इमारत का उद्घाटन 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. स्टेशन का नाम अयोध्या धाम और हवाई अड्डे का महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा जा रहा है. विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की यात्रा से पहले तैयारियों का जायजा लिया. कुछ साल पहले शुरू हुआ पुनर्विकास कार्य रेल मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम 'राइट्स' (रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस) लिमिटेड द्वारा किया गया है. राइट्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन यात्रियों को हवाई अड्डे पर मिलने वाली आधुनिक सेवाओं से लैस है. वहीं, दूसरी तरफ स्टेशन की नई इमारत का अग्रभाग पारंपरिक वास्तुकला और राम मंदिर की झलक बताता है. इमारत के अग्रभाग में बलुआ पत्थर की परत वाला एक स्तंभ है. इसके किनारे के छोर पर ऊंचे गोल खंभे हैं, जिनमें पारंपरिक रूप देने के लिए फिर से बलुआ पत्थर की परत लगाई गई है.



अशोक और कविता भानुशाली ने पेटेंट लेंस तकनीक के माध्यम से फूलों पर कलाकृति कर भगवान राम के प्रति दिखाई आस्था.



### स्टेशन की शीर्ष संरचना शाही मुकुट जैसी

अधिकारी ने कहा कि स्टेशन के शीर्ष पर एक संरचना है, जिसका डिजाइन शाही 'मुकुट' जैसा है, जबकि इसके ठीक नीचे एक दीवार पर धनुष का चित्रण किया गया है. यह भगवान राम के साथ अयोध्या के जुड़ाव को दर्शाता है. अधिकारी ने कहा कि इमारत के सामने एक टैक्सी-बे है और मध्य में एक बड़ा बरामदा बनाया गया है. पुनर्विकसित स्टेशन में शिशु देखभाल कक्ष, विश्राम कक्ष, 'फूड प्लाजा' की सुविधाएं हैं और भविष्य में कुछ दुकानें भी खुलेंगी. स्टेशन में विशाल प्रतीक्षालय, सामान घर, शौचालय, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी सुविधाएं भी हैं. इसमें एक पर्यटक सूचना खिड़की भी होगी. नये स्टेशन के उद्घाटन से पहले, कर्मचारी इसके मुख्य केंद्रीय हॉल को सजाने में व्यस्त दिखे, जिसके फर्श पर पत्थर की जड़ाई का काम किया गया है और इसकी ऊंची छत के कुछ हिस्सों पर ''पॉलीकार्बोनेट शीट'' लगी है, जो इसे नीले रंग में रंग देती है.

- स्टेशन में शिशु देखभाल कक्ष और विश्राम कक्ष की भी सुविधाएं होंगी
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल करेंगे स्टेशन व हवाई अड्डे का उद्घाटन

### खराब मौसम के कारण योगी आदित्यनाथ का अयोध्या दौरा रद्द

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 दिसंबर को अयोध्या दौरे से पहले तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गुरुवार को अयोध्या दौरा खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया. इससे पहले, अधिकारियों ने बताया था कि आदित्यनाथ का यहां पहुंचने के बाद पहले हनुमानगढ़ी मंदिर जाने का कार्यक्रम था. इसके बाद उन्हें राम लला के दर्शन के लिए जाना था और फिर राम मंदिर के निर्माण कार्य का निरीक्षण करना था. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आज अयोध्या आना था लेकिन कोहरे की वजह से दृश्यता कम होने के कारण वह नहीं आ सके. प्रधानमंत्री मोदी पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के लिए 30 दिसंबर को यहां का दौरा करेंगे. अधिकारियों के मुताबिक वह एक रैली को भी संबोधित कर सकते हैं.

### अयोध्या में लगाए गए विशाल पोस्टर



उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर और नए हवाई अड्डे की छवियों वाले विशाल पोस्टर लगाए गए हैं, जिन पर अयोध्या को ''मर्यादा, धर्म और संस्कृति'' का शहर बताने संबंधी संदेश लिखे गए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को नए हवाई अड्डे और पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने वाले हैं. उनका हवाई अड्डे से स्टेशन तक एक रोड शो करने का भी कार्यक्रम है. अयोध्या में राम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा, जिसमें प्रधानमंत्री शिरकत करेंगे. स्टेशन की नई इमारत के सामने और स्टेशन रोड के किनारे बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए है. स्टेशन के नए भवन के बरामदे के पास लगे पोस्टर में निर्माणाधीन राम मंदिर की छवि और इस पर अयोध्या में गणमान्य व्यक्तियों और अन्य लोगों के स्वागत का संदेश लिखा हुआ है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हवाले से लिखे गए संदेश में कहा गया है कि मर्यादा, धर्म और संस्कृति की नगरी अवधपुरी में आने वाले सभी संतों, गणमान्य व्यक्तियों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों और नागरिकों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन. अंधेरा होने के बाद जब रेलवे स्टेशन की पुरानी और नई इमारतों को गुलाबी रंग की रोशनी से सजाया गया.

### कल पीएम का दौरा, अयोध्या के लिए 11,100 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या का दौरा करेंगे और इस दौरान वहां के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे, नई अमृत भारत व वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और नवनिर्मित अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या का दौरा करेंगे वह पूर्वाह्न करीब 11.15 बजे पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे, नई अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे. वह कई अन्य रेल परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे. दोपहर करीब सवा बारह बजे प्रधानमंत्री नवनिर्मित अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे. इसके बाद प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जहां वह राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे.इनमें अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 11,100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं और पूरे उत्तर प्रदेश में अन्य परियोजनाओं से संबंधित लगभग 4600 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं. पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण है कि अयोध्या में आधुनिक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास हो, संपर्क में सुधार हो और शहर के समृद्ध इतिहास और विरासत के अनुरूप यहां नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो. इसी को ध्यान में रखते हुए शहर में एक नया हवाई अड्डा, पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन, नई सड़कें और अन्य नागरिक बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया जा रहा है. पीएमओ ने कहा कि इसके अलावा कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी जो अयोध्या और उसके आसपास नागरिक सुविधाओं के सौंदर्यीकरण और सुधार में योगदान देंगी.

### मंदिर के फर्श पर बिछेगी भटोही की कालीन

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में भदोही की हाथ से बुनी कालीन फर्श पर और दीवारों पर राम ,सीता ,हनुमान जी की आशीर्वाद की मुद्रा में बनी 'वाल हैंगिंग' लगाईं जाएगी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शासन से अनुमति मिलने के बाद डिजाइन और आकार को लेकर काम शुरू कर दिया गया है. जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गुरुवार को बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में भदोही के कारीगरों द्वारा हाथ से बनाये गये कालीन लगाने को लेकर उन्होंने एक हफ्ता पहले शासन को प्रस्ताव भेजा था जिसे अनुमति मिल गई है. इससे पहले 'सेंट्रल विस्टा' और भारत मंडपम में भी भदोही की कालीनों का इस्तेमाल किया जा चुका है. उन्होंने बताया कि राम मंदिर के मंडपम और विथिका में कालीन और मंदिर परिसर में दीवारों पर छह गुणा आठ फीट की आठ किलोग्राम वजन की 'वाल हैंगिंग' लगायी जाएगी.

## क्या धांधली कर रहे हैं ट्रेनों में कार्यरत डाक कर्मी?

- आरटीआई कार्यकर्ता ने चीफ पोस्ट मास्टर जनरल से मांगी जानकारी
- ट्रेन की डाक बोगी में अनधिकृत तरीके से सफर करते है यात्री



आरटीआई कार्यकर्ता कमलेश कुमार

**संवाददाता । जमशेदपुर**

आरटीआई एवं समाजिक कार्यकर्ता कमलेश कुमार सिंह का मानना है कि ट्रेन की डाक बोगी में अनधिकृत तरीके से यात्रियों को सफर करवाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि साउथ बिहार एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों की बोगी में कार्यरत डाक कर्मी ट्रेन की डाक बोगी में याकत्रियों को सफर करवाते हैं. उन्होंने पटना चीफ पोस्ट मास्टर जनरल से आरटीआई के तहत इससे संबंधित जानकारी मांगी है. साथ ही साउथ बिहार एक्सप्रेस में डाक लेकर आने वाले, जाने वाले कर्मचारियों का नाम, पदनाम, वेतनमान एवं पदस्थापन की तिथि, कितने दिनों से इस ट्रेन में नियमित कार्यरत है उसकी तिथि का विवरणी उपलब्ध कराने को कहा है. ट्रेन में डाक कर्मचारियों के रूप में डाक बोगी में कार्यरत लोकसेवक का क्या-क्या कार्य है तथा उनके द्वारा कितने बाहरी व्यक्तियों को डाक बोगी में ले जाने, ले आने की छूट प्राप्त है. उसकी सरकारी आदेश की छाया प्रति उपलब्ध कराने, ट्रेन के डाक बोगियों में सूत्र अनुसार बाहरी पैसेंजर को भी बैठाकर लाने ले जाने की बात सत्य है या असत्य इसकी सूचना देने की मांग की है. साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन के डाक बोगियों में पदस्थापित लोकसेवकों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन का क्या नियम है. उक्त नियमावली की प्रति उपलब्ध करने व सुसंगत कागजात उपलब्ध करने को कहा है. इस संबंध में कमलेश कुमार ने कहा है कि ट्रेन के डाक बोगियों में कार्यरत डाक कर्मियों का नियमानुसार स्थानांतरण एवं पदस्थापन हो सके इसलिए उक्त जानकारी विभाग से मांगी गई है.

## झारखंड में नए साल पर बारिश के भी आसार

**शुभम किशोर। रांची**

झारखंड में आने वाले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन नए साल का आगाज बारिश के साथ होने की संभावना है. मौसम विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी से राज्य के उत्तर-पश्चिमी भागों (लातेहार, चतरा, पलामु, गढ़वा) में हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. वहीं 2 और 3 जनवरी को राज्य के कुछ-कुछ इलाकों में हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. इस दौरान बादल छाए रहेंगे और गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिक सह निदेशक मौसम केंद्र रांची अभिषेक आनंद ने बताया कि पांच जनवरी से बादल छंटने व मौसम साफ होने पर न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है. इस दौरान अधिकतम तापमान व न्यूनतम तापमान दोनों में गिरावट दर्ज की जा सकती है. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.2 डिग्री से. जमशेदपुर में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री से. गढ़वा में दर्ज किया गया. राज्य में अगले 5 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है.

**जानें प्रमुख शहरों का तापमान (डिग्री सेल्सियस में)**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 12.0 |
| जमशेदपुर | 27.2 | 14.6 |
| मेदिनीनगर | 26.6 | 10.8 |
| बोकारो थर्मल | 24.1 | 12.1 |
| चाईबासा | 23.0 | 14.0 |
| देवघर | 25.6 | 13.3 |
| गिरिडीह | 25.0 | 13.1 |
| गढ़वा | 24.8 | 9.8 |
| रामगढ़ | 24.1 | 11.4 |
| गोड्डा | 26.7 | 13.2 |

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# हॉर्टिकल्चर की पढ़ाई कर युवा बना सकते हैं अपना कॅरियर

**एजुकेशन रिपोर्टर । रजनीश प्रसाद ।** एग्रीकल्चर साइंस के क्षेत्र में बीएससी हॉर्टिकल्चर एक उन्नत डिग्री प्रोग्राम है, जिसमें पौधों की खेती और बीजों के अध्ययन से संबंधित विषय शामिल हैं. इसकी अवधि 3–4 साल की होती है. इस कोर्स में पौधों के रोग, वृद्धि और आनुवंशिकी का अध्ययन किया जाता है. इस कोर्स में उन तरीकों को शामिल किया गया है, जो पौधों की वृद्धि को बढ़ाने और गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाए बिना उपज बढ़ाने में मदद करते हैं.

### विदेशी विश्वविद्यालय

- यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड
- कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- येल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले
- यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो
- यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन
- करनेगी मेलों यूनिवर्सिटी
- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- लंदन मेट्रोपोलियन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ डर्बी
- यूनिवर्सिटी ऑफ केंट
- बाथ स्पा यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन
- यूनिवर्सिटी ऑफ डंडी

### बीएससी हॉर्टिकल्चर के लिए भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- इलाहाबाद विश्वविद्यालय
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- अन्ना विश्वविद्यालय
- लखनऊ विश्वविद्यालय
- मुंबई विश्वविद्यालय
- पुणे विश्वविद्यालय
- लोयोला कॉलेज चेन्नई
- मिरांडा हाउस (दिल्ली विश्वविद्यालय)
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज
- हिंदू कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)
- श्री वेंकटेश्वर कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)
- रामजस कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)
- गार्गी कंपनी



### भारतीय विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

1 सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.

2 यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.

3 फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.

4 अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.

5 इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.

6 यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

### जानिए, प्रवेश परीक्षा के बारे में

- कैंडिडेट्स को 1 मिनट से भी कम समय में एक प्रश्न हल करना होगा. इसलिए, उन्हें प्रश्नों को तेजी से हल करने का अभ्यास करना चाहिए.
- उन्हें अधिक से अधिक कठिन प्रश्नों को हल करने का अभ्यास करना चाहिए. इन परीक्षाओं में पूछे जाने वाले ज्यादातर प्रश्नों में कठिन सॉल्यूशन शामिल होते हैं.
- उन्हें बेसिक कृषि पद्धतियों का भी पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए जिससे उन्हें कृषि संबंधी प्रश्नों को हल करने में मदद मिलेगी.
- उन्हें तेज और सटीक गणना की कला में महारत हासिल करनी चाहिए.
- पिछले 10 वर्षों के प्रश्न पत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करें, और समयबद्ध तरीके से उनका अभ्यास करें.
- सुनिश्चित करें कि आप 10 2 सिलेबस के प्रत्येक चैप्टर को कवर करते हैं, ताकि आप अधिक से अधिक प्रश्नों का प्रयास कर सकें.

### कॅरियर स्कोप

**गार्डनर :** बागवान की गुणवत्ता, उत्पादकता बढ़ाने या स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए विभिन्न पौधों, फलों, सब्जियों, सजावटी पौधों, गैर-खाद्य फसलों, औषधीय पौधों से निपटते हैं.



ह ॉर्टि क ल्च रिस्ट एक शोध केंद्र, अंगूर के बागों, फलों के बागों, खेत आदि में काम कर सकते हैं. एक बागवान का वेतन लगभग 2.5 से 7.0 लाख रुपये प्रति वर्ष है.

**प्लांटेशन मैनेजर :** प्लांटेशन मैनेजर खेत में या अनुसंधान संस्थानों में आवश्यक सामग्री का आयोजन करते हैं, वह पर्यवेक्षण और योजना के लिए जिम्मेदार होते हैं. वे मुख्य रूप से कम लागत को बनाए रखते हुए उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं. बागान प्रबंधकों का वेतन लगभग 7 से 10 लाख रुपये प्रति वर्ष है.

**मृदा वैज्ञानिक :** मृदा वैज्ञानिक विभिन्न प्रकार की मिट्टी का अध्ययन करते हैं. वह मिट्टी की जांच करते हैं और गुणवत्ता में सुधार करते हैं. वे पर्यावरण क्षरण को कम करने के तरीके पर भी शोध करते हैं. वे लाभकारी पौधों का उत्पादन करते हुए बागवानों के निकट संपर्क में काम करते हैं. भारत में एक मृदा वैज्ञानिक का वेतन लगभग 4.5 से 6 लाख रुपये प्रति वर्ष है.

**पादप आनुवंशिकीविद् :** पादप आनुवंशिकीविद् प्रजनन और बेहतर जीन प्राप्त करके पौधों की विशेषताओं में सुधार के लिए अनुसंधान करते हैं.

**पोमोलॉजिस्ट:** पोमोलॉजिस्ट फलों और नट्स के विकास और प्रजनन को सुनिश्चित करने, उनकी गुणवत्ता और मात्रा बढ़ाने, पौधों को उचित संवर्धन और पोषक तत्वों के साथ बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है. भारत में एक पोमोलॉजिस्ट का वेतन लगभग 4 से 6 लाख रुपये प्रति वर्ष है.

### जॉब अलर्ट : 1

**गुरुग्राम डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने प्रोसेस सर्वर, चपरासी (पियोन) के पदों पर भर्ती निकाली है. इच्छुक उम्मीदवार इसमें आवेदन कर सकते हैं.**

- **संगठन** – गुरुग्राम डिस्ट्रिक्ट कोर्ट
- **पद नाम** – प्रोसेस सर्वर, पियोन
- **पद संख्या** – 41
- **वेतन सैलरी** – 53,600
- **नौकरी का स्थान** – हरियाणा (गुरुग्राम)
- **आवेदन मोड** – ऑनलाइन
- **ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि** – 15 जनवरी 2023
- **ऑफिसियल साईट** – https://gurugram.dcourts.gov.in/
- प्रोसेस सर्वर/ पियोन रिक्त पदों का विवरण
- **प्रोसेस सर्वर** – 06
- **पियोन** – 35
- **शैक्षणिक योग्यता** – प्रोसेस सर्वर – मान्यता प्राप्त संस्था से मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण हो तथा हिंदी व पंजाबी का नॉलेज होना अनिवार्य
- **पियोन** – उम्मीदवार मान्यता प्राप्त संस्था से उच्च प्राथमिक स्कूल परीक्षा (8वीं) पास हो तथा हिंदी व पंजाबी सामान्य ज्ञान होना अनिवार्य हैं.
- **आयु सीमा** – न्यूनतम वर्ष : 18 वर्ष
- अधिकतम वर्ष : 42 वर्ष
- आयु गणना 1 जनवरी 2023 के अनुसार की जायेगी.

### जॉब अलर्ट : 2

**यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पदों पर रिक्तियां निकली हैं. उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड ने ये रिक्तियां निकाली है.**

- **संगठन का नाम** – उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड
- **पद नाम** – सब इंस्पेक्टर
- **पद संख्या** – 91
- **वेतन** – 34,800
- **योग्यता** – डिग्री
- **नौकरी का स्थान** – उत्तर प्रदेश पुलिस
- **आवेदन मोड** – ऑनलाइन
- **ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि** – 09 जनवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://uppbpb.gov.in/
- **शैक्षणिक योग्यता** – यूपी पुलिस एसआई भर्ती 2023 के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा प्राप्त उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो.
- **आयु सीमा** – उम्मीदवार का 01 जुलाई 2023 को 21 वर्ष का होना अनिवार्य है और 27 वर्ष तक के उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं (पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार न्यूनतम आयु सीमा में 2 वर्ष की छुट प्रदान की जायेगी) अथार्त अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 02.07.1996 से पूर्व और 01.07.2004 के बाद न हुआ हो.

### जॉब अलर्ट : 3

**इंडियन नेवी ने चार्जमैन, ड्राफ्ट्समैन, ट्रेड्समैन पदों पर भर्ती के लिए इंडियन नेवी सिविलियन एंट्रेंस टेस्ट /2023 का नोटिफिकेशन जारी किया हैं**

- **विभाग का नाम** – इंडियन नेवी
- **पद नाम** – चार्जमैन, ड्राफ्ट्समैन, ट्रेड्समैन
- **पद संख्या** – 910
- **योग्यता** – 10वीं
- **नौकरी का स्थान** – संपूर्ण भारत
- **आवेदन मोड** – ऑनलाइन
- **ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि** – 31 दिसंबर 2023
- **ऑफिसियल साईट** – https://www.joinindiannavy.gov.in/
- **शैक्षणिक योग्यता** –
- **चार्जमैन** – मान्यता प्राप्त संस्था से फिजिक्स/ केमिस्ट्री/ मैथमेटिक्स (गणित) से बीएससी तथा केमिकल/ इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिकस/ मैकेनिकल/ कंप्यूटर इंजीनियरिंग में डिप्लोमा.
- ड्राफ्ट्समैन/ ट्रेड्समैन – मान्यता प्राप्त संस्था से 10वीं पास व संबेधित ट्रेड में डिप्लोमा.
- **आयु सीमा** –
- **चार्जमैन** – न्यूनतम आयु 18 वर्ष अधितम आयु 25 वर्ष
- **ड्राफ्टसमैन/ ट्रेड्समैन** – न्यूनतम आयु 18 वर्ष अधिकतम आयु 27 वर्ष

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)